# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

मंगलवार, 14 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 14, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 1,048 अंकों की गिरावट

शेयर बाजारों में बिकवाली से सेंसेक्स 1,048 अंक का गोता लगाकर 77,000 अंक के नीचे आ गया, जबकि निफ्टी में 345 अंक की गिरावट आई। } 14

## महाकुंभ 2025 का दिव्य आयोजन एक चमत्कार

महाकुंभ-2025 के पवित्र जल में डुबकी लगाने वाले लाखों तीर्थयात्रियों में विदेश से आए श्रद्धालु भी शामिल थे, जिन्होंने इस दिव्य आयोजन के चमत्कार का अनुभव किया। } 16



# महाकुंभ में 1.65 करोड़ ने लगायी आस्था की डुबकी

## पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ कल्पवास की हुई शुरुआत, अमृत स्नान आज

विशेष संवाददाता

महाकुंभ नगर। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ महाकुंभ मेला सोमवार से प्रारंभ हो गया। मेल प्रशासन के मुताबिक, सोमवार को शाम छह बजे तक 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान, श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी श्रद्धालुओं, संत महात्माओं, कल्पवासियों और आगंतुकों का स्वागत करते हुए महाकुंभ के प्रथम स्नान की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महाकुंभ को भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक बताया। प्रयागराज महाकुंभ में सोमवार को पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व के सकुशल समापन के बाद ...शेष पृष्ठ 14 पर



महाकुम्भ के पहले दिन गंगा घाट पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## विभिन्न संस्कृतियों और अनेकता में एकता को दर्शाता है महाकुम्भ : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को महाकुम्भ की शुरुआत पर अपनी शुभकामनाएं दीं, जिसे उन्होंने संस्कृतियों का संगम और अनेकता में एकता का संदेश बताया। पौष पूर्णिमा स्नान के साथ महाकुम्भ मेला सोमवार से प्रारंभ हो गया। मेला अधिकारी के मुताबिक, सुबह आठ बजे तक 40 लाख से अधिक लोगों ने संगम और गंगा में आस्था की डुबकी लगाई।

आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, पौष पूर्णिमा की बधाई। विश्व के विशालतम आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ का आज से तीर्थराज प्रयागराज में आरंभ हो रहा है। अनेकता में एकता की अनुभूति के लिए, आस्था एवं आधुनिकता के संगम में साधना एवं पवित्र स्नान के लिए पधारे सभी पूज्य सन्तों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत है। मां गंगा आप सभी की मनोकामना पूर्ण करें। उन्होंने कहा, महाकुम्भ प्रयागराज के आरंभ एवं प्रथम स्नान की मंगलमय शुभकामनाएं। सनातन गर्व-महाकुम्भ पर्व। एक अन्य पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा, जहां संस्कृतियों का संगम भी है, श्रद्धा और समरसता का समागम भी है। अनेकता में एकता का संदेश देता महाकुम्भ-2025, प्रयागराज मानवता के कल्याण के साथ ही सनातन से साक्षात्कार करा रहा है। पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के ...शेष पृष्ठ 14 पर




## संक्षेप

### खीरी : ट्रक पलटने से तीन बच्चों की मौत

धौरहरा खीरी। धौरहरा तहसील के अंतर्गत सिसैया ढखेरवा हाइवे के किनारे ग्राम टेगनहा में गन्ना भरे ओवरलोड ट्रक के पलटने से तीन बच्चों की मौत हो गई व एक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोविंद शुगर चीनी मिल ऐरा के देवी पुरवा सेटंर से ओवरलोड गन्ना भरकर चीनी मिल जा रहा था कि 4:30 बजे ट्रक टेगनहा में सडक किनारे रखे खोखे पर पलट गया। ओवरलोड ट्रक पलटने के कारण सड़क किनारे खेल रहे बच्चे गन्ने व ट्रक के नीचे दब गए। जिस पर ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को देने के साथ रेस्क्यू चालू कर दिया।

(विस्तृत खबर भीतर)

## उत्तराखंड प्रवासी सम्मेलन में शामिल हुए 26 देश

### 2027 तक कृषि उत्पादन दोगुना करने के लक्ष्य के साथ कर रहे हैं कार्य : गणेश जोशी

विशेष संवाददाता

देहरादून। देहरादून में आयोजित प्रथम अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन के सफल आयोजन में प्रवासियों ने उत्तराखंड की धामी सरकार के प्रयासों की जमकर सराहना की। इस सम्मेलन में 26 देशों के पांच दर्जन से अधिक प्रवासियों ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन में प्रवासियों से अपने गांव को गोद लेने वाली अपील का खासा असर दिखा।

प्रवासियों गिरीश पंत, अनीता शर्मा, देव रतूड़ी, विनोद जेठुड़ी, एके काला और शैलेश उप्रेती ने अपने पैतृक गांव गोद लेने की घोषणा भी की। अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंड सम्मेलन के समापन सत्र को कृषि व ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड आंदोलन के दौरान एक नारा खूब लगता था- कोदा, झिंगोरा खाएंगे, उत्तराखंड बनाएंगे। अब बदली हुई स्थिति में नारा बदल गया है। नया नारा है- कोदा झिंगोरा उगाएंगे, उत्तराखंड को आगे बढ़ायेंगे। उन्होंने कहा कि जहां तक जैविक खेती का सवाल है, आज करीब 40 फीसदी तक हमारी खेती जैविक है। इस साल हम इसे 50 फीसदी तक ले जाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। पिछले चार वर्षों से हमें जैविक खेती में प्रथम पुरस्कार मिल रहा है। प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने मिलेट्स को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि मिलेट्स के लिए उत्तराखंड में बेहद उपयोगी ...शेष पृष्ठ 14 पर




## दो पहिया वाहन पर बैठने वाले को भी लगाना होगा हेलमेट

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बाइक चालकों को नियम कानूनों से खिलवाड़ महंगा पड़ने वाला है। बाइक पर बैठने वाले सवारियों को हेलमेट पहनना जरूरी होगा। लखनऊ में 26 जनवरी से बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिलेगा के बाद दो पहिया वाहन पर बैठने वाले को भी हेलमेट लगाना अनिवार्य होगा। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की परिवहन विभाग की पहल के मद्देनजर लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने जिले में 'हेलमेट नहीं, ईंधन नहीं' नीति को सख्ती से लागू करने का सोमवार को निर्देश दिया। गंगवार ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा-129 और उत्तर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पीएम मोदी ने जेड-मोड़ सुरंग का किया उद्घाटन

### 6.4 किलोमीटर लंबी है कश्मीर को सोनमर्ग से जोड़ने वाली टनल



एजेंसी

सोनमर्ग (जम्मू-कश्मीर)। जम्मू कश्मीर के गांदरबल जिले में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण जेड-मोड़ सुरंग के उद्घाटन समारोह में सोमवार को स्थानीय लोगों की भीड़ शून्य से नीचे के तापमान की परवाह न करते हुए उमड़ पड़ी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिले में गगनगीर एवं सोनमर्ग के बीच 6.5 किलोमीटर लंबी सुरंग का उद्घाटन सोमवार को किया।

दर्शकों की भीड़ आयोजन स्थल पर भोर होते ही इकट्ठा होने लगी। वे श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित सोनमर्ग हिल रिजॉर्ट को सभी मौसम में घूमने लायक बनाने की ड्रीम परियोजना को पूरा होते देखना चाहते थे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और जितेंद्र सिंह, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला सहित कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित थे। पिछले साल अक्टूबर में अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार के गठन के बाद मोदी की यह पहली जम्मू-कश्मीर यात्रा थी। आयोजन स्थल पर पहुंचने के तुरंत बाद मोदी ने हुड वाली वाटरप्रूफ काली जैकेट पहनकर सुरंग का उद्घाटन किया, जिसका वहां मौजूद लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट और जोरदार नारेबाजी के साथ स्वागत किया। सोनमर्ग, कुल्लान, गगनगीर, गुंड और कंगन सहित कई गांवों से लोग कार्यक्रम स्थल पर आए थे। जेड-मोड़ सुरंग का काम मई 2015 में शुरू हुआ था। इस परियोजना को पूरा होने में लगभग एक दशक लग गया, क्योंकि इस परियोजना को क्रियान्वित करने वाली प्रारंभिक रियायतग्राही कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज (आईएलएंडएफएस) ने वित्तीय तनाव के कारण 2018 में काम बंद कर दिया था। इस परियोजना के लिए 2019 में फिर से निविदा निकाली गई और जनवरी 2020 में सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी एपीसीओ इंफ्राटेक को ठेका दिया गया। कुल 2,716.90 करोड़ रुपये की इस परियोजना की आधारशिला अक्टूबर 2012 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान भूतल परिवहन मंत्री सी.पी. जोशी ने अपने तत्कालीन कैबिनेट सहयोगी फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की मौजूदगी में रखी थी। शुरू में सुरंग के 2016-2017 तक पूरा होने की उम्मीद थी। स्थानीय लोगों ने इस नई परियोजना को जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले पर्यटन उद्योग के लिए पथ-प्रदर्शक बताया। कंगन निवासी हाजी वजीर मोहम्मद ने कहा, हमें खुशी है कि इस सुरंग का उद्घाटन हमारे प्रधानमंत्री ने किया है। अब सोनमर्ग के साथ 12 महीने की कनेक्टिविटी होगी, जिससे पर्यटन क्षेत्र को काफी फायदा होगा। इस सुरंग से सभी को फायदा ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 18.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 08.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- महाकुम्भ में कारोबार और परोपकार का संगम (पृष्ठ-02)
- शटल बस से नि:शुल्क यात्रा कर सकेंगे श्रद्धालु (पृष्ठ-02)
- चार दिन की गिरावट में डूब गये 24.69 लाख करोड़ (पृष्ठ-14)
- म्यूचुअल फंड ने जुटाये 1.18 लाख करोड़ रुपये (पृष्ठ-14)
- चीन के निर्यात में दिसंबर में 10.7% की वृद्धि (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** एलएसी पर कुछ अंश तक गतिरोध अब भी बरकरार : सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

# लद्दाख में स्थिति संवेदनशील पर स्थिर

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच अब भी कुछ अंश तक गतिरोध बरकरार है और दोनों पक्षों को बैठकर इस मुद्दे पर व्यापक समझ बनाने की जरूरत है कि स्थिति को कैसे शांत किया जाए।

जनरल द्विवेदी ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति को संवेदनशील लेकिन स्थिर बताया। उन्होंने कहा कि कोर कमांडरों को अब गश्त और मवेशियों को घास चराने से संबंधित मामूली मुद्दों या मामूली विवादों को हल करने की शक्तियां सौंपी गई हैं ताकि वे बाद में बड़ा मुद्दा ना बनें। सेना प्रमुख ने 15 जनवरी को सेना दिवस से पहले एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि बफर जोन नाम की कोई चीज नहीं है क्योंकि हिंसा की संभावना से बचने के लिए कुछ क्षेत्रों में गश्त पर अस्थायी रोक लगा दी गई है। अप्रैल 2020 में टकराव शुरू होने के बाद से क्षेत्र में आए बदलावों की चर्चा करते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा कि दोनों पक्षों ने क्षेत्र से छेड़छाड़ की है, निर्माण कार्य किए, सैनिकों की तैनाती की और सैन्य साजोसामान का भंडारण किया। उन्होंने कहा इसलिए, इसका मतलब यह है कि (अब भी) कुछ अंश तक गतिरोध है। अब चूंकि आपने अप्रैल 2020 के बाद स्थिति बदल दी है, इसलिए दोनों देशों के बीच विश्वास की एक नयी परिभाषा होनी चाहिए। जनरल द्विवेदी ने कहा कि सेना सीमा संबंधी मसलों को लेकर दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों की अगली बैठक के साथ-साथ भारत-चीन सीमा मामलों पर डब्ल्यूएमसीसी (परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र) के ढांचे के तहत बातचीत की उम्मीद कर रही है। उन्होंने कहा बैठकों के बाद मिले मार्गदर्शन के आधार पर हम आगे बढ़ेंगे। पिछले साल 21 अक्टूबर को बनी सहमति के बाद दोनों पक्षों ने डेमचोक और डेपसांग के गतिरोध वाले ...शेष पृष्ठ 14 पर












# महाकुंभ के पहले ही स्नान में दिखा आस्था-उमंग का जनसैलाब

विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ-2025 का आगाज 144 वर्षों की प्रतीक्षा, अनन्य आस्था, अगाध भक्ति, हर्ष-उमंग और भावनाओं के उमड़ते ज्वार को साक्षात्कार करने सरीखा अनुभव बन गया। न केवल देश-प्रदेश बल्कि विदेशों से आए लाखों श्रद्धालुओं के जप-तप और पुण्य-मोक्ष का मार्ग बनने के साथ ही, एकता के सूत्र में बांधने वाला एक ऐसा माध्यम बन गया जिसकी तुलना किसी अन्य घटना से होना असंभव है। मानवता के इस अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर का साक्षी

- **महाकुम्भ की दिव्यता देख श्रद्धालु हुए मुग्ध**
- **आस्था के महापर्व महाकुम्भ-2025 के पहले स्नान पर उमड़ा अपार जनसैलाब**
- **संगम नोज पर उमड़ी सबसे ज्यादा भीड़, सभी घाटों पर लगा श्रद्धालुओं का तांता**

बनने, अपने जन्मों के पुण्यों को साकार करने और मानव सभ्यता के इस सबसे बड़े विलक्षण क्षण का साक्षी पहले ही दिन बनने की होड़ तीर्थराज प्रयागराज के संगम नोज समेत सभी स्थायी व अस्थायी घाटों पर दिखी। यहां भाव विह्वल श्रद्धालु भीगी पलकों से इस सुखद क्षण का साक्षात्कार करते हुए अपनी पूजा व अर्चन विधि से भक्ति में रमने के साथ ही एकता के संगम में सराबोर होते दिखे।

**पहले ही दिन रिकॉर्ड भीड़ के मिले संकेत :** पौष पूर्णिमा के अवसर पर महाकुम्भ-2025 के प्रारंभ होने और पहले स्नान के अवसर पर ही पूरी दुनिया से महाकुम्भनगर स्थित मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखने को मिली। ये श्रद्धालु उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की तैयारियों से बेहद संतुष्ट दिखे और महाकुम्भ पर्व को लेकर की गई सुव्यवस्थित व्यवस्था को देखकर मुक्त कंठ से डबल इंजन की सरकार की तारीफ करते दिखे। स्नान के दो दिन पूर्व ही लाखों की तादात में श्रद्धालुओं ने स्नान किया और पहले दिन श्रद्धालुओं का अपार उत्साह-उमंग दशार्ता है कि आगे आने वाले 45 दिनों में महाकुम्भ-2025 में उत्तर प्रदेश सरकार के अनुमान से भी ज्यादा भक्तों की भीड़ उमड़ सकती है।

**कल्पवासियों ने स्नान कर कल्पवास के नियमों का लिया संकल्प :** पौष पूर्णिमा के अवसर पर कल्पवासी संगम में स्नान कर कल्पवास के कठिन नियमों का महाकुम्भ अवधि के दौरान पालन करते हुए पुण्य प्राप्ति, सद्गति, मोक्ष प्राप्ति और सकल विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। स्वयं व अपने



परिजनों के कल्याण के साथ ही सकल विश्व के कल्याण के लिए भी कल्पवासी प्रार्थना करते हैं। महाकुम्भ के प्रारंभ होने के साथ ही सोमवार होने के कारण महादेव की उपासना के विशेष संयोग ने इस क्षण को और भी दुर्लभ बना दिया और महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सभी घाटों पर श्रद्धालु महादेव की उपासना में पवित्र जलधारा में डुबकी लगाकर संकल्प लेते दिखे। हर-हर महादेव, जय श्रीराम और जय बजरंग बली की जैसे नारों से रहकर संगम नोज समेत सभी घाट दिनभर गुंजायमान होते रहे। वहीं, साधारण गृहस्त श्रद्धालुओं में भी स्नान को लेकर अपार उत्साह देखने को मिला। पहले ही दिन प्रयागराज व आसपास के इलाकों समेत बिहार, हरियाणा, बंगाल, ओडिशा, दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश जैसे प्रांतों की भारी भीड़ संगम समेत तीर्थराज प्रयागराज के विभिन्न घाटों पर देखने को मिली।

**विदेशी श्रद्धालु भी हुए महाकुम्भ के मुरीद :** संगम घाट पर देश-विदेश के श्रद्धालुओं का तांता देखने को मिला। साउथ कोरिया से आए यू-ट्यूबर दल महाकुम्भ के विभिन्न शॉट्स को अपने कैमरे से कैप्चर करते दिखे तो जापान से आए पर्यटक महाकुम्भ में अपार जनसैलाब को देखकर स्थानीय गाइडों से जानकारी लेते दिखे। रूस-अमेरिका समेत यूरोप के विभिन्न देशों से आए सनातनी श्रद्धालुओं ने सोमवार को आस्था और एकता के इस महापर्व का साक्षात्कार करने के साथ ही पुण्य की डुबकी भी लगाई। स्पेन से आई क्रिस्टीना भी इन्हीं में से एक थीं जिन्होंने महाकुम्भ की भव्यता को देखकर मुक्त कंठ से इस अद्भुत क्षण की प्रशंसा की। गौरतलब यह है कि महाकुम्भ में इस वर्ष जिस प्रकार की भीड़ उमड़ने का अंदाजा लगाया जा रहा है वह दुनिया के विभिन्न देशों की जनसंख्या से भी ज्यादा है। ऐसे में, विदेशी न केवल कौतुहल में खिंचकर आस्था और एकता के इस महापर्व का साक्षी बनते दिखे, बल्कि सनातन धर्म को अपना चुके और सनातन आस्था को अंगीकार कर चुके विभिन्न साधु-संन्यासियों ने भी आस्था की पवित्र डुबकी लगाकर खुद को धन्य किया।

**ऐसी रौनक पहले नहीं देखी...** महाकुम्भनगर में संगम मेला क्षेत्र और लेटे हनुमान मंदिर के समीप पूजा सामग्री बेचने और घाटों पर श्रद्धालुओं को तिलक लगाने वाले बेहद व्यस्त दिखे। श्रद्धालुओं की इच्छा अनुरूप प्रसाद, चुनरी, दीपदान सामग्री बेच रहे फुटकर दुकानदारों और तिलक लगाने का काम कर रहे लोगों का मानना है कि 2019 के कुम्भ मेले की अपेक्षा इस बार का महाकुम्भ न केवल दिव्य व भव्य है, बल्कि भीड़ भी कई गुना ज्यादा है और इससे उनकी आमदनी भी अच्छी-खासी होगी। तिलक लगाने का कार्य कर रहे प्रदीप उपाध्याय के अनुसार, वह 2019 में भी कुम्भ के दौरान इस कार्य को कर रहे थे, मगर इस बार लोगों में पहले से कहीं ज्यादा

- **असंख्य कल्पवासियों ने मोक्षदायिनी संगम में डुबकी लगाकर अगले 45 दिन कल्पवास के नियमों के पालन का लिया संकल्प**
- **देश-प्रदेश समेत विदेश के श्रद्धालुओं का भी प्रयागराज में दिखा अपार जनसमूह, एकता के महाकुम्भ को लेकर योगी सरकार की तैयारियों से दिखे संतुष्ट**

उत्साह-उमंग है। इसी प्रकार, फूलपुर से आकर संगम क्षेत्र में पूजन-अर्चन की फुटकर दुकान चला रही संतोषी देवी ने कहा कि लोग उनसे सबसे ज्यादा गंगा जल स्टोर करने वाले डिब्बे खरीद रहे हैं।

## स्नान पर्व पर सभी घाटों और अखाड़ों पर हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ 2025 के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा स्नान के दिन सोमवार को संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे श्रद्धालुओं पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराई। हेलीकॉप्टर से सभी घाटों और अखाड़ों पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गई। गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश देख संगम तट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने अभिभूत होकर जय श्री राम के नारे लगाए।

महाकुम्भ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं पर स्नान पर्वों के मौके पर पुष्प वर्षा को लेकर योगी सरकार के निर्देश पर उद्यान विभाग ने पिछले काफी समय से तैयारी कर रखी थी। इसके लिए गुलाब की पंखुड़ियों की खास तौर पर व्यवस्था की गई थी। महाकुम्भ के सभी स्नान पर्वों पर पुष्प वर्षा कराने की तैयारी की गई है। प्रत्येक स्नान पर्व पर लगभग 20 कुंतल गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश करने की तैयारी है, जिसकी श्रृंखला में पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा स्नान पर सोमवार को श्रद्धालुओं पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई गई। एक ओर जहां हेलीकॉप्टर से महाकुम्भ में स्नान करने आए श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई तो दूसरी ओर इससे मेले की सुरक्षा व्यवस्था की भी निगरानी होती रही। सुरक्षा एजेंसियां मेले में तैनाती के साथ ही हवाई माध्यमों से भी स्नान पर्व के मौके पर लगातार अपनी नजर बनाए रहीं।

# 'पौष पूर्णिमा पर पूरी तरह मुस्तैद नजर आई महाकुम्भ पुलिस

विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की अगाध श्रद्धा देखने को मिली। करोड़ों की संख्या में लोग पुण्य स्नान के लिए संगम तट की ओर उमड़ पड़े। इस दौरान जो सबसे अनूठी चीज

- **श्रद्धालुओं के साथ कुशल व्यवहार से जीता दिल, श्रद्धालुओं ने भी जताया भरोसा**
- **बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगों की मदद को बढ़ाए हाथ, हर किसी के सवाल का मुस्कुराकर दिया जवाब**



देखने को मिली वो पुलिस का व्यवहार। यूं तो श्रद्धालुओं को राह दिखाने के लिए मेला प्रशासन की ओर से 800 के करीब साइनेजेस लगाए गए हैं, लेकिन राह दिखाने के लिए योगी सरकार की पुलिस पर लोगों ने ज्यादा भरोसा दिखाया। पांटून ब्रिज हो या सेक्टर, श्रद्धालु जब भी पुलिस बल से कहीं भी जाने की राह पूछते तो पुलिसकर्मी उन्हें पूरी विनम्रता के साथ उनके गंतव्य के लिए राह दिखा देते। पुलिस की यह विनम्रता देखकर श्रद्धालु भी बेहद खुश नजर आए।

**दो महीने तक कराई गई है ट्रेनिंग :** महाकुम्भ को लेकर इस बार योगी सरकार के निर्देश पर बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग कराई गई है। परेड स्थित पुलिस लाइन में लगातार दो महीने तक पुलिसकर्मियों को बिहेवियर की ट्रेनिंग कराई गई है, जिसका असर सोमवार को पहले स्नान पर्व पर दिखाई दिया। बड़ी संख्या में लोग पुलिसकर्मियों से पांटून ब्रिज पर आने और जाने के विषय में जानकारी लेते रहे। इसी तरह, सेक्टर की जानकारी के लिए भी पुलिसकर्मी ही श्रद्धालुओं की पहली प्राथमिकता रहे। खास बात ये थी कि पुलिसकर्मियों ने भी कुशल व्यवहार का परिचय देते हुए पूरी विनम्रता से श्रद्धालुओं की मदद की। यही नहीं, पुलिसकर्मी बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग लोगों की मदद करते भी नजर आए।

**हर चौराहे पर पुलिस सहायता बूथों पर तैनात रहे जवान :** पहले स्नान पर्व पर भारी भीड़ के अनुमान को देखते हुए घाटों पर भारी पुलिस फोर्स को तैनात किया गया, जबकि पांटून ब्रिज पर भी एंट्री और एग्जिट प्वॉइंट पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स का डेप्लॉयमेंट नजर आया। गंगा के दोनों तरफ सभी प्रमुख चौराहों पर पुलिस सहायता बूथों की स्थापना की गई थी, जहां पर पुलिस कर्मी चौकन्ने और मुस्तैद नजर आए। चौराहों पर वॉच टावर पर भी पुलिस बल सक्रिय रहे और उन्होंने हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी। एसएसपी महाकुम्भ राजेश द्विवेदी ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद है। एक दिन पहले से ही सभी पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पर पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं। घाटों पर भी पूरी सुरक्षा सुनिश्चित की गई है।

# महाकुम्भ में नजर आ रहा कारोबार और परोपकार का संगम

विशेष संवाददाता (vol)

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 में भारत समेत पूरी दुनिया के लोग संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं। इस महाकुम्भ में अनेकता में एकता के साथ-साथ कारोबार और परोपकार का अनूठा संगम भी देखने को मिल रहा है। महाकुम्भ के पहले

- **पौष पूर्णिमा स्नान पर्व पर बड़ी संख्या में संस्थाओं ने भंडारों का किया आयोजन**
- **मेला प्रशासन द्वारा आवंटित खाने पीने की दुकानों पर भी दिखी भारी भीड़**
- **पूरे प्रदेश से आये ठेले, रेहड़ी वालों की दुकानों पर भी श्रद्धालुओं का जमावड़ा**

स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक तरफ, जहां अखाड़ों और विभिन्न संस्थाओं के द्वारा लोगों को निशुल्क चाय वितरण, नाश्ता और भोजन कराया जा रहा है तो वहीं, व्यापार भी फल फूल रहा है। मेला प्रशासन द्वारा अलॉट स्टॉल्स के साथ-



साथ बड़ी संख्या में ठेले रेहड़ी वालों के लिए भी यह आय का साधन बन गया है। ये ठेले रेहड़ी वाले प्रयागराज के साथ-साथ प्रदेश भर से यहां पहुंच रहे हैं। इनमें कोई चाय बेच रहा है, तो कोई खाने का अन्य सामान। इसके साथ ही पूजा के सामानों और श्रंगार के सामानों की भी खूब बिक्री हो रही है।

**व्यापार को मिल रही मजबूती :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में प्रयागराज विजिट के दौरान कहा था कि यह महाकुम्भ प्रयागराज के साथ ही पूरे प्रदेश की इकॉनमी को मजबूती देने वाला होगा।

इसके माध्यम से इकॉनमी में दो लाख करोड़ रुपए की वृद्धि संभावित है। महाकुम्भ के पहले ही दिन भारी संख्या में श्रद्धालु संस्थाओं के भंडारों के साथ-साथ इन दुकानदारों पर भी खरीदारी करते रहे। खान-पान से लेकर पूजा सामग्री की सबसे ज्यादा खरीद हुई। खाने पीने का सामान बेचने वाले हरदोई के रामकुमार ने बताया कि दो हफ्ते पहले ही महाकुम्भ में आए हैं। यहां श्रद्धालुओं का पेट भरने के साथ ही पुण्य कमाने का भी अवसर है। किसी तरह का कोई एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लिया जा रहा है। कोई हमें यहां परेशान भी नहीं कर रहा। इसी तरह, भदोही से आए सुनील यहां लोगों को चाय पिला रहे हैं। सुनील ने बताया कि 45 दिन तक महाकुम्भ में आय के लिए आए हैं। पहले दिन श्रद्धालुओं को सर्दी में चाय वितरित कर रहे हैं। किसी तरह की एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लिया जा रहा।

**भंडारों में बंट रहा प्रसाद :** एक तरफ, व्यापार है तो दूसरी तरफ परोपकार भी है। पहले ही दिन बड़ी संख्या में मेला क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं द्वारा भंडारों और चाय वितरण किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को बुला बुलाकर भोजन कराया गया। कोई संस्था खिचड़ी खिला रही है तो कोई पूड़ी सब्जी। वहीं चाय पिलाने वालों की भी कोई कमी नहीं। सतुआ बाबा समेत कई साधु संतों ने अपने शिविरों में श्रद्धालुओं के रुकने की भी व्यवस्था की है और यहां भी भंडारे का आयोजन किया गया है।

# जीएम ने किया फाफामऊ व प्रयाग स्टेशनों का निरीक्षण

लखनऊ। महाकुंभ के आलौकिक आयोजन के अंतर्गत पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों की आस्था के पहले स्नान का साक्षी बना। इस विराट मेला में अपनी सहभागिता और प्रतिबद्धता दशार्ते हुए मण्डल के प्रयाग जं. ,फाफामऊ जं. एवं प्रयागराज संगम स्टेशन श्रद्धा और सेवा भाव से अपने रेल एवं तीर्थयात्रियों के स्वागत सत्कार में समर्पित हैं।

इस अवसर पर उत्तर रेलवे के मुख्यालय से आये महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा स्वयं प्रयाग में उपस्थित रहकर लगातार इन स्टेशनों पर सभी प्रबंधनों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। महाप्रबंधक के दूरदर्शी एवं कुशल



दिशा-निर्देशन में मण्डल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा ने इस सारी व्यवस्था की कमान संभाल रखी है कमण्डल के सभी विभागों के साझा सहयोग से राज्य सरकार के साथ तालमेल बनाते हुए सारी प्रबंध व्यवस्था को अमल में लाया जा रहा है । आज महाप्रबंधक ने मण्डल रेल प्रबंधक के साथ प्रयाग जं. स्टेशन के एकीकृत कमांड सेंटर पर पहुंचकर वहाँ की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की कउन्होंने टिकट चेकिंग कर्मियों तथा रेल सुरक्षा बल के कर्मियों की स्टेशनों पर यात्री प्रबंधन की रूपरेखा की जानकारी प्राप्त की तथा अपने सुझाव एवं निर्देश पारित किये। उन्होंने सभी विभागों को उचित तालमेल बनाते हुए कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने इन स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, खोया पाया काउंटर, यात्री सहायता बूथ, रेल आहार के स्थान एवं स्टॉल, अमानती सामान घर, प्लेटफार्म पर यात्रियों के उठने बैठने के स्थान, शौचालय, स्वच्छता, मोबाइल एटीवीएम, आकस्मिक एवं आपातकालीन व्यवस्थाएं, स्टेशनों में प्रवेश एवं निकास की सुगमता, स्टेशन एवं परिसर की प्रकाश व्यवस्था, संकेतकों एवं साइनेज सहित सभी व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा।

# शटल बसें श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र तक करायेंगी निःशुल्क यात्रा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम अपने संचालित शटल बसों में महाकुम्भ 2025 में पड़ने वाले मुख्य स्नान पर्वों पर मुफ्त यात्रा करायेगा। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं/यात्रियों को बेहतर सेवायें उपलब्ध कराने के लिए परिवहन निगम कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर परिवहन निगम ने श्रद्धालुओं को मुफ्त यात्रा का लाभ देने जा रहा है। महाकुम्भ-2025 के दौरान मेला क्षेत्र में परिवहन निगम द्वारा 350 शटल बसों के संचालन की तैयारी है।

परिवहन मंत्री ने बताया कि



महाकुम्भ में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक कुल 06 मुख्य स्नान क्रमशः 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा, 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 03 फरवरी को बसंतपंचमी, 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा एवं 26 फरवरी को महाशिवरात्रि है। उन्होंने बताया कि उक्त तिथियों को पड़ने वाले मुख्य स्नान के दिन एवं मुख्य स्नान के एक दिन पूर्व व एक दिन बाद तक मुफ्त यात्रा का लाभ प्राप्त होगा। इस प्रकार कुल 18 दिन तक मुफ्त यात्रा का लाभ श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। शटल बसें विभिन्न पार्किंग स्थलों से श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र तक निःशुल्क यात्रा करायेगी। परिवहन मंत्री के निदेर्शों के अनुपालन में अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा ने पत्र जारी कर सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने बताया कि शटल बसों में मुख्य स्नान एवं उसके एक दिन पूर्व व पश्चात यात्रियों को जीरो मूल्य टिकट जारी किया जायेगा।

संक्षेप

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

प्रतापगढ़। युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म के आरोप को लेकर पीड़िता ने सोमवार को लालगंज पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने तहरीर मे कहा है कि बीती आठ जनवरी को सुबह गांव के ही आरोपी उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। आरोप है कि युवक ने उसके साथ दुष्कर्म कर उसे रायबरेली बस स्टेशन पर छोड दिया। तहरीर में कहा गया है कि आरोपी युवती से दस हजार नकद व उसके जेवर भी छीन लिये। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर आरोपी के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## धोखे से करा लिया जमीन का बैनामा, दी तहरीर

प्रतापगढ़। धोखे से जमीन का बैनामा करा लेने व धमकी देने को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के मंगापुर गांव निवासी रामरतन पुत्र दशादीन लोध अनपढ़ है। पीड़ित रामरतन ने उदयपुर थाने में पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अटठाईस अक्टूबर को गांव के आरोपी पेंशन बनवाने का झांसा देकर उसे रजिस्ट्री कार्यालय लालगंज ले गया। यहां आरोपी ने पीड़ित की जमीन का बैनामा अपनी पत्नी के नाम करा लिया। मामले की जानकारी होने पर पीड़ित की पत्नी आरोपी के घर जाकर पूछताछ करने लगी तो उसे जानलेवा धमकी दी गयी। एसओ राधेबाबू का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी से विवाद को लेकर युवक ने किया आत्मदाह

बरेली। बरेली शहर के मुस्तफा नगर सैदपुर खजुरिया में पत्नी से हुए विवाद के बाद एक व्यक्ति ने अपने ऊपर मिट्टी का तेल छिड़क कर आग लगा ली। बाद में अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नगर पुलिस अधीक्षक मानस पारीक ने बताया कि थाना बारादरी के सकलेन नगर का रहने वाला 40 वर्षीय सलीम कबाड़ का काम करता था। वह अपनी पत्नी नजमीन के साथ मुस्तफा नगर सैदपुर खजुरिया थाना कैंट में किराए के मकान में रह रहा था। रविवार रात उसका किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया।विवाद इतना बढ़ा कि सलीम ने घर में रखा मिट्टी का तेल अपने ऊपर डाल कर खुद को आग लगा ली। मामले के अनुसार, सलीम को जलता हुआ देख पड़ोसियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि सलीम शराब पीने का आदी था।

## पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय भी बनाया जाये : अनुप्रिया

सोनभद। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सोमवार को कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय और जनजाति कल्याण मंत्रालय की तरह पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय भी बनाया जाना चाहिए। अनुप्रिया ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी पार्टी संसद में पिछड़ा वर्ग मंत्रालय के गठन की मांग लगातार उठा रही है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अपना दल (एस) जातीय जनगणना के पक्ष में है। यह पूछे जाने पर कि एक तरफ वह अपनी पार्टी को मजबूत करने के लिए लगातार दौरा कर रही हैं, दूसरी तरफ उनकी पार्टी के पूर्व सांसद पकौड़ी लाल कोल ने उनसे अलग होकर नयी पार्टी के गठन की घोषणा की है, अनुप्रिया ने कहा कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति पार्टी बनाने के लिए स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने चुनाव लड़ने का अवसर देकर उन्हें (पकौड़ी लाल) सांसद बनाया, उनके बेटे राहुल कोल को विधायक बनाया और राहुल की असमय मृत्यु के बाद उनकी (राहुल) पत्नी को विधायक बनाया। हमने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। लोग कोल की गतिविधियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं।

## दो युवकों की मौत

मुजफ्फरनगर। जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के उमरपुर चौकी के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना शाहपुर थाना क्षेत्र के उमरपुर चौकी के पास रविवार देर रात हुई। मृतकों की पहचान आमिर (18) और सुहैल (19) के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब दोनों युवक शाहपुर से बुढ़ाना शहर लौट रहे थे।

# मुख्यमंत्री के सपनों पर पानी फेर रहे आला अफसर

## गोवंशों का निवाला गटक रहे हैं केयरटेकर, प्रधान संग हुक्मरान

जिला संवाददाता (vol)



**बलरामपुर।** गौ वंशों के प्रति मुख्यमंत्री योगी योगी आदित्यनाथ का कितना आगाध प्रेम और समर्पण है किसी से छुपा नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने गऊ और उनके वंशों के संरक्षण के लिए लोकसभा सदन से लेकर सड़क तक कितना संघर्ष किया है वह बीता वक्त आज भी साक्षी है। आज के अति व्यस्ततम समय में भी मुख्यमंत्री योगी गौशाला में गऊ को दुलराते हैं।अपने हाथ से उन्हें उनका भोजन कराते हैं। गऊ माता की पूजा करते हैं। प्रदेश में संचालित अस्थाई स्थाई को आश्रय में गोवंशों के लिए चारा,दाना,पानी दवा के में में सरकारी खजाने का पिटारा खोल रखा है। मुख्यमंत्री ने गोवंशों को भरपूर पेट पौष्टिक दाना, हरा चारा,स्वच्छ पेय जल मोया करने के लिए सीधा-साधा निर्देश जारी कर रखा है। कढ़ाई के की सीट लहरी और कड़ाके की ठंडी से गोवंशों को बचाने के लिए मुकम्मल व्यवस्था के भी निर्देश दिए हैं। वही यह कितनी विचित्र ब्राह्मण है कि यथार्थ के धरातल पर यदि मुख्यमंत्री जी देखे तो पाएंगे कि उनके ही जिम्मेदार हुकम राम उनके यज्ञ पर पानी फेरते हुए गोवंशों का निवाला घटक रहे हैं। जिन्हें इसकी यह आम महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी थी उनकेवही जिम्मेदार ही अपने कर्तव्यों के निर्वहन में फिसड्डी साबित हो रहे हैं। जिसका प्रचंड जीता जागता प्रमाण देखना हो तो आइये पचपेड़वा विकासखंड के भाथर गाँवसभा, गैसड़ी विकास क्षेत्र के इटई मेह दौली शेखा आदि के गौशालाओं का देखिए दुर्दशा। ज्ञात अभी हो कि जनपद में को आश्रय स्थल संचालित है जिसके मन का रूप भोजन पानी दवाई पर प्रतिमा भारी भरकम सरकारी धन का खर्च होता है।आश्रय में पनाहकर बने गोवंशों को नियमित दोनों जून पर्याप्त मात्रा में भरपेट हरा चारा, दानाऔर पानी देने का प्रावधान है। जिसके लिए सरकारी खजाने से भारी भरकम बजट का आहरण किया जाता है.लेकिन ज्यादातर गौशालाओं में गोवंशों को मिलने वाली सुविधाएं कागजी बाजीगरी मेंउछल कूद रहीं हैं। मौके पर तो हालात ही उलट हैं। जनपद के 90 फीसदी गो आश्रमों के गोवंशों के नादों में से हरा चारा पूरी तरह नदारत।दाने की एक दो बोरे यदि हैं तो कमरे में कैद है सिर्फ आगंतुकों को दिखाने के लिए और फोटो खिंचवाने के लिए।

### बात संज्ञान में आई है, जांच कर कार्रवाई करूंगा : सीवीओ



जनपद में संचालित सभी गो आश्रय केंद्रों को गोवंशों के खानपान आदि की व्यवस्था के धनराशि बजट को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत किया जाता है। संवाददाता द्वारा गो आश्रय केंद्रों में गोवंशों को मानक अनुरूप भोजन न दिए जाने और अवयवस्था के बारे में जब सी. वी. ओ. डॉ श्याम नगीना प्रसाद से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि इस संबंध में जानकारी हुई। हम इसकी जांच करेंगे और दोषी पाए जाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी को आश्रय संचालन के लिए जनपद में बनी कमेटी की रिपोर्ट पर शासन द्वारा धनराशि गो वंशो के संख्या के अनुसार अव मुक्त किया जाता है जिसका आवंटन मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा आश्रय केंदो के संचालकों को दिया जाता है। गोवंशों को निर्धारित मानक के अनुसार उन्हें हरा चारा दाना पानी मुहैया हो इसकी जिम्मेदारी ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत विकास अधिकारी की भी होती है।

### व्यवस्थित गौशालाओं का ही अधिकारी करते हैं मौका ए मुआयना

अधिकारियों द्वारा ज्यादातर व्यवस्थित गौशालाओं का ही मौका मुआयना करते हैं।जो मुख्यालय के नजदीक होते हैं।यही कारण है कि दूर दराज ग्राम सभाओं में संचालित गौशालाओं की संचालकों को कोई टेंशन नहीं होती है। केयरटेकर, प्रधान, सेक्रेटरी गोवंशों केमद के सरकारी खुराकों की धनराशि में जमकर कटौती कर डकार जाते हैं।जनपद के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मुख्यालय से दूर गौशालाओं के भौतिक निरीक्षण के अभाव में गोवंशों की दुर्दशा जग जाहिर है। अनमोलतों के साथ हो रहे अन्याय से निकला आह आज नहीं तो कल इन वहदेदारों के भविष्य के मुंडेर पर आहट देगा। नहीं संदेश यही गोवंशों का श्राप उन पर भारी पड़ेगा जो गोवंशों के भी खाली पेटके रुदन से अंकुरित होता है। जैसा कि रहीम दास ने अपने कृत में सीधा स्पष्ट किया है की मुये खाल की सांस से लोहा सार भस्म हो जाए।

### 2 किलो दाने में कैसे भरेगा 120 गोवंशों का पेट



जी हां !भाथर गौशाला पर ऊंट के मुंह में यह जीरा वाला मुहावरा यथार्थ और चरिथार्थ है। विकासखंड पचपेड़वा के अंतर्गत ग्राम सभा भाथर में सड़क किनारे गौशाला है।इस गौशाला में 120 गोवंश मौजूद हैं। गौशाला का देखरेख करने वाला गांव का नान्हू बताता है कि एक टाइम में 120 गोवंशों को 1 किलो से 2 किलो तक दोनों को सूखे भूसे में डालकर खिलाया जाता है।इन गोवंशों के निवालों में सिर्फ सूखा भूसा ही भरोसा जाता है। हरा चारा इन गोवंशों के निवालों से लापता। गो आश्रय में गोवंशों को पानी के पेयजल व्यवस्था नहीं है। दूर बह रहे एक पहाड़ी नाले में दूसरे दिन इन जानवरों को पानी पिलाया जाता है। अर्थात शाम 5 बजे के बाददूसरे दिन दोपहर तक गो वंशो को गो शाले में पानी पाने की कोई जुगाड़ नहीं। चाहे गोवंश प्यास से ही क्यों न मर जाये। नान्हू ने बताया कि बस डॉक्टर महीने में तो कभी कभार आ जाते हैं लेकिन गांव के सेक्रेटरी तथा अन्य किसी अधिकारी को गौशाला मेंकभी नहीं देखा।भाथर गांव के गौशाला में ऐसी कोई सूचना बोर्ड भी नहीं लगा हो जिस पर सचिव सेक्रेट्री केयरटेकर, पशु चिकित्सक, के साथ प्रधान अथवा वी. डी. ओ.आदि अधिकारी के नाम और मोबाइल नंबर का अंकन हो। नानू के अनुसार उसे तीन हजार रुपए पर महीने का पगार प्रधान द्वारा दिया जाता है। वह भी उसे 5-6 माह से उसका मानदेय प्रधान द्वारा नहीं दिया गया है। जिससे उसके परिवार की आजीविका संकट में है। गौशाला में गोवंशों के विश्राम हेतु रात्रि कालीनमें कोई व्यवस्था नहीं जहां नांदे पर खाते हैं हैं वही रस्सीयों से बंधे रहने को विवश है। ठंढ़ से बचाने के लिए सरकार द्वारा गाइड लाइन जारी की जा चुकी है।

### पशु क्रूरता अपराध में दर्ज हो अभियोग

किसानों के ऊपज बचाने के लिए सरकार के निदेशों पर छुट्टा गोवंशों को स्थाई अस्थाई गौशालाओं में कैद कर दिया गया है। सरकार द्वारा इन गोवंशों के लिए भरपेट भोजन के पुख्ता इंतजामात भी किए गए हैं। इन आवारा गोवंशों के खान पान के लिए सरकारद्वारा बजट आवंटन किया जाता है। बाजू उसके अधिकांश गौशालाओं में इन एन बोलते गोवंशों के हिस्से का निवाला जिम्मेदार आपस में बंदर बाँट कर गटक रहे हैं। गोवंसो को भरपेट भोजन और पानी के लिए गौशालाओं में तरसाया जा रहा है। इनको आश्रम में कैद गोवंशों के साथ की जा रही इस अमानवीय कृत किसी क्रूरता से कम नहीं। आम जनों मां का सीधा मत है कि सीधे जिम्मेदार ग्राम प्रधानों तथा ग्राम विकास अधिकारियों के टेकारों के विरुद्ध पशु क्रूरता अपराध में अभियोग दर्ज करा कर दंडित किया जाए। साथी इस व्यवस्था के पर्यवेक्षण में लगे अधिकारियों के विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई तथा और मुक्त तथा व्यय की गई धनराशि का उपयोग भी इन्हीं लोगों से वसूला जाए।

## समस्याओं के समाधान न होने पर वकील हुए आक्रोशित, एसडीएम से वार्ता कर उठाई आवाज



प्रतापगढ़। अधिवक्ताओं के उत्पीडन पर समाधान न होने पर सोमवार को अधिवक्ताओ ने न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। वही एसडीएम से वार्ता कर समस्या के समाधान की मांग उठाई। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा महामंत्री सूर्यकांत निराला की अगुवाई में वकीलो ने उदयपुर थाना क्षेत्र के अधिवक्ता रामछबीले यादव के जमीनी विवाद के निस्तारण न होने पर प्रशासनिक लापरवाही पर आक्रोश जताया। वही उदयपुर थाना क्षेत्र के ही अधिवक्ता अंकुर तिवारी के मामले मे भी पुलिस की लापरवाही को लेकर वकील आक्रोशित दिखे। नाराज वकीलो ने आम सभा कर न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने एसडीएम नैंनसी सिंह से उनके चेंबर में वार्ता की। वकीलो ने एसडीएम से अस्पताल में भर्ती साथी रामछबीले यादव के जमीनी विवाद के निस्तारण मे प्रशासन पर उदासीनता को लेकर नाराजगी जतायी। एसडीएम ने अधिवक्ताओं को समस्या के समाधान के बाबत कार्रवाई का भरोसा दिलाया। संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि बुधवार तक प्रशासनिक कार्रवाई संतोषजनक न होने पर गुरूवार से वकील आंदोलन शुरू करेंगे। वार्ता के दौरान राममोहन सिंह, अनिल त्रिपाठी महेश, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल गुडडू, धीरेन्द्र मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, गिरिजाकांत द्विवेदी, नीरज सिंह, शहजाद अंसारी, संतोष पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे।

## उप राष्ट्रपति से मिले विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी, अहम मसलों पर हुई मंत्रणा



प्रतापगढ़। ऱाज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सोमवार को उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार मुलाकात की। नई दिल्ली स्थित उपराष्ट्रपति भवन में हुई मुलाकात में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने जिले के लोगों तथा पार्टी सांसदो की ओर से उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को नव वर्ष पर शुभकामनाएं सौंपी। वही उच्चस्तरीय मुलाकात में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के बीच राज्यसभा के सदन संचालन में पारस्परिक सहयोग के साथ अधिकाधिक कामकाज को लेकर गहन मंत्रणा हुई। उपराष्ट्रपति ने सदन की इथिक्स कमेटी को प्रभावी बनाए जाने में वरिष्ठ सदस्य के रूप में सांसद प्रमोद तिवारी की भूमिका को सराहा। वहीं उपराष्ट्रपति तथा विपक्ष के उपनेता ने मुलाकात में देश के संसदीय मूल्यों तथा परम्पराओं की मजबूती को लेकर भी विमर्श किया। यह जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## पूर्व प्राचार्य की मां का निधन, प्रमोद व मोना ने जतायी संवेदना



प्रतापगढ़। संग्रामगढ़ इण्टर कालेज के पूर्व प्राचार्य भगवती प्रसाद तिवारी की माँ विमला देवी 95 का सोमवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। निधन की जानकारी मिलने पर यहां कांग्रेस कार्यकताओं ने बैठक कर विमला देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की। वही राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी विमला देवी के निधन पर दुःख जताया है। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने भी माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद तिवारी की मां विमला के निधन पर संवेदना प्रकट की है। कार्यकताओं की हुई बैठक की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र तथा संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, प्राचार्य डॉ. प्रवीन सागर शुक्ल, प्रधानाचार्य डॉ. अमिताभ शुक्ल, जिपंस लालजी यादव, भुवनेश्वर शुक्ला, हिमांचल तिवारी आदि रहे।

## बाबा धाम में जरूरतमंदों को मिला कंबल, राहत



प्रतापगढ़। पौष पूर्णिमा पर बाबा घुइसरनाथ धाम में सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। वही पर्व पर युवा समाजसेवी प्रियम मिश्र ने यूथ बिग्रेड की ओर से मंदिर परिसर में जरूरतमंदो को कंबल वितरित किये। ठण्ड में कंबल पाकर जरूरतमंदो को राहत मे देखा गया। वही बाबा धाम में पौष पूर्णिमा पर मानिकपुर से गंगा स्नान कर लौटे श्रद्धालुओं ने देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक किया। देर शाम तक श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन में मंत्रमुग्ध देखा गया।

## ई-रिक्शा चालकों को किया गया जागरूक




बलरामपुर।शासन के दिशानिर्देश एवं जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देशन में सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जो 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा माह के तेरहवें दिन दिनांक 13 जनवरी 2025 को ई रिक्शा चालकों को सड़क यातायात नियमों को पालन करने के लिए यातायात पुलिस कार्यालय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें चालक को जागरूक करने के साथ-साथ ई-रिक्शा पर सड़क सुरक्षा के नियमों के स्टीकर लगाए गए तथा पंपलेट भी बांटे गए ई-रिक्शा पर सवारी के दाहिने तरफ से उतरने पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में जागरूक किया गया तथा वाहनों के समस्त प्रपत्रों को सही करने के संबंध में जानकारी दी गई।

यातायात नियमों के संबंध में अन्य जानकारी के साथ-साथ आज कुल 55 वाहनों का, हेलमेट व 'सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करने के अभियोग में चालान किया गया, इसके अतिरिक्त तीन सवारी वाहनो सहित कुल 2 वाहनो को निरुद्ध किया गया।आज की प्रवर्तन कार्यवाही में कुल 11 0000/- (एक लाख दस हजार )की शास्ति अधिरोपित की गई। आज के इस जागरूकता कार्यक्रम में मेरे अतिरिक्त उमेश सिंह प्रभारी यातायात बलरामपुर, किशन कुमार पशुपति नाथ सहित अन्य विभागीय कर्मियो द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## संभल में बन रही भगवान राम की 51 फुट ऊंची प्रतिमा

### सीएम योगी आदित्यनाथ कर सकते हैं अनावरण

जिला संवाददाता (vol)

संभल। जिले के चंदौसी शहर में भगवान राम की 51 फुट ऊंची प्रतिमा का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने वाला है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फरवरी में इस प्रतिमा का अनावरण कर सकते हैं। राम बाग धाम के रामलीला मैदान में बनाई जा रही इस प्रतिमा में भगवान राम एक हाथ में धनुष पकड़े हुए और दूसरे हाथ से आशीर्वाद देते हुए दिखाई देंगे। राम बाग धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक कुमार फैंसी ने कहा कि भगवान राम की 51 फुट ऊंची प्रतिमा का निर्माण 31 मई, 2023 से प्रतिदिन चल रहा है। प्रतिमा अब लगभग पूरी हो चुकी है, केवल पेंटिंग का काम बाकी है। फरवरी 2025 तक इसके पूरी तरह तैयार होने की उम्मीद है।

राम बाग धाम ट्रस्ट के सचिव अमित कुमार के एस ने मूर्ति की अनूठी विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान राम की यह भव्य और दिव्य मूर्ति देश में अपनी तरह की सबसे ऊंची मूर्ति होगी। उन्होंने कहा कि यह मूर्ति अनूठी है क्योंकि भगवान राम की निगाह नीचे की ओर है, जो विनम्रता का प्रतीक है। वे एक हाथ में धनुष पकड़े हुए हैं और दूसरे हाथ से आशीर्वाद दे रहे हैं। मूर्ति के चारों ओर एक अशोक वाटिका है, साथ ही हनुमान और गरुड़ की मूर्तियां भी हैं। हमने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मूर्ति का उद्घाटन करने का अनुरोध किया है और हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम जल्द ही होगा। राम बाग धाम में रामलीला परिषद के उपाध्यक्ष अमित कुमार अप्पू ने कहा कि जब अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण शुरू हुआ, तो हमने चंदौसी के राम बाग धाम में भगवान राम की सबसे ऊंची मूर्ति स्थापित करने के बारे में सोचा। अब तक निर्माण पर लगभग 25 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं। इसके अलवा, प्रतिमा के चारों ओर परिक्रमा पथ बनाया गया है, ताकि श्रद्धालु भगवान राम की परिक्रमा कर सकें और उनके प्रति सम्मान प्रकट कर सकें। ट्रस्ट के सदस्यों के अनुसार, प्रतिमा के बन जाने के बाद चंदौसी की आध्यात्मिक केंद्र के रूप में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

## तीर्थयात्रियों से नकदी लूटने के मामलों में चार गिरफ्तार

मथुरा।जनपद में वृन्दावन में तीर्थयात्रियों से नकदी व महंगे मोबाइल फोन आदि छीन कर बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर भाग जाने वाले चार लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से तीन बदमाशों को मुठभेड़ में पैर में गोली लगने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) अरविंद कुमार ने बताया कि रविवार रात वृन्दावन के कोतवाली क्षेत्र में गुरुकुल विद्यालय के समीप मुठभेड़ में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से एक मोबाइल फोन, दो हजार रुपए, आधार कार्ड व लूट में प्रयुक्त तमंचा और मोटरसाइकिल बरामद की गई है। इन्होंने ये सामान गाजियाबाद के मोदीनगर निवासी एक महिला श्रद्धालु से लूटा था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान थाना छाता के पसौली गांव निवासी सतीश और वृन्दावन की संत कॉलोनी निवासी राजेश के रूप में हुई है। मुठभेड़ में सतीश के पैर में गोली लगी है। दोनों के खिलाफ कार्वाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक इन लोगों ने रविवार को दिन में ही इस घटना को अंजाम दिया था जिसके बाद पुलिस लगातार जगहजगह सीसीटीवी में दिखी बिना नंबर की मोटरसाइकिल की तलाश कर रही थी। उन्होंने बताया कि उसी समय गुरुकुल पर पुलिस द्वारा वाहनों की तलाशी लिए जाते देख इन लोगों ने अपनी मोटरसाइकिल मोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन ये दोनों पकड़ लिये गये। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार की एक घटना 8 जनवरी को एक अन्य महिला श्रद्धालु से पर्स छीनकर भागने की हुई थी। वहां भी बिना नंबर की मोटरसाइकिल प्रयोग की गई थी।

## एस्टीमेट मंगवा लीजिए, सरकार देगी इलाज का पैसा

- जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी ने सुनीं समस्याएं



गोरखपुर। कड़ाके की ठंड में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो उनके अस्पताल की इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ सभागार में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात की।एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है।

हर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

इस दौरान सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण निष्पक्ष रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी। इस दौरान एक महिला ने अपने परिजन का इलाज पीजीआई लखनऊ में कराने के लिए अपनी आर्थिक तंगी का जिक्र किया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उसे आत्मीय संबल देते हुए कहा, अस्पताल में भर्ती कराकर इस्टीमेट मंगवा लीजिए। परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, उपचार का पैसा सरकार देगी। एक अन्य महिला ने अपने परिजन का इलाज बीआरडी मेडिकल कॉलेज में होने का जिक्र कर मदद मांगी तो सीएम ने इसके लिए पास में मौजूद अफसरों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें चॉकलेट गिफ्ट किया।

### मंदिर की गोशाला में सीएम योगी ने की गोसेवा

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। सोमवार प्रातःकाल गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने, अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर शीश नवाने के बाद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने कुछ समय बिताया और गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने गोवंश को खूब दुलारने के बाद उन्हें गुड़ खिलाया और शीतलहर में गोशाला के कार्यकताओं को देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी गई आम-जनों की शिकायतें



बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर में जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामींण क्षेत्रों से शिकायतेंसमस्याएं लेकर आये हुए शिकायतकर्ताआम-जनों की सम्भावित समस्याओं का अवलोकन कर तत्काल सुनवाई की गई तथा राजस्व सम्बन्धी शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस एवं राजस्व की टीमें गठित कर गुणवत्तापूर्ण अविलम्ब निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## बैनामे का नहीं मिल रहा प्रतिफल, सीओ से शिकायत

प्रतापगढ़।खाते में पैसा न होने के बावजूद पीडित को चेक थमाकर आरोपियों द्वारा उसकी कीमती जमीन का बैनामा कराए जाने के आरोप को लेकर सीओ से शिकायत की है। लीलापुर थाना क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर ओरी का पुरवा निवासी कलेसर के पुत्र इन्दल ने सीओ को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती नौ जनवरी को लालगंज कोतवाली के पण्डित का पुरवा निवासी तीन आरोपियों ने उसकी जमीन का तीन लाख रुपए में सौदा किया। पीड़ित को आरोपियो ने डेढ़ लाख रुपए का चेक प्रदान किया। पीडित बैंक गया तो आरोपियो के खाते मे पैसा न होने के कारण उसे भुगतान नही मिल सका।

संक्षेप

## दुकानदार ने तमंचे से खुद को मारी गोली

इटावा। परचून दुकानदार ने अवसाद में आकर खुद को गोली मार ली। पुलिस जांच में सामने आया कि 2022 में डेंगू से अपने तीनों बच्चों को खोने का गहरा सदमा झेल रहे 45 वर्षीय सुखवीर यादव ने यह कदम उठाया है। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के ढूंडपुरा गांव में रविवार को सुखवीर का शव उनकी परचून की दुकान में मिला। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि साल 2022 में डेंगू बुखार से सुखवीर के तीनों बच्चों की एक के बाद एक मौत हो गई थी इस त्रासदी के बाद से वह गहरे अवसाद में थे और शराब का सहारा लेने लगे थे। घटना के समय सुखवीर घर में अकेले थे क्योंकि उनकी पत्नी फिरोजाबाद में रिश्तेदारों से मिलने गई थीं। पुलिस ने घटनास्थल से आत्महत्या में प्रयुक्त तमंचा बरामद किया है। हालांकि शुरूआत में मृतक के भतीजे ने जमीनी विवाद में हत्या का आरोप लगाया था लेकिन पुलिस जांच में आत्महत्या की पुष्टि हुई। फारेंसिक टीम और क्षेत्राधिकारी नगर रामगोपाल शर्मा ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह घटना मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल और डेंगू जैसी बीमारियों क रोकथाम की अहमियत को रेखांकित करती है।

## विद्यालय का ताला तोड़कर सामान चुराया

बकेवर, इटावा। महेवा विकास खंड के ग्राम पंचायत उधन्नपुरा में स्थित उच्च व प्राथमिक विधालय में अज्ञात चोरों ने विधालयों का ताला तोड़कर विधालय का हजारों रुपये का कीमती सामान चोरी कर ले गये। जिसकी सूचना इकदिल थाना पुलिस को लिखित रुप से दी गयी है। प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार ने बताया कि रविवार की रात अज्ञात चोरों ने दोनों विधालयों के कमरों का ताला तोड़कर कमरों में रखे एक इनवर्टर व दो बैटरी सहित प्रोजेक्टर व गैस सिलेन्डर चोरी कर ले गये।जब सुबह विधालय में आकर देखा तो कमरों के ताला टूटे व सामान गायब मिला तो इसकी सूचना पहले प्रधान को दी इसके बाद इसकी लिखित तहरीर थाना इकदिल पुलिस ने प्रधानाध्यापक द्वारा दी गयी है।

## खिचड़ी वितरण कार्यक्रम 15 जनवरी को

इटावा। शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर एवं भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा इटावा के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 15 जनवरी को गत वर्षों की भांति राहतपुर स्थित राधा कृष्ण मंदिर तथा इटावा कचहरी परिसर में खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित एवं धर्मार्थ सेवा शाखा के अध्यक्ष केके त्रिपाठी व सचिव सुधीर मिश्र ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष में प्रतिवर्ष उक्त दोनों स्थानों पर संस्था की तरफ से खिचड़ी का वितरण होता आया है, उसी क्रम में 15 जनवरी को भी प्रातः 11 बजे से जनमानस को खिचड़ी वितरण किया जाएगा। उन्होंने संस्था से जुड़े सभी सम्मानित सदस्यों से खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया है।

## फोटोग्राफर आशू को डीएम ने किया सम्मानित

इटावा। इटावा महोत्सव के कार्यक्रमों के दौरान कवरेज के लिये प्रसिद्ध फोटोग्राफर आशू को नुमायश कमेटी के अध्यक्ष जिलाधिकारी अध्यक्ष अवनीश कुमार राय एवं एसएसपी संजय कुमार वर्मा तथा प्रदर्शनी के जनरल सेक्रेट्री विक्रमराघव द्वारा सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने आसू द्वारा लगाई गई टीम द्वारा की गई फोटोग्राफी की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुये कहा कि 115 साल पुरानी प्रदर्शनी में यह अनूठा अनुभव रहा है और आशू ने बेहतरीन फोटोग्राफी की एक मिसाल पेश की है।

## मंगल मिलन आज

इटावा। प्रत्येक मंगलवार को होने वाला साप्ताहिक मंगल मिलन सत्संग मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में मंगलवार 14 जनवरी को शाम 6 बजे से लालपुरा तिराहा इटावा स्थित हनुमान मन्दिर में आयोजित किया जा रहा है।

**सूचना**

सूचित हो कि शादी से पहले मेरा सरनेम ज्योति दुबे था शादी के बाद ज्योति पाण्डेय (JYOTI PANDEY) हो गया है। दोनों मेरे ही नाम हैं। **ज्योति पाण्डेय पत्नी दीपक कुमार पाण्डेय नि.- ग्राम चमवां पोस्ट फूलपुर जिला आजमगढ़ उ.प्र.।**

# जीवन को लेकर आयुर्वेद, योग और नाथपंथ की मान्यता एक

## स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकते हैं धर्म के सभी साधन : सीएम योगी



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय मनीषा मानती है कि ह्यशरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्'। अर्थात धर्म की साधना के लिए शरीर ही माध्यम है। धर्म के सभी साधन स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकते हैं। धर्मपरक जीवन से ही अर्थ, कामनाओं की सिद्धि और फिर मोक्ष प्राप्ति संभव है। इस परिप्रेक्ष्य में धर्म साधना से जुड़े जीवन को लेकर आयुर्वेद, योग और नाथपंथ की मान्यता के समान है। सीएम योगी सोमवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) की तरफ से आयुर्वेद, योग और नाथपंथ के पारस्परिक अंतरसंबंधों को समझने के लिए आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन विशेष व्याख्यान दे रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में ह्यआयुर्वेद, योग और नाथपंथ का मानवता के प्रति योगदानह्ण विषय पर केंद्रित अपने व्याख्यान में उन्होंने कहा कि आयुर्वेद की मान्यता है कि चराचर जगत पंचभूतों से बना है। इन्हीं पंचभूतों से हमारा शरीर भी बना है। महायोगी गुरु गोरखनाथ ने भी कहा है कि पिंड में ही ब्रह्मांड समाया है। जो तत्व ब्रह्मांड में है वही हमारे शरीर में भी हैं। सीएम योगी ने कहा कि आयुर्वेद, योग और नाथपंथ तीनों ही व्यवहारिकता के स्तर पर एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। तीनों ने ही शरीर को पंचभौतिक माना है। नियम-संयम का जीवन में बड़ा महत्व है। योग ने उसी को जोड़ा है। अंतःकरण की शुद्धि नियम-संयम से ही हो सकती है। उन्होने कहा कि गुरु गोरखनाथ ने चेतना के उच्च आयाम तक पहुंचाने का मार्ग दिखाया है। शरीर की यही साधना अष्ट सिद्धियों और नौ निधियों को प्राप्त करने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जीवन के लिए प्राण आवश्यक है उसी प्रकार मन की वृत्तियों और शरीर के बीच तारतम्य स्थापित करने के लिए प्राणायाम भी आवश्यक है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपने प्राचीन ज्ञान के धरोहरों से हमने दूरी बनानी प्रारंभ की तो एक समय ऐसा भी आ गया कि भारतीय हीन भावना का विषय बन गए। अपने दिव्यज्ञान के स्त्रोत से वंचित होते गए। हमारी प्राचीन आयुर्वेद की दवाओं को बाहरी लोगों ने पेटेंट करना शुरू कर दिया। पर, आज यह सुखद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत की प्राचीन ज्ञान धारा, आयुर्वेद और योग को फिर से प्राचीन गौरव प्राप्त हो रहा है।

पूरी दुनिया एक बार फिर आयुर्वेद और योग के प्रति केंद्रित होकर भारत के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोक्ष या मुक्ति सिर्फ मरण से नहीं मिलती है बल्कि श्रीमद्भागवत के अनुसार धर्म के पथ पर चलते हुए सफलता के चरम पर पहुंचना ही मोक्ष है। महर्षि वेदव्यास ने भागवत पुराण के माध्यम से यह शिक्षा दी है कि सभी लोग धर्म के मार्ग का अनुसरण करें। धर्म के मार्ग का अनुसरण करने पर अर्थ और कामनाओं की भी सिद्ध हो सकती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ ने कहा कि भारत की सभ्यता और संस्कृति अति प्राचीन है। सृष्टि के कालखंड की सबसे प्राचीन संस्कृति भारतीय संस्कृति को माना जाता है। अलग-अलग कालखंड में ऋषियों, मुनियों ने अपनी ज्ञान के धारा के अनुभव से इसे नया आयाम प्रदान किया। पहले ज्ञान की परंपरा गुरु शिष्य के माध्यम से श्रवण परंपरा थी। उसे लिपिबद्ध करने का कार्य महर्षि वेदव्यास ने चार संहिताओं के माध्यम से किया। महर्षि वेदव्यास ने न केवल चार वेदों ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद की रचना की बल्कि उन्होंने श्रीमद्भागवत पुराण समेत 18 पुराणों की रचना को भी ज्ञान से जोड़कर भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाया। महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित श्रीमद्भागवत पुराण आज भी भारत वासियों को धर्म का सही मार्ग दिखाता है। स्वागत संबोधन महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह और आभार ज्ञापन आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदांतम ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह, आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एके सिंह, बीएचयू के वरिष्ठ आचार्य डॉ. के. रामचंद्र रेड्डी, इजराइल के आयुर्वेद औषधि विशेषज्ञ वैद्य गुई लेविन, श्रीलंका से आए आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. टी. वीररत्ना, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव सहित संगोष्ठी में देश और दुनिया से प्रतिभागी, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सीएम ने संगोष्ठी की स्मारिका और दो पुस्तकों का किया विमोचन



गोरखपुर। मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की स्मारिका और डॉ. के. रामचंद्र रेड्डी व डॉ. शांतिभूषण हांदुर द्वारा लिखित दो पुस्तकों का विमोचन किया। मंच पर आगमन से पूर्व उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में आयुर्वेदिक दवाओं के निमार्ताओं डाबर, वैद्यनाथ, श्रीधुतपापेश्वर, ऐमिल, हिमालया और वैद्यरत्नम की तरफ से लगाए गए स्टालों का भी अवलोकन किया।

## आयुर्वेद और योग को आगे बढ़ाने में नाथपंथ की अग्रणी भूमिका



गोरखपुर । महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) की तरफ से आयुर्वेद, योग और नाथपंथ के पारस्परिक अंतरसंबंधों को समझने के लिए आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन वैज्ञानिक सत्रों में विषय विशेषज्ञों की चर्चा में यह निष्कर्ष निकला कि आयुर्वेद और योग की अमूल्य धरोहर को आगे बढ़ाने में नाथपंथ ने अग्रणी भूमिका निभाई है। दूसरे दिन के प्रथम वैज्ञानिक सत्र में इजराइल में आयुर्वेद और महिला स्वास्थ्य को लेकर कार्य कर रहीं और क्रिस्टल हीलिंग एंड काउंसिलिंग सेंटर इजराइल की डायरेक्टर अनत लेविन ने कहा कि महिलाओं की प्रसूति संबंधी बीमारियों में आयुर्वेद कारगर सिद्ध होता है। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार में आयुर्वेद की औषधियां न केवल हानिरहित हैं बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाने वाली हैं। उन्होंने कहा कि यदि गर्भवती महिला आयुर्वेद और योग सम्मत जीवनशैली अपनाए तो उसके गर्भ में पलने वाला शिशु भी स्वस्थ रहेगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद और योग के ग्रन्थों के अध्ययन से वह नाथपंथ से भी परिचित हुई हैं। नाथपंथ ने इन दोनों विधाओं को खुद में समाहित किया है। द्वितीय वैज्ञानिक सत्र में गोस्वाल फाउंडेशन उडुपी के डॉ. तन्मय गोस्वामी ने आयुर्वेद की वैश्विक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर व्यक्ति की विशिष्ट शारीरिक बनावट होती है। आयुर्वेद उसी के अनुरूप हर व्यक्ति के रोग निदान की विधि बताता है। यह आयुर्वेद ही है कि एक वैद्य मनुष्य की नाड़ी पकड़कर उसके संपूर्ण विकारों का पता लगा लेता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। इसके अनुसार जीवनशैली अपनाकर मनुष्य निरोग रह सकता है। एक अन्य वैज्ञानिक सत्र में यूरोपियन आयुर्वेद एसोसिएशन यूके के अकादमिक सह निदेशक डॉ. वीएन जोशी ने आयुर्वेद की औषधीय वनस्पतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद में वनस्पतियों को प्राण कहा गया है। गिलोय, अश्वगंधा, हल्दी जैसी वनस्पतियों ने प्राचीनकाल से ही मानव स्वास्थ्य की रक्षा में अनिर्वचनीय योगदान दिया है। आयुर्वेद के दृष्टिकोण से हर वनस्पति किसी न किसी औषधि के लिए जरूरी द्रव्य प्रदान करती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि वनस्पतियों के द्रव्य गुण पर शोध और अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व एक बार फिर आयुर्वेद को आरोग्यता का वरदान मान चुका है। आज के वैज्ञानिक सत्रों में मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह, इजरायल से आए डॉ. गुई लेविन, श्रीलंका से आए वनौषधि वाचस्पति डॉ. मायाराम उनियाल, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह, कुलसचिव डॉ प्रदीप राव सहित विभिन्न देशों व कई प्रांतों से आए डेलीगेट्स, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गोरक्षपीठाधीश्वर आज अर्पित करेंगे गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी का भोग

- लाखों की संख्या में जुटेंगे श्रद्धालु, खिचड़ी चढ़ाने के लिए सोमवार से श्रद्धालुओं ने डाला डेरा
- खिचड़ी मेले की हर व्यवस्था पर खुद नजर बनाए हुए हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



गोरखपुर। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त में शिवावतार गुरु गोरखनाथ को लोक आस्था की खिचड़ी चढ़ाकर समूचे जनमानस की सुख-समृद्धि की मंगलकामना करेंगे। हालांकि बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला सोमवार से ही शुरू हो गया। मंगलवार को यहां आस्था का जन ज्वार नजर आएगा।

पूरी प्रकृति को ऊर्जस्वित करने वाले सूर्यदेव के उत्तरायण होने पर खिचड़ी चढ़ाने की यह अनूठी परंपरा पूरी तरह लोक को समर्पित है। मान्यता है कि बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाकर मन्नत मांगने वाला कभी निराश नहीं होता। अरुणोदय काल में मकर संक्रान्ति का महापर्व मंगलवार को मनाया जायेगा। इस दिन उत्तर प्रदेश, बिहार तथा देश के विभिन्न भागों के साथ-साथ पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाएंगे। आनुष्ठानिक कार्यक्रमों का शंखनाद भोर में ही हो जाएगा। सबसे पहले गोरक्षपीठ की तरफ से पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ खिचड़ी चढ़ाकर बाबा को भोग अर्पित करेंगे। इसके बाद नेपाल राजपरिवार की ओर से आई खिचड़ी बाबा को चढ़ेगी। इसके बाद मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे और जनसामान्य की आस्था खिचड़ी के रूप में निवेदित होनी शुरू हो जाएगी।

मंदिर व प्रशासन की ओर से खिचड़ी महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा का पूर्ण इंतजाम किया गया है। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्रखुद सभी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं। मकर संक्रांति पर्व को लेकर मंदिर व मेला परिसर सज धजकर पूरी तरह तैयार है। समूचा मंदिर क्षेत्र सतरंगी रोशनी में नहाया हुआ है। यहां श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला सोमवार से ही प्रारम्भ हो गया है। मंदिर प्रबंधन की तरफ से उनके ठहरने और अन्य सुविधाओं का पूरा इंतजाम किया गया है। प्रशासन की तरफ से रैन बसेरों में भी पूरी व्यवस्था की गई है।

## बूथ को मजबूत कर पार्टी को कार्यकर्ता करें मजबूत : ब्रजेश

चौरीचौरा, गोरखपुर। समाजवादी पार्टी गोरखपुर के जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार गौतम ने फुटहवाइनार स्थित कार्यालय पर चौरीचौरा विधानसभा कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मिलकर अपने अपने गांव व क्षेत्र के बूथों को मजबूत करें। हमारा बूथ मजबूत होगा तो पार्टी मजबूत होगी और हम आने वाले विधानसभा चुनाव को फतह कर सकेंगे।उन्होंने बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को चौरीचौरा विधानसभा का मतदाता सूची वितरित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता सभी बूथों पर ले जाकर गलत नामों को हटवायें और नए मतदाताओं का नाम जुड़वायें।सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर इस काम को हर हाल में पूरा करें। उन्होंने कहा कि 2027 में चौरीचौरा से पार्टी का विधायक बनाना है। बैठक को पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश यादव, दयाशंकर निषाद, मुन्नीलाल यादव, अशोक चौहान आदि ने भी सम्बोधित किया। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष दयानन्द विद्रोही और संचालन विधानसभ महासचिव बबलू अंसारी ने किया।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक सम्पन्न

गीडा, गोरखपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की क्षेत्रीय बैठक पिपरौली ब्लाक के गाडर गांव के रामबाग टोले पर संपन्न की गई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए क्षेत्र के समाजसेवी प्रभाकर सिंह ने कहा कि स्वजातीय बंधु अपने स्वहित को परे रखते हुए अपने समाज के प्रति चिंतित हो। उनके सुख-दुख में भागीदार हों। तभी सजातीय एकता आ सकती है। किसी भी तरह से आपस में संघर्ष नहीं करना है, अपने समाज के हित को सर्वोपरि रखना है। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम चंद ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारा समाज कम संख्या में है। पर इसमें एकता का अभाव है। एकता से मजबूती मिलती है। सभी सजातीय बंधु एक होकर रहें तभी हम एक रह सकते हैं। और क्षत्रिय समाज के हित में सोच सकते हैं।

# स्वच्छता कर्मियों का सम्मान बहुत ही सराहनीय व प्रेरक : ईओ

## स्वच्छता सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया



इटावा। जनपद प्रदर्शनी के तत्वावधान में रविवार की शाम स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत स्वच्छता ही सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समाज उत्थान समिति के अध्यक्ष डॉ. हरीशंकर पटेल के संयोजन में स्वच्छता अभियान में विशेष सहयोग करने वाले स्वच्छता प्रहरियों तथा पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों का अंग वस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी विनय मणि त्रिपाठी ने कहा कि इटावा में इस तरह का स्वच्छता कर्मियों के सम्मान का कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया है, जो बहुत ही सराहनीय और प्रेरक है। मैं विश्वासपूर्वक कह सकता हूं कि आने वाले वर्षों में प्रदर्शनी में होने वाले विभिन्न सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रमों में यह कार्यक्रम भी शामिल होगा। हमारी पालिका के ब्रांड एंबेसडर हरीशंकर पटेल और उनकी पूरी टीम बधाई की पात्र है कि उन्होंने हमारे स्वच्छता प्रहरियों के सम्मान का बीड़ा उठाया। इससे पूर्व अखिल भारतीय कूर्मी क्षत्रिय महासभा के बच्चों अग्रिमा पटेल, सिद्धि वर्मा, अनिका वर्मा, अनुश्री वर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की तथा जश्वी पटेल ने स्वच्छता की ज्योति जागी रे की थीम पर एकल सोलो एवं समृद्धि वर्मा ने गाड़ी वाला आया, घर से कचरा लेगा थीम पर एकल सोलो गीत पर नृत्य के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुनील कुमार व स्वच्छ भारत मिशन इटावा नगरीय के परियोजना विश्लेषक जयवीर सिंह ने पीपीटी के माध्यम से कूड़ा निस्तारण प्रक्रिया को स्क्रीन पर समझाया। जबकि आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अर्बन कॉर्डिनेटर सुजीत कुमार ने कूड़ा से कम्पोस्टिंग बनाने की जानकारी दी। युवा गायक प्रखर गौड़ ने गीत तथा शिक्षक भगवानदास शर्मा ने स्वच्छता पर छंद सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। इस अवसर पर पूरे वर्ष नियमित रूप से अपने सफाई कर्म को निष्ठापूर्वक निभाने वाले दो सफाई कर्मचारियों, किशन कुमार एवं निशा देवी का अंग वस्त्र, प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर विशेष सम्मान किया गया। इसके अलावा सभी वार्डों के सफाई नायकों तथा पालिका के मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नत्थीलाल कुशवाहा तथा सफाईनायक रजनीश राठौर सहित समस्त सफाई नायाकों को तथा स्वच्छता मिशन को प्रोत्साहित करने वाले एक दर्जन से ज्यादा शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अखिलेश के चाचा निधन पर शोकसभा



इटावा। पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने स्वर्गीय राजपाल सिंह के चित्र पर पदाधिकारियों के साथ पुष्प माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य ने कहा कि अप्रत्यक्ष रूप से समाजवादी पार्टी को मजबूत करने एवं कार्यकताओं की सदैव मदद करने वाले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चाचा व अभिषेक यादव अंशुल अध्यक्ष जिला पंचायत के पिता राजपाल सिंह यादव के असमय निधन से समाजवादी पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी पूर्ति होना संभव नहीं हैस 2 मिनट का मौन धारण कर स्वर्गीय की आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करने हेतु ईश्वर से कामना की गई। शोकसभा में जिला महासचिव वीरू भदोरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव यादव, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, जिला उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, रवींद्र शुक्ला चच्चु, उत्तम सिंह प्रजापति, अनवर हुसैन, कोषाध्यक्ष ब्रजेंद्र यादव, केके यादव, राजीव दुबे, नफीसुल हसन अंसारी, सफी अहमद बालक, मुस्तकीम राइन, राजपाल यादव, उपदेश मिश्रा, जिलासचिव सत्यवती यादव, प्रदेशसचिव मीरा गुप्ता, व्रजवीर सिंह लाला, जिला प्रवक्ता विकास गुप्ता विक्की, जिलासचिव मालती यादव, शशि यादव, मनीषा यादव, सीमा पाल, रेनु यादव, जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी किशन यादव, जिलाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड नरेंद्र पाल, जिलाध्यक्ष युवजन सभा आदित्य गोविंद, जिलासचिव डा. संतोष राठौर, प्रवीन कुशवाह, राजकुमार यादव, सीताराम कश्यप, विधायक प्रतिनिधि जीतू ठाकुर मौजूद रहे।

## सपा नेता पर जमीन कब्जाने व धमकी देने का आरोप: मनुराज



इटावा। समाजवादी पार्टी के जिलामहासचिव वीरभान सिंह उर्फ वीरू भदौरिया पर भाजपा नेता और युवा संघर्ष संगठन राष्ट्रीय के अध्यक्ष मनु राज राठौर ने गंभीर आरोप लगाए हैं। मनु राज राठौर का कहना है कि उनकी यमुना नदी किनारे स्थित जमीन, जिसका बैनामा दो वर्ष पहले हुआ था, पर सपा नेता ने जबरन कब्जा कर लिया है। मनुराज ने बताया कि उनकी जमीन पर रातों-रात बाउंड्री वॉल खड़ी कर दी गई। जब उन्होंने इस कब्जे का विरोध किया, तो वीरू भदोरिया ने उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इस घटना का एक ऑडियो क्लिप भी वायरल हो रहा है, जिसमें कथित धमकी सुनी जा सकती है। प्रशासन से कार्रवाई की मांग मनुराज राठौर ने प्रशासन से अपील की है कि वायरल ऑडियो की जांच कराई जाए और वीरू भदोरिया के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, उन्होंने अपनी जमीन पर से अवैध कब्जा हटाने की भी मांग की है। स्थानीय प्रशासन पर उठे सवाल इस मामले के सामने आने के बाद स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि ऐसे मामलों में तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके। पिछला रिकॉर्ड भी सवालों के घेरे में वीरभान सिंह उर्फ वीरू भदोरिया पर इससे पहले भी कई विवादित आरोप लग चुके हैं। राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर ऐसे मामलों से क्षेत्र में तनाव का माहौल बनता है।

## तलवार से खंजर से न बातों से मारिये अगर मारना किसी को निगाहों से मारिये




भरथना, इटावा। तलवार से खंजर से न बातों से मारिये, अगर मारना किसी को निगाहों से मारिये प्रेम की ओर ध्यान आकृष्ट कराने वाली श्रृंगार की पंक्तियां सुनकर उपस्थित साहित्यप्रेमियों ने तालियों की गडगडाहट के साथ समूचा सदन गुंजायमान कर दिया। रविवार को कस्बा के मुहल्ला सरोजनी रोड स्थित जय वाटिका में सद्भावना साहित्य परिषद भरथना के तत्वाधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ बतौर अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार गुप्ता, पूर्व चेयरमैन नीता पोरवाल, एड. रामपाल सिंह राठौर ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करके किया। तदुपरान्त पूजा मिश्रा ने सरस्वती वन्दना पढकर कवि सम्मेलन को गति प्रदान की। वहीं डा0 पूनम चैहान ने श्रृंगार से सरावोर ह्यह्यबातें हैं किसी और से दिल में है कोई और, प्रीति की नई रीति ले आया है नया दौर व तलवार से खंजर से न बातों से मारिये, अगर मारना किसी को निगाहों से मारियेह्यह्य पंक्तियां पढकर खूब वाहवाही लूटी तथा हरनाथ सिंह चैहान ने नारी सम्मान पर अपनी कविता सुनाई। साथ ही लवलेश यदुवंशी ने ह्यह्यअयोध्या में बना मन्दिरह्यह्य पढकर मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम को नमन किया। के0के0 अग्निहोत्री ने कसम खाने वालों की संख्या बढ जायेगी व कुमार सूरज ने सब सलामत रहे ये दुआ कीजिये पढकर तालियां बटोरी। साथ ही नीरज पाण्डेय, डा0 एस0के0 श्याम, पूजा मिश्रा ने भी अपनी-अपनी पंक्तियों से साहित्यिक यात्रा करवायी। इस दौरान अरविन्द पोरवाल, रामशंकर वर्मा, शिवपाल सिंह चैहान, रघुराज सिंह कुशवाह, रामनरेश पोरवाल, अनिल श्रीवास्तव, कृष्णपाल सिंह राठौर, श्रीकृष्ण पोरवाल, ब्रहमप्रकाश श्रीवास्तव, मनोज सक्सेना, सुभाष श्रीवास्तव, शिवकुमार सक्सेना, देवेन्द्र यादव, असित पाल, विकास श्रीवास्तव, राजेन्द्र शुक्ला सहित सैकडों साहित्यप्रेमियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## इंजीनियर की हत्या में पत्नी गिरफ्तार, प्रेमिका फरार

इटावा। पत्नी और प्रेमिका ने जिंदल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के इंजीनियर की हत्या की थी। इंजीनियर प्रेमिका को ब्लैकमेल और पत्नी को मारता-पीटता था। इस वजह से दोनों ने उसके मर्डर का प्लान बनाया। मुखबिर की सूचना पर सिविल लाइन थाना प्रभारी यशवंत सिंह ने पत्नी किरन यादव को मोतीझील तिराहा से गिरफ्तार कर लिया। पत्नी और प्रेमिका ने पहले सिर पर वार करके इंजीनियर राघवेन्द्र यादव को बेहोश किया फिर रजाई में लपेटकर आग के हवाले कर दिया। पत्नी से पूछताछ में पुलिस ने मामले का खुलासा किया है। घटना शनिवार की सिविल लाइन क्षेत्र के वृन्दावन कालोनी की है। दोपहर 12 बजे राघवेन्द्र यादव का जला हुआ शव उनके घर के कमरे में मिला। बेटे की शिकायत पर पुलिस ने इंजीनियर की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि प्रेमिका अभी फरार है। प्रगति विहार कालोनी निवासी राघवेन्द्र यादव जिंदल लिमिटेड कंपनी में इंजीनियर थे उनकी पोस्टिंग दिल्ली में थी वह 12 साल से पत्नी के साथ दिल्ली में रह रहे थे उनका इकलौता बेटा कानपुर से बीटेक कर रहा है। राघवेन्द्र पत्नी समेत 4 समेत 4 दिन के लिए इटावा आए थे। 11 जनवरी दोपहर 12 बजे पड़ोस में रहने वाली अनुष्का तिवारी ने राघवेन्द्र के घर से धुआं निकलते देखा इसके बाद वह मौके पर पहुंची घर का गेट खोलकर अंदर गईं तो एक कमरे में इंजीनियर की पत्नी किरन यादव मिलीं। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि राघवेन्द्र अपनी प्रेमिका का अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करता था साथ ही पत्नी को भी प्रताड़ित करता था इन हरकतों से परेशान होकर दोनों ने मिलकर उसकी हत्या की साजिश रची।

संक्षेप

## डीएम ने की कर करेत्तर की बैठक दिए निर्देश

लखीमपुर खीरी। सोमवार शाम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर के तहत प्राप्तियो की विभागवार, बिंदुवार मासिक समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाय।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। डीएम ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य में नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

डीएम ने वाणिज्य कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, नगर विकास, मंडी, वन, सिंचाई, खनन, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर, गोला, विधिक माप विज्ञान के अफसरों से मासिक लक्ष्य की प्रगति, क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गत वर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह, डीईओ राजवीर सिंह, एआरटीओ, सभी एसडीएम व तहसीलदार सहित सभी संबंधित विभागों के अफसर मौजूद रहे।

## लंबित वादों का त्वरित निस्तारण करें : डीएम

लखीमपुर खीरी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट में राजस्व विभाग के गत माह की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण को लेकर निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का त्वरित निस्तारण किया जाए। एसडीएम अपने अधीनस्थ न्यायालयो की स्वयं रिव्यू करे।

## सेंट्रल बार एसोसिएशन चुनाव में बिके पांच पर्चे

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) सेन्ट्रल बार एसोशिएसन के चुनाव की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई है। अध्यक्ष पद के लिए चार और कोषाध्यक्ष पद के लिए एक नामांकन पत्र की बिक्री हुई। पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए कृष्णा कुमार शुक्ला, राम कुमार गौतम, प्रदीप कुमार सिंह और कालिका प्रसाद मौर्य ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए अमित कुमार ने नामांकन पत्र खरीदा है। यह नामांकन पत्र 15 और 16 जनवरी को सुबह 11बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल किए जा सकेंगे। चुनाव कमेटी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विमल कुमार श्रीवास्तव द्वारा चुनाव के निश्चत समय पर कराने की दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इस मौके पर सहायक निर्वाचन अधिकारी रामजी लाल दीक्षित, विजय प्रकाश वर्मा, पंकज वर्मा और आलोक गुप्ता मौजूद रहे।

# गन्ना लदा ट्रक पलटा, तीन बच्चों की मौत




जिला संवाददाता(vol)

धौरहरा खीरी। धौरहरा तहसील के अंतर्गत सिसैया ढखेरवा हाइवे के किनारे ग्राम टेगनहा में गन्ना भरे ओवरलोड ट्रक के पलटने से तीन बच्चों की मौत हो गई व एक घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोविंद शुगर चीनी मिल ऐरा के देवी पुरवा सेटंर से ओवरलोड गन्ना भरकर चीनी मिल जा रहा था कि 4:30 बजे ट्रक टेगनहा में

- तीनों बच्चों के शव पुलिस ने लिया कब्जे में

सडक किनारे रक्खे खोखे पर पलट गया। ओवरलोड ट्रक पलटने के कारण सड़क किनारे खेल रहे बच्चे गन्ने व ट्रक के नीचे दब गए। जिस पर ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को देने के साथ रेस्क्यू चालू कर दिया। ग्रामीणों द्वारा रेस्क्यू करके ओवरलोड भरे गन्ने की चपेट में आने से रुहान 3 वर्ष पुत्र कुतुबुद्दीन, आशमा 7 वर्ष हुसेन टेगनहा व मेहनूर 2 वर्ष पुत्र आरिफ महराज नगर की मौके पर मौत हो गई और फरहीन 12 वर्ष पुत्री कासिम टेगनहा को हल्की फुल्की चोटे आई है। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीणों व पुलिस द्वारा मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। ग्रामीणों ने बताया रेस्क्यू के बाद ही पता चल पाएगा की और कौन-कौन इसके नीचे दबे हैं। वही मौके पर मौजूद ग्रामीणों द्वारा चचाएं की जा रही हैं की प्रतिदिन देवी पुरवा में लगे सेंटर से ओवरलोड भरे गन्ने के ट्रक सुबह दोपहर शाम फराटें भरते देखे जा सकते हैं। वही ग्रामीणों की माने तो गांव के बीच से ओवरलोड गन्ने भरे ट्रक गुजरते है जिससे किसी भी समय अनहोनी की शंका रहती थी परन्तु प्रशासन के द्वारा इन ट्रक पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई ना की गई जिसके परिणाम स्वरूप आज इतनी बड़ी घटना हो गई है। क्या अब जिला प्रशासन व क्षेत्रीय प्रशासन द्वारा इन ओवरलोड गन्ने से भरे ट्रकों पर कार्यवाही की जाएगी या फिर ऐसे ही फिर किसी घटना का इंतजार किया जायेगा।

## बस ने कार सवार को मारी टक्कर

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर सिविल कोर्ट के सामने अधिवक्ता की कार को अनुबंधित बस चालक ने टक्कर मार दी जिससे गाड़ी के परखच्चे उड़ गए वही सवार बाल बाल बच जाने पर अधिवक्ताओं की भीड़ ने बस को घेर लिया पुलिस के पहुंचने पर ब मुश्किल मामले का निपटारा कराया जा सका है। सोमवार को अधिवक्ता हरजिंदर सिंह अपने भाई के साथ गाड़ी में सवार होकर कोर्ट के पास से निकल रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही रोडवेज की अनुबंधित बस चालक ने टक्कर मार दी जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई मौके पर मौजूद अधिवक्ताओं ने साथी के बचाव में आकर बस को घेर लिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर मामला शांत कराकर बस को अधिवक्ताओं के चुंगल से छुटकारा कराकर सवारियों को गंतव्य के लिए रवाना किया है। हाईवे के किनारे अधिवक्ता जान जोखिम में डालकर पेशे को अंजाम दे रहे हैं।

## मंदिर पर विधायक ने बांटे कम्बल



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।( वीओएल ) क्षेत्र के अलीगंज स्थित हनुमान मंदिर पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के समापन समारोह पर विधायक अमन गिरि शिरकत की और असहाय एवं जरूरतमंदो को कम्बल वितरित किये। विधायक अमन गिरि ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा सुनने से मन को शांति मिलती है और हम सभी को अपने धर्म, समाज, देश के प्रति प्रेम, त्याग एवं तपस्या की भावना को जागरूक करती है, जो आज के भौतिकतावादी समय मे अत्यंत आवश्यक है। कथा को केवल सुनना ही नही चाहिए बल्कि इसे हमे अपने जीवन मे भी आत्मसात करने की जरूरत है। इसके उपरान्त उन्होंने हनुमान मंदिर पर उपस्थित असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों को कम्बल वितरित किये। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बिजुआ राजवीर, डॉ0 बच्चू सिंह, रामगुलाम पांडेय, ओमकार सिंह, काके सिंह, वीरेंद्र वर्मा, विनीत पांडेय, नीरज सिंह, आदि मौजूद रहे।

## खीरी में वॉक-इन्टरव्यू में 25 डॉक्टर्स का चयन, मिली तैनाती

लखीमपुर खीरी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के लिए डीएम/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में गठित समिति ने वॉक-इन्टरव्यू में 34 पदों के सापेक्ष 25 चिकित्सकों का चयन किया गया।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना की जा रही है, जिसमें चिकित्सकों की तैनाती होंने से नगरीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवायें गुणत्तापूर्ण सुलभ होगी। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर संचालित एनसीडी क्लीनिक पसंगवां, फूलबेहड़, नकहा, फरधान जिला पुरुष चिकित्सालय के लिए टेलीमेडिसिन हब, ब्लड सेल, एईएस/जेई के प्रबंधन के लिए चिकित्सकों की तैनाती की जा रही है। जिला महिला चिकित्सालय में एसएन एससीयू, ट्रामा सेन्टर ओयल में एक चिकित्सक की तैनाती कि जा रही है। चिकित्सकों की तैनाती होंने से समय-समय पर चलने वाले कार्यक्रमों को गति प्रदान होगी।सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा वॉक-इन्टरव्यू के जरिए जिला पुरुष चिकित्सालय की ब्लड सेल, एनआरसी एवं एईएस/जेई में 01-01 टेलीमेडिसिन हब में 02, जिला महिला चिकित्सालय की एसएनसीयू में 02 और एनसीडी सेल के लिए जिला पुरुष चिकित्सालय में 01 व सीएचसी की 05 चिकित्सको का चयन किया गया। 15 वें वित्त आयोग, पी.एम. अभीम अभियान के तहत नगरीय आयुष्मान अरोग्य मंदिर, गोला, पलिया, मोहम्मदी, खीरी में 10 और नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और एचडीयू ट्रामा सेंटर ओयल 01-01 चिकित्सक चयनित किए गए है।

## नो हेलमेट, नो पेट्रोल की व्यवस्था 26 से पूरे जिले में होगी लागू

लखीमपुर खीरी। सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खीरी जिले में 26 जनवरी से नो हेलमेट, नो पेट्रोल की व्यवस्था लागू हो जाएगी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने व्यवस्था को धरातल पर लागू करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। वही बिना रिफ्लेक्टर लगे चार पहिया वाहनो को भी डीजल-पेट्रोल नहीं मिलेगा। पंप स्वामी अपने पंप पर रिफ्लेक्टर की व्यवस्था और उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराए।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि अक्सर लोग वाहन चलाते समय यातायात नियमों की अनदेखी कर ओवर स्पीड, बगैर सीट बेल्ट व हेलमेट के वाहन वाहन चलाते हैं। उनको जान गंवानी पड़ती है। सड़क हादसों में हो रही मौतों पर अंकुश लगाने के लिए नो हेलमेट, नो पेट्रोल और नो रिफ्लेक्टर नो पेट्रोल की व्यवस्था की गई है। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नई व्यवस्था को धरातल पर लाने व यातायात नियमों की जानकारी देने के लिए विशेष तौर पर शिक्षण संस्थानों में रैली, निबंध, भाषण, नाटक व स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएं। कार्यक्रमों में बच्चों के अभिभावकों को भी शामिल करें।डीएम ने डीएसओ के जरिए पेट्रोल पंप के स्वामियों, प्रबंधकों व पेट्रोलियम पदार्थों को आपूर्ति करने वाली एजेंसियों के जिम्मेदारों को निर्देश दिए कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट, नो पेट्रोल की व्यवस्था को लागू करने को लेकर बैनर, पंफलेट आदि के माध्यमों से जागरूक करें। नई व्यवस्था 26 जनवरी से पूरी सख्ती के साथ जिले में लागू हो जाएगी।

## जिला अस्पताल में पहली बार हुई टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी



लखीमपुर, खीरी।( वीओएल ) धौरहरा निवासी 55 वर्षीय हरिराम की सर्जन डॉ. शरद वर्मा ने सफलतापूर्वक हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी करके उन्हें फिर से चलने फिरने फिरने में सक्षम बना दिया है।

- डॉ. शरद वर्मा ने सीमित संसाधनों में किया कूल्हे का प्रत्यारोपण

ग्राम गिरधारी पुरवा निवासी 55 वर्षीय हरिराम कूल्हे के ज्वॉइंट में गंभीर चोटें आई थीं। उसका चोट लगने से कूल्हा खराब हो गया था। परिजन उन्हें निजी अस्पताल लेकर गए, जहां ऑपरेशन का खर्च दो से तीन लाख रुपये बताया गया। कई जगह भटकने के बाद परिजन उसे जिला अस्पताल ले आए। सर्जन डॉ. शरद वर्मा ने सर्जरी की। जिसमें डा0 पुकित प्रकाश के साथ एनेस्थीसिया टीम में डॉ. संतोष मिश्रा, डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ.जयराम, डॉ0 अरविंद का सहयोग रहा। सर्जन डॉ.शरद वर्मा के मुताबिक इस तरह की जटिल सर्जरी आयुष्मान योजना के तहत विदेशी कूल्हा डालकर जिला अस्पताल में पहली बार प्रत्यारोपण किया गया है। सर्जरी के चार घंटे बाद मरीज फिर से अपने पैरों पर खड़ा हुआ और 14 दिन के भीतर उसे डिस्चार्ज दिया गया। डा0 शरद वर्मा ने बताया कि हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद मरीज को अस्पताल में भर्ती रखा जाता है। जिससे मरीज पर वित्तीय बोझ नहीं पड़ता है, इसके अलावा अस्पताल में रहने पर मानसिक स्वास्थ्य पर असर और संक्रमण का खतरा कम होता है। चिकित्सको का कहना है कि जिला अस्पताल में सीमित संसाधनों के सहारे कूल्हे की हड्डी का प्रत्यारोपण कर नया इतिहास रचा गया है, क्योंकि यह सर्जरी पहले मेडिकल कॉलेज व बड़े शहरों में ही संभव हो पाती थीं। जिला अस्पताल में यह अपने तरह का पहला ऑपरेशन है। जिसमें टोटल हिप रिप्लेसमेंट हुआ है। वहीं हरिराम ने कहा कि चलते समय मुझे काफी दर्द महसूस हो रहा था। दैनिक गतिविधियां भी ठीक से नहीं कर पा रहा था। अस्पताल के डॉक्टरों के समय रहते इलाज के कारण मैं पहले की तरह फिर से अपने पैरों पर चलने लगा हूं।

## महालक्ष्मी यज्ञ की पूणार्हुति, कन्याभोज भंडारे के साथ हुआ समापन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। लखीमपुर रोड स्थित पब्लिक इंटर कालेज के कनिष्ठ विभाग में हो रही सात दिवसीय पंचकुंडीय महालक्ष्मी यज्ञ का पूणार्हुति, कन्याभोज, भंडारे के साथ समापन हुआ। मंगलवार को नगर के प्रमुख मार्गों पर शोभायात्रा के साथ मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। सात जनवरी से शुरू हुई पंच कुंडीय महालक्ष्मी यज्ञ का समापन सोमवार को पूणार्हुति, कन्याभोज, भंडारे के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धानुसार 11, 21, 51, 108 यज्ञशाला की परिक्रमा कर पुण्य लाभ कमाया। हवन कुंण्ड में चारों तरफ बैठे यजमान सपत्नीक आनंद त्रिवेदी, विजय शुक्ल रिंकू, विजय बाजपेयी, सुशील पांडे, विजय माहेश्वरी, राहुल मिश्र से यज्ञाचार्य शिवेंद्र मिश्र कात्यायन, श्रीरघुनाथ जी महाराज, पं सागर मिश्र, अभिषेक अवस्थी, आदेश दीक्षित, पं सुदेश मिश्र, रामकिशोर दीक्षित, विनीत, अंकुर, सुनीत, शिवम ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियां डलवाई। मंगलवार को नगर के प्रमुख मार्गों पर शोभायात्रा निकालकर महालक्ष्मी मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा।अशोक सक्सेना, संतकुमार बाजपेयी, दुर्गा प्रसाद मिश्र, प्रेमप्रकाश मिश्र, सत्येंद्र मिश्र, देवेंद्र मिश्र, राजेश दीक्षित, अनुभव पांडे, आदि मौजूद ।

## महेंद्र भीष्म विवेक भारती व सृष्टि पांडे विवेक श्री की मानद उपाधि से सम्मानित



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) युग पुरुष स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती के उपलक्ष्य में नगर के स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में साहित्यकार सम्मान का आयोजन अंतरराष्ट्रीय भाषा संस्थान के अध्यक्ष डॉ गंगा प्रसाद शर्मा गुणशेखर की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें विवेक श्री व विवेक भारती मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि और विशिष्ट अतिथि बाल साहित्यकार डॉ नागेश पांडे संजय ने मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। भव्य समारोह में चर्चित कहानीकार व उपन्यासकार महेंद्र भीष्म ( रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय, लखनऊ पीठ ) को विवेक भारती की मानद उपाधि से तथा युवा बाल साहित्यकार सृष्टि पांडे को विवेक श्री की मानद उपाधि से अलंकृत किया

- स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

गया। बाल उद्यान की प्रधानाचार्य शशिबाला रावड़ा एवं संयोजक डॉ वेद प्रकाश अग्निहोत्री ने सभी साहित्यकारों को अंग वस्त्र, सम्मान पत्र, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पत्रकार राजीव अग्निहोत्री को भी सम्मानित किया गया। विधायक अमन गिरि ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में स्वामी विवेकानंद के उपदेशों को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि आज के युवाओं को विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। विवेकानंद के विचारों से ही भारत का भविष्य बेहतर बनेगा। अन्त में बाल उद्यान की प्रधानाचार्या शशिबाला रावड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिप्रा खरे ने किया। समारोह में मधुकर शैदाई, संत कुमार बाजपेई, श्रीकांत तिवारी, शुभकार नाथ शुक्ला, रमेश पांडे शिखर शलभ, नंदी लाल निराश, बृजेश तिवारी, गेंदन लाल कनौजिया, सुधीर अवस्थी, जया अग्निहोत्री, के.के शुक्ला, अवधेश मिश्रा, समीक्षा पांडे, शशिकांत मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## विद्यालय के संस्थापक की प्रतिमा का हुआ अनावरण



जिला संवाददाता(vol)

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) नगर के स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय शिवकुमार रावड़ा व राजकुमारी रावड़ा की मूर्ति का अनावरण विधायक अमन गिरि द्वारा समारोहपूर्वक किया गया।

अनावरण के उपरान्त विधायक अमन गिरि ने कहा कि स्वर्गीय शिवकुमार रावड़ा व राजकुमारी रावड़ा भले ही आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके व्यक्तित्व की आभा आज भी उसी तरह फिजा में दमक रही है। उन्होंने हमेशा समाज को नया दिशा देने का काम किया था। स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान विद्यालय भी उनके दूरगामी सोच का ही नतीजा था। समाज को शिक्षित करने के लिए उन्होंने जो नींव रखी थी आज वह एक बड़ा वृक्ष बनकर समाज में शिक्षा का प्रकाश फैला रहा है। उसको प्रधानाचार्या शशिबाला रावड़ा भी अच्छी तरह से देखभाल कर समाज में शिक्षा के प्रति नये आयाम स्थापित करने में लगी हुई हैं।

## गोकर्ण कॉरिडोर का आर्किटेक्ट ने किया निरीक्षण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) गोकर्ण कॉरिडोर निर्माण का सोमवार को मुख्य आर्किटेक्ट उत्कर्ष शुक्ला अपनी टीम आर्किटेक्ट छाया, अमित प्रसून और सान्या के साथ शिव मंदिर परिक्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने डल्लूराम धर्मशाला, श्री मूलचंद हंसराम अग्निहोत्री धर्मशाला, श्री बद्री प्रसाद बरेली धर्मशाला, गोस्वामी धर्मशाला, रामपुर धर्मशाला, मालपुर धर्मशाला, थारू धर्मशाला , फरुखाबाद धर्मशाला, कानपुर धर्मशाला सहित पीलीभीत धर्मशाला का निरीक्षण किया। मुख्य आर्किटेक्ट उत्कर्ष शुक्ला ने निरीक्षण के दौरान बताया कि नीलकंठ मैदान की ओर



से पौराणिक गोकर्ण तीर्थ के पश्चिम दिशा में नीलकंठ मैदान के समतल एक चबूतरा बनाया जाएगा। जिसके ऊपर टीन शेड डलवाकर धार्मिक कर्मकांड आयोजित किए जाएंगे। इसी के साथ गोकर्ण तीर्थ के चारों तरफ सीढ़ियों का निर्माण कराकर तीर्थ के अंदर जल निकासी को लेकर चार से पांच सम्प बनाए जाएंगे। गोकर्ण तीर्थ की तलहटी में मिट्टी बराबर करके ईंट बिछाई जाएगी। पानी निकास के लिए वाटर लेवल लिया जाएगा। ध्वस्त किए गए श्री मूलचंद हंसराम अग्निहोत्री धर्मशाला में देखरेख करने को लेकर मुख्य शिविर बनाया जाएगा। जिसको लेकर जल्द ही उसका समतलीकरण किया जाएगा। गोकर्ण परिक्षेत्र के चारों तरफ एक बाउंड्री वाल बनाने का काम जल्द शुरू हो जाएगा। इसी के साथ गोकर्ण तीर्थ के दक्षिणी गेट पर नाली से लेकर आठ मीटर का वीआईपी मार्ग निर्माण को लेकर आंशिक रूप से ध्वस्त किए जा रहे भवनों का निरीक्षण किया।

# मामूली विवादों में हो रहीं हत्याएं

शाहजहांपुर/ जनपद में राजनीतिक दबाव या सिफारिश के चलते पुलिस मामूली विवादों को गंभीरता से नहीं ले रही है, जिसके

- विवादों को गंभीरता से नहीं ले रही पुलिस
- थाना कांट क्षेत्र के खप्टीपुर गांव में महिला पर हंसिए से हमला, पुलिस ने नहीं दर्ज किया मुकदमा

चलते मामूली विवाद मर्डर में तब्दील हो जाते हैं, यही एक बड़ा कारण है की जनपद में क्राइम रुकने का नाम नहीं ले रहा है, इसके पीछे कहीं ना कहीं पुलिस की कार गुजारी है जिसके चलते हैं।

जहां एक तरफ पीड़ित को न्याय नहीं मिलता वहीं दूसरी तरफ जब पीड़ित कमजोर पड़ता है तो उसे अपनी जान गंवानी पड़ती है , शनिवार को थाना मिजार्पुर क्षेत्र में हुए श्री कृष्ण के मर्डर के मामले में निकल कर सामने आया था ग्रामीणों ने बताया था कि श्री कृष्णा और उसके भाई बच्चू के बीच इससे पूर्व भी झगड़ा हुआ था और श्री कृष्णा घायल हुआ था श्री कृष्ण ने थाना मिजार्पुर में लिखित शिकायत भी की थी लेकिन सिफारिश के चलते श्री कृष्ण द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की , जिसके चलते उसके भाई बच्चू यादव का मनोबल बढ़ा और छोटे से विवाद ने बड़ा रूप ले लिया अंत में शनिवार को पीड़ित श्री कृष्णा यादव को अपनी जान गंवानी पड़ी।

## थाना कांट क्षेत्र में महिला पर हंसिए से हमला

शाहजहांपुर । ऐसा ही एक मामला शाहजहांपुर जनपद के थाना कांट क्षेत्र में सामने आया है जहां महिला ने पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि 12 जनवरी को वह अपनी छत पर नहा रही थी इसी दौरान गांव के ही कुछ लोग अपनी छत से उसे देखकर गंदे गंदे इशारे कर रहे थें जो उसने अपने पति को बताया और उसके पति ने जब शिकायत की तो उसके साथ उन लोगों ने झगड़ा कर दिया और महिला पर हंसिए से हमला कर दिया जिसमें वह बाल बाल बच गई और उसकी नाक के नीचे हंसिया लगा जिसमें उसकी नाक बच गई और करीब पांच टांके लगे हैं महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना में पत्र में बताया कि वह जब थाना कांट गई तो पुलिस उसका शिकायती प्रार्थना पत्र बदलवाने में लगी रही और विपक्षी गानों का मुकदमा दर्ज कर लिया जब उसने शिकायती प्रार्थना पत्र नहीं बदला तो उसका डॉक्टरी परीक्षण कराना भी पुलिस ने उचित नहीं समझा और न ही मुकदमा दर्ज किया । महिला की मांने तो जब पुलिस ने डॉक्टरी परीक्षण नहीं कराया तो वह खुद मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर गई जहां उसने टांके डलवाए और पुलिस अधीक्षक से मिलने चली गई फिलहाल महिला के जिस स्थान पर हंसिया लगा है वह बहुत खतरनाक था जो उसकी जान भी ले सकता था इसके बावजूद पुलिस द्वारा मुकदमा न दर्ज किया जाना , कहीं ना कहीं अपराध को बढ़ावा दे रहा है । इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए प्रभारी निरीक्षक थाना कांट से फोन संपर्क किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा ।

## चाइनीज मांझे के साथ तीन गिरफ्तार



शाहजहांपुर। चाइनीज मांझा से पुलिस कर्मचारियों की मौत के बाद जिला प्रशासन ने चाइनीज मांझा बेचने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है तमाम कारोबारियों ने इस घटना के बाद मांझा बिक्री का कारोबार भी डर की वजह से बंद कर दिया है चौक थाना कोतवाली पुलिस ने 03 प्लास्टिक के कट्टो मे 33 चकरी प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के नेतृत्व में जहांगीर पुत्र शौकत अली, निवासी मौहल्ला मौहम्मद जई, इजहार पुत्र शौकल अली, निवासी मौहल्ला मौहम्मद जई, मौहम्मद इरशाद पुत्र स्व आगाज हुसैन, निवासी मौहल्ला खलीलगर्वी को समय 02.40 बजे मोहल्ला नगर निगम कार्यालय ककरा पुल के पास रोड पर से 03 प्लास्टिक के कट्टो में 33 चकरी प्रतिबन्धित मांझा वजन करीब 46 किलो 750 ग्राम ,03 प्लास्टिक के डिब्बे प्रतिबन्धित माझा व जामा तलाशी से बरामद 03 सफेद कागजो में अभियुक्त वार मिले रुपए कुल 2710/- रुपए के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर, उ.नि. रोहित कुमार, अरविन्द कुमार कनौजिया, उ.नि. प्रशिक्षु विनय कुमार, का. मोहित, दुष्यन्त मौजूद रहे।

# पुलिस ने दिनदहाड़े हुई लूट के आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



मोहम्मदी खीरी। कोतवाली पुलिस ने सुबह दिनदहाड़े 19 दिन पूर्व ऑटो चालक को बंधक बनाकर ई रिक्शा और मोबाइल लूट लेने के आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से माल बरामद कर कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

निरीक्षक इंद्रजीत सिंह के अनुसार कस्बा के बस स्टेशन से ई रिक्शा की बौधनिया गांव के लिए बुकिंग करा कर पाल अभय कचनार निवासी जहीर हसन उर्फ छोटे, थाना पसगवां बरखिरिया जाट हाल पता गांव कैमहरा मोहम्मदी निवासी वसीम, आजाद उर्फ लंबू निवासी कोरिगंजा, कन्हैया लाल कोटरी मैगलगंज लुटेरी गैंग द्वारा सुनियोजित ढंग से 25 दिसंबर को सुबह 5 बजे कस्बा निवासी शिवम कुशवाहा का ई-रिक्शा बुक कराकर ले गए थे। यूडीसीए स्कूल के आगे पहुंचने पर आरोपियों ने रिक्शा चालक के हाथ पैर बांधकर एक गन्ने के खेत में फेंक कर रिक्शा और मोबाइल लूट कर भाग निकले थे। सूचना पर पुलिस ने सर्च अभियान चलाया पता नहीं चल सका जिसके चलते सीओ अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में निरीक्षक इंद्रजीत सिंह और उनकी टीम एस आई बाबूराम, संजीत तिवारी, सर्विलेंस सेल के शरद शुक्ला और मेहताब आलम और मुख्य आरक्षी नीरज सिंह, सूर्य प्रताप राघव, अरविंद सिंह चंदेल, मुकेश पांडे, अक्षयमान और सावन कुमार की टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल की लोकेशन से 19 दिन बाद सभी आरोपियों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार कर उनके द्वारा की गई लूट का सामान बरामद कर कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। आजाद पर 8 और वसीम पर 7 अलग-अलग जगह पर संगीन अपराधों के केस दर्ज हैं।

संक्षेप

## रेलवे पुलिस ने की सघन चेकिंग

आजमगढ़। स्थानीय स्टेशन पर आने-जाने वाले सरयू-यमुना एक्सप्रेस, साबरमती, गोदान, कैफियात एक्सप्रेस, ताप्ती गंगा समेत अन्य ट्रेनों की भी रेलवे पुलिस ने सघन चेकिंग की। इसी के साथ ही जीआरपी व आरपीएफ भी बोगियों को खंगाला और यात्रियों के साथ ही उनके सामानों की भी तलाशी लिये। स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया।

## तेज हवाओं ने बढ़ाई सर्दी

आजमगढ़। पिछले एक पखवारा से रह-रहकर मौसम परिवर्तित हो रहा है। रविवार को हुई बूंदाबादी के बाद रात से अचानक तेज चल रही बफीर्ली पछुआ हवाओं से मौसम सर्द हो गया है। सोमवार को धूप निकलने के बाद भी चल रही पछुआ हवाएं चुभ रही है। वहीं कोहरे का जिले में आसार दिख रहा हैं। सोमवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सीयस तो न्यूनतम 10 डिग्री रिकार्ड किया गया।

## बिजली की आंख मिचौली से किसान परेशान

आजमगढ़। रानी की सराय कस्बा समेत आस-पास विद्युत आपूर्ति इन दिनों बेपटरी हो गयी है। जिससे किसान सिंचाई को लेकर परेशान है। गेहूं के साथ अगेती फसलों के सिंचाई का क्रम शुरू हो गया है। मौसम सर्द होने और पहली सिंचाई के चलते दिन में ही किसान सिंचाई कर रहे है। दिन में विद्युत आपूर्ति नाम मात्र हो रही है। ऐसे में किसानों को सिंचाई करने में परेशानी झेलनी पड़ रही हैं। क्षेत्र के राजबहादुर राय, विवेक कुमार, राजील आदि किसानों ने विद्युत आपूर्ति नियमित करने की मांग की है।

## विवाद के बाद दुकान में जड़ा ताला

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के नगर पंचायत कजगाव बाजार में सोमवार को पैतृक दुकान को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने दुकान में ताला बंद कर दिया।जिसको लेकर मामला तनाव पूर्ण होने लगा।उक्त बाजार में असलम पुत्र अब्दुल रसीद तथा मोहम्मद सईद पुत्र अब्दुल बहाव की एक पैतृक सम्पत्ति कजगाव बाजार में है।उसमें एक पक्ष के मो सईद विवाद करते हुए उक्त प्रॉपर्टी पर ताला बंद कर दिया।सूचना पाकर थानाप्रभारी मौके पर जाकर असलम व उसके भाई आफताब तथा दूसरे पक्ष के मोहम्मद सईद व उसके भाई जहीर को गिरफ्तार कर लिया।दोनो पक्षों का चालान भेज दिया गया।

## डीएम ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा तहसील केराकत स्थित अघोराचार्य महाराज की तपोस्थली पर पहुंचकर बाबा कीनाराम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए दर्शन पूजन किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी के द्वारा वहां उपस्थित वृद्धजन, गरीब, असहाय और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जनपद में पंजीकृत किसानों के सापेक्ष अभी फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति बहुत कम है जिसमें सभी के सहयोग से फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति को बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री सहित शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं में पात्रों का चयन करते हुए उन्हें लाभ दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि मंदिर परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों से कहा कि जनपद में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री कार्य में सहयोग करे,सभी लोग अपने नजदीकी सीएससी सेंटर पर जाकर पंजीयन अवश्य करा लें। 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, उप जिलाधिकारी केराकत सुनील कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, थाना प्रभारी, अन्य अधिकारीगण सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# अनुप्रिया पटेल ने महिलाओं व पुरुषों को बांटे साल व कंबल




मीरजापुर।अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण व रसायन उर्वरक राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने विन्ध्याचल पटेंगरा नाला स्थित वृद्धावस्था आश्रम में 90 महिला एवं पुरुष शहरवासीयों के बीच अनुप्रिया पटेल फाउंडेशन की ओर से साल व राजव विभाग की ओर से कंम्बल तथा कुछ अन्य दैनिक उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया।

केंद्रीय मंत्री ने अनुप्रिया पटेल ने आश्रम रह रहे सभी पुरूष व महिला वृद्धजनों से वार्ता कर उनका हाल जाना और सर्दी से बचाव हेतु आवश्यक सामग्री को श्रद्धापूर्वक वितरण करने के उपरान्त सभी वृद्ध जनों से आशीर्वाद प्राप्त किया, साथ ही संबंधित अधिकारियों को वृद्धाश्रम में ठंड के दौरान अनवरत अलाव की व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। इसके अलावां वृद्धजनों के स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए समय समय पर उच्च चिकित्सीय सलाह व दवा उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिक सर्दी हो या गर्मी दोनों मौसम में वृद्ध लोगों को स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों से गुजरना पड़ता है इसलिए आश्रम में सभी वृद्धजनों का ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद, प्रदेश उपाध्यक्ष आईटी मंच दुर्गेश पटेल, प्रदेश सचिव रामवृक्ष बिंद, जिला अध्यक्ष युवा मंच उदय पटेल, जिला अध्यक्ष महिला मंच नमिता कसरवानी, विधानसभा अध्यक्ष राजेश मौर्य, जोन अध्यक्ष श्याम कुशवाह, विशंभर पडे, राहुल ओझा, गौरव दुबे सहित उप जिलाधिकारी गुलाबचंद, नायब तहसीलदार चंद्रगुप्त सागर मौजूद रहें।

## सर्द रात में ठिठुरते जरूरतमंदों को ओढ़ाया कम्बल

जिला संवाददाता(vol)



रेणुकूट/सोनभद्र। हिण्डाल्को रेणुकूट क्लस्टर के मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह ने रेणुकूट रेलवे स्टेशन से लेकर रेणुकूट बस स्टैण्ड एवं आस-पास के राहगीरों, रेलवे स्टेशन पर ठंड में सोतेजरूरतमंदों, ठंड से कांपते मुसाफिरों को कम्बल ओढ़ाकर उनके चेहरों पर मुस्कान ला दी।

हिण्डाल्को के सौजन्य से देर रात हिण्डाल्को के उक्त अधिकारी जब पूरा नगर अपने घरों में रजाई में सो रहा था तो कम्बल लेकर निकले और जरूरतमंद लोगों, राहगीरों तथा ठंड से कांप रहे ट्रेन व बस के इंतजार में बैठे मुसाफिरों को कम्बल ओढ़ाकर उन्हें सर्द रात में गर्मी का एहसास कराया। इस दौरान लगभग 250 कम्बलों का वितरण किया गया। कम्बल पाकर ठंड में ठिठुर रहे लोगों ने उक्त अधिकारियों को दिल से दुआएं दीं। इस दौरान हिण्डाल्को के वरिष्ठ अधिकारीजनसम्पर्क विभाग के प्रमुख यशवंत कुमार, सुरक्षा प्रमुख कर्नल (सेवनिव) रोहित शर्मा, सुरक्षा प्रबंधक मेजर (सेवनिव) देवेन्द्र ओंकार, आदि मौजूद रहे।

ज्ञातव्य हो कि ठंड के प्रारंभ होते ही विगत दो माह से हिण्डाल्को प्रबंधन प्रतिदिन रेणुकूट रेलवे स्टेशन से लेकर मुर्धवा तक विभिन्न स्थानों पर जलावनी लकड़ी की भी व्यवस्था कर रहा है जिससे कि नगर के लोगों के साथ-साथ राहगीरों और यात्रियों को भी ठंड से बचाव में बहुत सहूलियत हो रही है।

## गेहूं की अच्छी पैदावार लेने के लिए करें छिड़काव

आजमगढ़। कृषि वज्ञिान केंद्र लेदौरा के वरष्ठि वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. एलसी. वर्मा ने बताया कि गेहूं की फसल में अच्छी पैदावार लेने के लिए प्रतियोगी खरपतवारों के लिए सुरक्षित शाकनाशी एवं कीड़ों से बचाने के लिए रासायनिक दवाओं का समय-समय पर प्रयोग करके अधिक से अधिक उत्पादन लिया जा सकता है। वैज्ञानिक डा. एमपी गौतम ने कहा कि बुआई के उपरांत 25 से 30 दिन की अवस्था पर प्रतियोगी खरपतवारों को नियंत्रण करना आवश्यक प्रक्रिया है। गेहूं की फसल में सकरी पत्ती वाले खरपतवार गेहूं सा एवं जंगली जई उगते हैं। जबकि चैड़ी पत्ती वाले खरपतवार बथुआ, कृष्ण नील, सेनजी, हिरनखुरी, जंगली मटर, प्याजी, सत्यानाशी, चटरी मटरी, अकरा अकरी आदि भी उगते हैं। उन्होने कहा कि सकरी पत्ती वाले खरपतवार गेहूंसा, जंगली जई के नियंत्रण के लिए सल्फोसल्फ्यूरान 75 फिसदी घुलनशील रवे 33 ग्राम (2.5 यूनिट) प्रति हेक्टेयर को पांच सौ से छह सौ लीटर पानी अथवा क्लोडिनाफॉप प्रोपिजिल 15 फीसदी घुलनशील चूर्ण चार सौ ग्राम दवा प्रति हेक्टेयर की दर से पांच सौ से छह सौ लीटर पानी में घोलकर बुवाई के 25 से 30 दिन बाद पहली सिंचाई के उपरांत फ्लैट फेन नाजिल युक्त स्प्रे से छिड़काव करना चाहिए। चैड़ी पत्ती वाले खरपतवारओं के नियंत्रण के अंतर्गत मेटसल्फ्यूरान 20 ग्राम प्रति हैक्टेयर अथवा कार्फेंट्रजान ईथाइल 40 फीसदी डीएफ 50 ग्राम प्रति हेक्टेयर को पांच सौ से छह सौ लीटर पानी में घोल बनाकर बुवाई के 25 से 30 दिन बाद छिड़काव करना चाहिए।

## किसी पुस्तक को समझने के लिए विश्लेषण वाली दृष्टि होनी चाहिए: प्रो शिशिर पांडेय

मिजार्पुर। नगर के मध्य स्थित महर्षि दयानन्द बालिका इंटर कॉलेज के सभागार में वहीं की प्रिंसिपल एवं साहित्यकार डॉ उषा कनक पाठक द्वारा रचित 'द्वैताद्वैत का अनुपम संसार' नामक पुस्तक के लोकार्पण किया गया। उक्त अवसर



पर चित्रकूट के जगद्गुरु रामभद्राचार्य राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर पाण्डेय ने कहा कि किसी पुस्तक की रचना में रचनाकार के भावों को समझने के लिए विश्लेषण वाली दृष्टि होनी चाहिए, क्योंकि रचनाकार सूत्र वाक्यों में अपनी बात कहता है, जिसका अर्थ व्यापक होता है प्रोफेसर पाण्डेय ने कहा कि यह पुस्तक सुगम और अगम दोनों है। साधारण पाठक भी इसके अर्थों एवं भावों को समझ सकता है तो इसकी गहराई में उतरने में व्याख्या में रत्न भी निकलेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ सच्चिदानंद पाठक ने कहा कि पुस्तक में रचनाकार ने जिस अनुपम संसार की बात कही है, उसे समझने की जरूरत है। उन्होंने द्वैत एवं अद्वैत की भी वृहद व्याख्या की। समारोह की अध्यक्षता श्रीमाता प्रसाद माताभीख इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ श्यामनारायण तिवारी ने की। कार्यक्रम में पुस्तक की समीक्षा सलिल पाण्डेय ने तो लोकगीत गायन विजय शंकर पाठक ने किया एवं सरस्वती वंदना जवाहरलाल दुबे ने की। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत आयोजिका डॉ उषाकनक पाठक ने किया जबकि धन्यवाद इंजीनियर सौरभ पाठक ने तथा संचालन पैड़ापुर इंटर कॉलेज के सेवा निवृत्त शिक्षक उमाशंकर पाण्डेय ने तथा समापन पुस्तक के प्रकाशक अमित आंनद ने किया। समारोह में शिक्षा जगत एवं पत्रकारिता जगत में उल्लेखनीय भूमिका अदा करने वालों को उत्तरीय देकर सम्मानित किया गया।

## लेखाकारों का हित उपासा में सुरक्षितः धर्मेन्द्र



जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन (उपासा) की बैठक सोमवार को नेहरू हाल में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान संवर्गीय वित्तीय निष्पादन के कार्यो की चर्चा के उपरांत कार्यकारिणी का विस्तार व मनोनयन हेतु उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों के लेखाकार व आडिटर द्वारा सदस्यता ग्रहण की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि लेखा संवर्ग वित्तीय निष्पादन की महत्वपूर्ण इकाई है। जिसकी प्राथमिक इकाई आडिटर व लेखाकार होते है। जो अपने दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन कर अर्थव्यवस्था को गतिशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। अजय कुमार राय ने कहाकि जो भी उपासा के साथियों को जो भी समस्याएं हो उसे हर हाल में संगठन को अवगत कराए ताकि संगठन के दम पर समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया जा सके। उन्होंने कहा संगठन के दम पर हम अपनी मांगों/समस्याओं को सरकार से पूरा कर सकते है। इसके साथ ही संगठन की मजबूती पर भी विस्तार से चर्चा किया गया।

सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए मीडिया प्रभारी देवाशीष श्रीवास्तव ने कहाकि 2025 में लेखा संवर्ग वित्तीय हितों पर विस्तार से चर्चा के उपरांत आगामी कार्ययेजनाओं की रूपरेखा तैयार किया गया हैं जिसके माध्यम से पूरे वर्ष उपासा अपने कार्यो को अंजाम देगी। इस अवसर पर लेखाकार धर्मेन्द्र यादव, अखिलेश यादव, सूर्यप्रकाश गुप्ता, मोहम्मद राशिद, संजय कुमार, जितेंद्र मोदनवाल, अजय कुमार राय, देवाशीष श्रीवास्तव, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों को दिए कंबल



जौनपुर। रोटरी क्लब द्वारा गरीबों और जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजित किया। इस आयोजन में रोटरी के सदस्यों एवं संस्थाध्यक्ष श्याम वर्मा ने रात्रि के 11 बजे घरों से बाहर निकलकर जरूरतमंदों की तलाश की और उन्हें कंबल वितरित किए।

अलग अलग क्षेत्रों में जाकर कंबल वितरण कार्यक्रम किरतपुर, मुसहर बस्ती में भी जरूरतमंद महिलाओं को कंबल दिया। संस्थाध्यक्ष श्याम वर्मा ने बताया कि इस पुनीत कार्य में रोटरी क्लब के सदस्यों का उल्लेखनीय सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे गरीबों को राहत मिल रही है और उनके चेहरों पर मुस्कान आ रही है। उन्होंने कहा अपनी गरीबी के कारण ठंड से ठिठुर रहे लोगों को कंबल वितरण कार्य से हम सभी को आंतरिक संतुष्टि मिली। सदस्य संजय जायसवाल, विवेक सेठी, विशाल गुप्ता, रविकांत जायसवाल, राजीव साहू, अनिल गुप्ता, श्याम बहादुर अंकल सिंह, सुजीत अग्रहरि, डॉ. एस.के. सिंह, आर.एन. सिंह, डॉक्टर बृजेश, अमित गुप्ता, आशीष गुप्ता, नवीन सिंह, मिथिलेश अग्रहरि और डॉ. सिद्धार्थ सिंह की अहम भूमिका रही। सचिव शिवांशु श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

## शिक्षक रमाशंकर शुक्ल विवेक रत्न से सम्मानित

मीरजापुर। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर नगर के रमई पट्टी स्थित एक एस जे इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक रमाशंकर शुक्ल को अपर आयुक्त विश्राम यादव द्वारा विवेक रत्न से सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर विवेकानंद शिक्षा समिति और साहित्य क्षितिज के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस



मौके पर अपर आयुक्त डॉ0 विश्राम ने संस्थान की ओर से रमाशंकर शुक्ल को विवेक रत्न और समिति के कर्मचारी विनय तिवारी को विवेक गौरव के सम्मान से अलंकृत किया। सम्मेलन में अपर आयुक्त डॉ0 विश्राम, सोनभद्र के कवि कमलेश राजहंस, मशहूर हास्य व्यंग्यकार राधेश्याम भारती, जौनपुर के सभाजीत द्विवेदी प्रखर, गणेश गंभीर, राजेंद्र तिवारी लल्लू भैया, नंदिनी वर्मा, श्याम अचल, पूजा यादव, सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रकाश और केदारनाथ सविता ने काव्य पाठ किया। उक्त सम्मेलन इसलिए भी महत्वपूर्ण था कि श्रोता दीर्घा विशिष्ट प्रबुद्ध हस्तियों से समृद्ध थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समीक्षक और साहित्यकार डॉ0 अनुज प्रताप सिंह ने की और आभार प्रकाशन समिति के प्रबंध निदेशक अनुज कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## पूर्व सांसद पकौड़ी लाल कोल ने तोड़ा अपना दल एस से नाता

मीरजापुर।अपना दल एस को उनकी पार्टी के पूर्व सांसद पकौड़ी लाल कोल ने तगड़ा झटका देते हुए, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की पार्टी अपना दल (एस) से अपना नाता तोड़ लिया। पटेहरा ब्लाक के दीपनगर में कोल समाज की बैठक में पूर्व सांसद पकौड़ी लाल कोल ने उक्त घोषणा की। उन्होंने विंध्य समता मूलक समाज पार्टी बनाने का किया ऐलान, उन्होंने कहा की अलग संगठन बनाए बगैर कोल समाज का विकास नहीं हो सकता।

## लेखपाल पर नांद-खूंटा हटाकर कब्जा दिलाने का लगाया आरोप

जौनपुर। जिलाधिकारी न्यायालय में मुकदमा लंबित रहने के दौरान लेखपाल ने गरीब के पशुओं की नांद-खूटा आदि उखड़वाकर एक पक्ष को कब्जा दिलाने की कोशिश की गयी। प्रकरण तहसील सदर थाना लाइन बाजार अर्न्तगत ग्राम कंधरपुर का है जहां भू खंड 45 पर सैकड़ों साल से नट बिरादरी के लोग मकान बनवाकर रह रहे हैं। इस समय इस भू भाग पर केवला देवी पत्नी चइतू का कब्जा है। इनका सरकरी मदद से शौचालय भी इसी भूमि पर बना था।

शौचालय पुराना होने के कारण टूट गया जिसकी मरम्मत केवला देवी करा रही थी तभी विपक्षी धर्मेन्द्र यादव ने आकर निर्माण रोकवा दिया। बाद में ज्ञात हुआ कि उक्त भूमि को वर्ष 2003 में ग्राम प्रधान ने अपने परिवार के एक व्यक्ति को आवास हेतु आवंटित कर दिया। जानकारी होने पर केवला देवी ने जिलाधिकारी के न्यायालय में पट्टा मंसूखी का वाद दाखिल कर दिया। उक्त वाद न्यायालय में लंबित रहते हुए हल्का लेखपाल संजीत कुमार सिंह, ग्राम प्रधान शैलेन्द्र यादव, धर्मेन्द्र यादव तथा दो पुलिस कर्मियों ने ललकार कर केवला देवी की भैंस, बकरी खूंटे से छोड़कर भगा दिये तथा कंटीले तार से जमीन की घेराबंदी करने लगे। पीड़िता देर शाम तक फरियाद लेकर उपजिलाधिकारी सदर के कार्यालय पर बैठी रही। उक्त प्रकरण में लेखपाल समेत अन्य लोगों पर कार्यवाही की मांग की गयी है।

## महफिलों में पेश किए हजरत अली की शान में कसीदे



जौनपुर। मुसलमानों के खलीफा शियों के पहले इमाम मौलाए कायनात हजरत इमाम अली के जन्मदिवस के मौके पर मोहल्ला अजमेरी मे एक महफिल सजी बजमे मौलूदे काबा जिसमें शायरों ने हजरत अली की शान में अपने कलाम पेश किए। कसीदे सुनकर श्रृद्धालु मंत्रमुग्ध होते रहे और वाह वाही किया।

महफिल का आगाज धर्मगुरु मौलाना सैय्यद सफदर हुसैन जैदी ने कुरआन-ए-पाक की तिलावत से किया और हजरत अली की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए कहा कि हजरत अली की जिन्दगी हर इंसान के लिए आइडियल और नमूना है। उन्होंने हाकिम और वली होने के साथ उम्मत की रहबरी जब से जब तक सभाली तारीख गवाह है कि उस दौरान कोई भी भूखा नहीं रहा किसी के साथ नाइंसाफी नही हुई। जो कि आज के दुनिया में तमाम हाकिमों के लिए एक सबक हैं। महफिल का मिसरा दर नया खोला गया है काबे की दीवार में रहा जिसपर शायरो ने अपने कलाम पेश किये। मौलाना सै. आबिद रजा रिजवी मोहम्मदाबादी ने पढ़ा कि- एक अलीए खामनाई ने पढ़ाया था जुमा, कितना दम है देख ले दुनिया मेरी दस्तार मे। नजमी जौनपुरी ने पढ़ा- जिक्र से हैदर के जीनत दो तुम अपनी बज्म को, लाएगा तब्दीलियाँ ये आपके किरदार में। राहिब जौनपुरी ने पढ़ा- आमदे मालाएं गुल से है मुनव्वर दो जहाँ, नूर बरसा आसमा से गुल खिले गुलजार मे। रविश जौनपुरी ने पढ़ा- हम सही हो जाए गर से सब सही हो जायेगा, है कमी कितनी मेरे अन्दर मेरे किरदार मे। तनवीर जौनपुरी ने पढ़ा- तेरी सूरत आइना दारे सिफाते किबरिया, एक अलग मेराज पिनहा है तेरे दीदार मे। शादाब जौनपुरी, जीशान अकबरपुरी, मौलाना सै शाजान जैदी, कैफी मोहम्मदाबादी, आमिर कजगांवी, ताबिश काजमी, अली अब्बास, अनवर जौनपुरी, वजीह मेहंदी जैदी, वसीम, तालिब, जमानत आदि शायरो ने मौला अली की शान मे कसीदे पढ़ कायम आब्दी, असद, इनायत आदि उपस्थित रहे।

## खरीदारी जोरों पर, मकर संक्रान्ति आज

जौनपुर। जिले के विभिन्न स्थानों पर मकर संक्रांति यानी खिचड़ी पर्व के लिए बाजार सज गए हैं। शहर से लेकर गांव तक तिल की सुगंध, गुड़ की मिठास, बाजार में इन दिनों चारों ओर बिखरी हुई है। नगर के प्रमुख



दुकानों के साथ ही गली व चौराहों पर स्थित दुकानों में भी तिल-तिलवा की अभी से ही खूब बिक्री हो रही है। शहर के प्रमुख बाजार ओलन्दगंज, चहारसू, सब्जी मण्डी, कोतवाली चैराहा, लाइन बाजार, पालिटेकनिक चौराहा सहित अन्य क्षेत्रों में व गांवों में भी कारोबारियों ने सड़क किनारे पटरी पर दुकानें सजाई हैं. कल मकर संक्रांति मनाई जाएगी.। मकर संक्रांति पर तिल और गुड़ की गजक सहित कई वस्तुएं खरीदी जाती हैं. इसी वजह से बाजारों में तिल और गुड़ की गजक, लड्डुओं की दुकानों पर रौनक आ गई है. हालांकि गुड़ के भाव बढ़ने से अन्य सामग्रियों में भी 5 से 10 रुपये प्रति किलो तक की बढ़ोतरी हुई है.।पतंग की दुकानें भी गुलजार है। दुकानों पर तिलकुट, रेवड़ी, लाई एवं अन्य खाद्य पदार्थों को गुड़ एवं चीनी से बनाकर सजाया गया है. सबसे अधिक मांग गुड़ वाले खाद्य पदार्थों की है।

# सर्दी का सितम चरम पर, जनजीवन बेहाल



सोनभद्र। सोनांचल में सर्दी का सितम अपने शबाब पर है। दो दिन पहले मिली कुछ राहत से रविवार को हुई बूंदाबांदी ने ठंड में में फिर से वृद्धि कर दिया है। सोमवार को पश्चिमी विक्षोप के चलते मौसम फिर बिगड़ गया और कोहरे की चाँदर के आगे धूप का असर नहीं दिखा। लोग दिन में भी अपने शरीर पर गर्म कपड़े लादे और अलाव तापते नजर आये। वाहन भी देर सुबह तक घने कोहरे के कारण हेड लाइट जलाकर सड़कों पर रेंगते देखे गये।

बता दें कि शनिवार को कुछ राहत के बाद रविवार को जिले में हुई बूंदाबांदी की वजह से ठंड बढ़ गयी है। घने कोहरे के बीच पड़ रही बड़ाके ही ठंड से आम जनजीवन बेहाल हो गया है। सड़कों पर वहीं लोग नजर आ रहे हैं जो मजदूर या किसी आफिस से जुड़े हैं। लोग ठिठुरते दिख रहे है। तमाम लोग अलाव का सहारा ले ठंड से निजात पाने का प्रयास कर रहे है। घने दोहरे और कड़ाके की ठंड के कारण शाम ढलते ही अघोषित कर्फ्यू जैसा आलम पैदा हो जा रहा है। फिर सुबह दस बजे के बाद ही सड़कों की रौनक कायदे से लौट क पा रही है। घने कोहरे के चलते जहाँ यातायात पर कुप्रभाव पड़ रहा है वहीं, लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। दोहरे का आलम यह है न्दिद्र पड़ रहे इहासे मानो रिमझिम पुछाड़ पड़ रही हो। सड़के, गलियां, सिवान, आँगन सभी कुहासे से भीग जा रहे है। लोग धूप के लिए तरसते देखे जा रहे हैं। इनके तन में सूर्यदेव हे किंरण ठंड से राहत नहीं पहुंचा पा रहे हैं। कुल मिलाकर ठंड से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

## फसलों पर पाले के भय से किसान चिंतित

शाहगंज (सोनभद्र)। ठंड में बढ़ोत्तरी होने तथा घने कोहरे से किसानों को पाला का भय सताने लगा है। उन्हें डर है कि अगर इसी तरह मौसम बिगड़ रहा तो पाला की जद में आये दलहन और तिलस्त समेत आल्लू की फसल को उन्हसान पहुंच सकता है। घोरावल ब्लाक के ढुटेर गांव निवासी किसान विनोद मौर्य, विजय कुमार मौर्य, गिरजा पटेल आदि का मानना है कि बारिश और कोहरे से गेंहू की फसल को तो जीवनदान मिलेगा, लेकिन आलू सहित फूल-फल रही दलहनी और तिलहनी फसल खराब हो सकती है। इधर चुहों के आक्रमण से भी फसलें बर्बाद हो रही है।

## रक्तदान कुंभ का आयोजन

मीरजापुर। स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर स्थानीय सिविल लाइन्स स्थित सिटी क्लब में रक्तदान कुंभ का आयोजन किया गया। ये आयोजन जेएमजे-एक अपील के तहत विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट और राबिन हुड आर्मी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत असिस्टेंट कमिश्नर (प्रशासन) डॉ विश्राम, जगद्गुरु श्रीराम भद्राचार्य दिव्यांग राजकीय विश्वविद्यालय, चित्रकूट के कुलपति डॉ शिशिर पांडेय संग जिले के प्रसिद्ध साहित्यकार पत्रकार सलिल पांडेय ने माता विंध्यवासिनी और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया।

कार्यक्रम के बीच में मां विंध्यवासिनी स्वशासी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजीव सिंह, नगर पालिकाध्यक्ष अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, अखिल भारत रचनात्मक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विभूति कुमार मिश्र, प्रवी कसेरा सहित शहर के अन्य प्रतिष्ठित नागरिकों ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजको एवं रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि के रूप में आये असिस्टेंट कमिश्नर डॉ विश्राम ने कहा कि रक्तदाताओं के उत्साह को देखते हुए वो बहुत खुश है और चूंकि वो स्वयं कई बार रक्तदान कर चुके है इसलिए रक्तदान की महत्ता को समझते है। विशिष्ट अतिथि डॉ शिशिर पांडेय ने रक्तदाताओं को आशीर्वाद देते हुए बताया कि एक समय वो भी स्वयं रक्तदाता थे और साल में तीन बार रक्तदान करते थें। उन्होने भी रक्तदान के प्रति मीरजापुर के युवाओं के उत्साह को देखते हुए खुशी जताई। विशिष्ट अतिथि एवं स्थानीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजीव सिंह ने आयोजको संग रक्तदाताओं को साधुवाद देते हुए अपनें तरफ से हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। नगर पालिकाध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी ने कार्यक्रम के अंत में उपस्थित होकर स्वामी विवेकानंद के गुणों को बताते हुए सभी आयोजको एवं रक्तदाताओं को साधुवाद दिया। कार्यक्रम में सलिल पांडेय, विभूति मिश्र एवं लल्लू तिवारी, प्रवी कसेरा ने भी संबोधित करते हुए रक्तदाताओं को साधुवाद दिया। रक्तदान करने वाले रक्तवीरों में अजय कुमार बिंद, मोहित कुमार, अमित गुप्ता, अभिनव बरनवाल, रितेश उमर, पवन पांडेय, विनीत शर्मा, अश्वनी कुमार विश्वकर्मा, अनिकेत दुबे, आकाश कुमार तिवारी, देवेश शुक्ला, सुदेश चौरसिया, हर्षित वर्मा, नीरज कुमार, हिमांशु कसेरा, प्रखर गुप्ता, सुमित केशवानी, बृजेश कुमार, आदित्य चौरसिया, पंकज जायसवाल, अजय कुमार केसरी, दीपक जायसवाल, हिमांशु चौरसिया, आयुष वर्मा, वैभव शुक्ला, संजय कुमार यादव, संजीव कुमार श्रीवास्तव सम्मिलित रहें।

## अभिषेक सिंह ने महाकुंभ के लिए रवाना की बस

जौनपुर। जिले के मूल निवासी चर्चित आईएएस रहे अभिषेक सिंह ने सोमवार को गनर के जेसीज चौराहे से श्रद्धालुओं भरी एक बस रवाना किया। अभिषेक सिंह ने कहा कि यह सेवा महाकुंभ के पूरे स्नान तक चलती रहेगी। जिस तरीके से श्रद्धालुओं की संख्या रहेगी



उसे तरीके से बसों का संचालन किया जाएगा, इस यात्रा का नाम श्रवण कुमार महाकुंभ रथ सेवा रखा गया है। उन्होने बताया की इसके द्वारा वह जौनपुर के श्रद्धालु बिना किसी आर्थिक बाधा के महाकुंभ में स्नान कर सकें। उन्होंने कहा कि महाकुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति भारतीय परंपरा का केंद्र है। पूरी दुनिया की निगाहें महाकुंभ की इस स्नान पर टिकी हैं। महाकुंभ की सफलतापूर्वक पूरा होने पूरी दुनिया में एक बड़ा संदेश जाएगा। जिसमें मैं अपना एक छोटा सा योगदान अर्पित कर रहा हूं।

संक्षेप

## तीन फरार अभियुक्तों पर 25 हजार की इनाम घोषित

**देवरिया**। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर ने अपराध नियंत्रण और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के क्रम 3 अभियुक्तों पर 25-25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया है। तीनों अभियुक्त लंबे समय से फरार हैं और गंभीर आपराधिक मामले में वांछित हैं। बिहार राज्य के सिवान जिला के आंदर थाना निवासी प्रिंस गुप्ता पुत्र राजेन्द्र गुप्ता के विरूद्ध भलुअनी थाना में ठग्धर अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज है। अभियुक्त लंबे समय से फरार है।इसके खिलाफ एसपी ने 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया है। भाटपार रानी थाना क्षेत्र के टीकम पार गांव निवासी टाइगर उर्फ रामचन्द्र उर्फ रणविजय यादव पुत्र श्रीराम यादव के विरुद्ध भलुअनी थाना में ठग्धर अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज है। अभियुक्त लंबे समय से फरार है। अभियुक्त टाइगर उर्फ रामचन्द्र उर्फ रणविजय यादव थाना भलुअनी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 158/2024 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट में वांछित अभियुक्त है ।

# पुजारी की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**कुशीनगर**। जिले के बरवा पट्टी थानाक्षेत्र के एक मंदिर के पुजारी फलहारी दास की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। पुजारी की हत्या के

- हत्यारों की गिरफ्तारी करने व साक्ष्य मिटाने को लेकर पुलिस पर भड़के ग्रामीण, किया विरोध प्रदर्शन।
- एसपी ने घटना स्थल का लिया जायजा, खुलासे को गठित किया टीम।
- बरवा पट्टी थाना क्षेत्र के अमवा खास राम जानकी मंदिर का मामला।

बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुजारी की हत्या के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए, और हत्यारों को गिरफ्तार करने व साक्ष्य मिटाने को लेकर विरोध-प्रदर्शन करने लगे। पुलिस को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंचे एसपी ने ग्रामीणों को समझा-



बुझकर शांत कराया। घटना की बारीकियों का जायजा लिया तथा खुलासा करने के लिए टीम गठित कर दिया।

पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। जानकारी के अनुसार बरवा पट्टी थाना क्षेत्र के अमावखास राम जानकी मंदिर के पास रविवार की रात करीब 03 बजे पुलिस को सूचना मिली कि सड़क पर एक व्यक्ति का लाश पड़ा है। मौके से पहुंची पुलिस ने उक्त व्यक्ति को अस्पताल ले गई, जहां जांचोपरांत चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक की



पहचान फलहारी बाबा पुत्र रामशरण दास उम्र करीब 65 वर्ष निवासी अमवा खास थाना बरवा पट्टी के रुप में हुई। बताया जा रहा है कि मृतक एक मंदिर का पुजारी थे जो लगभग 30 वर्षों से सेवा दे रहे थे, जिनकी हत्या कर दी गई। पुजारी की हत्या के बाद सोमवार को ग्रामीणों ने मंदिर के पास हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस कर्मियों पर गांव वाले भड़क गए। पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। हंगामा बढ़ते देख कई थानों की पुलिस को मौके पर बुलाया गया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मंदिर के अंदर फर्श पर खून के छींटे पसरे हुए थे। पुलिस के अनुसार धारदार हथियार से अज्ञात बदमाशो ने हत्या किया है। मौके से पहुंचे एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी लिया तथा घटना को अतिशीघ्र खुलासा हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस संबंध में एसपी ने बताया कि उक्त प्रकरण में पुलिस सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। घटना का खुलासा करने के लिए टीम गठित कर दी गई है, जल्द ही पदार्फाश कर दिया जायेगा।

## एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

मथुरा। समग्र शिक्षा माध्यमिक ,उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ एवं किशोरी रमण इंटर कॉलेज मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में ह्र मकर संक्रांति महापर्व की आधुनिक प्रासंगिकता विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन सोमवार को किशोरी रमण इंटर कॉलेज मथुरा में किया गया।

कार्यक्रम में प्रोफेसर वीरेंद्र मिश्र पूर्व प्राचार्य बी एस ए डिग्री कॉलेज मुख्य अतिथि, डॉ राघवेंद्र असिस्टेंट प्रोफेसर संस्कृत विभाग पाण्डिचेरी विश्वविद्यालय विशिष्ट अतिथि रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन मुरलीधर शर्मा प्रधानाचार्य किशोरी रमण इंटर कॉलेज मथुरा द्वारा की गई व डॉ रत्नेश त्रिवेदी समन्वयक प्रतिनिधि उप्र संस्कृत संस्थान लखनऊ व संगोष्ठी सचिव श्याम सुंदर जिला समन्वयक समग्र शिक्षा द्वारा कार्यक्रम संयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफे सर वीरेन्द्र मिश्र ने कहा कि मकर संक्रान्ति का पर्व सम्पूर्ण समाज को संगठित व सामूहिक रूप से मनाने का पर्व है।

## भाजपाइयों ने विद्युत उपकेंद्र कसया पर किया विरोध-प्रदर्शन



**कुशीनगर**। जिले के हाटा विकास खण्ड के प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव के नेतृत्व में भाजपाइयों ने कार्रवाई को लेकर कसया स्थित विद्युत उपकेंद्र पर विरोध-प्रदर्शन किया। यहां मुख्य अभियंता गोरखपुर को संबोधित एक ज्ञापन एसएसओ अवधेश कुमार को देकर तत्काल कार्रवाई की मांग किये।

बीते रात्रि को कसया बिजली विभाग के कर्मचारी एसएसओ सुशील कुमार ने भाजपा नेता अमरनाथ मद्धेशिया से फोन पर अघोषित विद्युत कटौती के संदर्भ में वातालर्प करते हुए बिजली को छूकर लाइन चेक करने जैसे अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया था। जिससे नाराज भाजपाइयों ने सोमवार को सुबह कसया हाईडिल पहुँच कर विरोध-प्रदर्शन करते हुये कार्रवाई की मांग करने लगे। घंटो मान- मनौवल के बाद गोरखपुर मुख्य अभियंता ने भाजपा नेता अमरनाथ मद्धेशिया को फोन से बात कर कार्यवाही का आश्वासन दिया। तब जाकर भाजपा कार्यकताओं ने अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त किया। इस दौरान टेकुआटार मंडल से जिला प्रतिनिधि अजय शर्मा, नि.मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव, मंडल उपाध्यक्ष वशिष्ठ मुनि तिवारी, मंडल मंत्री सुनील कौशिक, मनोज जायसवाल, लवकुश कुमार, डब्लू कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा मोर्चा दिनेश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र मिश्रा, प्रभुनाथ मिश्रा, जितेंद्र सिंह, अविनाश पांडेय, विजय कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लोहड़ी के मौके पर वितरित किये कंबल और खिचड़ी



**महोबा**। लोहड़ी के दिन असहायों, गरीबों और जरूरतमंदों को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जनपद महोबा, मानव सेवा संस्था जनपद महोबा एवं स्वतंत्र पत्रकार समिति उत्तर प्रदेश (रजिस्टर्ड) के तत्वाधान में लगभग दो सैकड़ा कंबलों एवं खिचड़ी का वितरण किया गया। आप को बता दे कि कंबल वितरण के साथ ही लोगों को खिचड़ी भी वितरित की गई।इस कार्य को सफल बनाने के लिए स्वतंत्र पत्रकार समिति उत्तर प्रदेश (रजिस्टर्ड) के पूरी टीम के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक योगदान दिया। टीम के सदस्यों ने कहा कि समाज के जरूरतमंदों की सेवा करना ही सच्ची मानवता है। ऐसे कार्यों के माध्यम से हम समाज के वंचित वर्ग की मदद कर सकते हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की भरपूर सराहना की।इस सेवा कार्य से लाभान्वित लोग काफी खुश और संतुष्ट नजर आए। इस मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सभापति डॉ अभिषेक सक्सेना ने सभी से अपील की कि वे भी जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं। और इन गतिविधियों के माध्यम से समाज में मानवीय मूल्यों और सद्भावना का संदेश दें। वहीं मानव सेवा संस्था भारत के प्रदेश अध्यक्ष रमन दीक्षित ने आये हुए समस्त अतिथियों का अंगवस्त्र देकर सम्मान करते हुए सफल आयोजन को लेकर सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया । इस मौके पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जनपद महोबा के चेयरमैन डॉक्टर अभिषेक सक्सेना, मानव सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष रमन दीक्षित, स्वतंत्र पत्रकार समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नितिन नामदेव, अंकित सोनी, कौशल सोनी, हेमंत कुमार, जीतू, श्रीवास समाज के जिला अध्यक्ष बिहारी लाल गाडगे आदि उपस्थित रहे।

# दो पशु तस्कर को लगी गोली, तीन गिरफ्तार

**कुशीनगर**। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के कुकुत्था नदी के समीप घाघी पुल के पास पुलिस और पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई जिसमें दो तस्करों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। वहीं एक अन्य तस्कर को भी पुलिस ने दबोच लिया। इन तस्करों से पुलिस ने पिकअप वाहन से 33 राशि गोवंशीय पशु मुक्त कराया।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना कोतवाली हाटा को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ शातिर पशु तस्कर ट्रक व पिकप वाहन से एनएच-28 के रास्ते गोवंशीय पशुओं को चोरी छिपे लादकर बिहार ले जा रहे है। इस सूचना पर तत्काल योजना बनाते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया जिसमें थाना कोतवाली हाटा, थाना तुर्कपट्टी, थाना तरया सुजान व थाना तमकुहीराज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के कुकुत्था नदी के समीप घाघी पुल के पास घेराबंदी कर चेकिंग करने लगी। चेकिंग के दौरान एक ट्रक व एक पिकप वाहन आते दिखाई दिया



जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन में सवार कुछ व्यक्तियों द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गई, जिसमें दो व्यक्ति घायल हो गए। जिनकी पहचान जुम्मन पुत्र जुल्फन निवासी मेहियापार थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़, अंशु पुत्र राजू निवासी अम्बारी थाना फुलपुर जनपद आजमगढ़ के रुप में हुई तथा एक अन्य साथी भोलू शिल्पकार पुत्र रामजीत निवासी रकबा जलालपुर थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ भागने का प्रयास कर रहा था जिसको पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी के दौरान गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 33 राशि गोवंशी पशु, दो ठोस लकड़ी का गोलाकार ठीहा, रस्सी, दो अवैध तमंचा व 04 जिन्दा कारतूस व 02 खोखा कारतूस आदि बरामद किया गया है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तों को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोगों द्वारा छुट्टा घुम रहे गोवंशीय पशुओं को चोरी छिपे वाहनों में बांधकर वाहनों में लादकर बिहार ले जाकर गो-तस्करी का कार्य करते है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्र.नि. सुशील शुक्ला थाना कोतवाली हाटा, प्र.नि. अमित शर्मा थाना तमकुहीराज, प्र.नि. राज प्रकाश सिंह थाना तरया सुजान व प्र.नि. संजय कुमार थाना तुर्कपट्टी शामिल रहे।

## सपा छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव का हुआ स्वागत

**कुशीनगर**। सेवरही विकाश खण्ड के ग्राम सभा बाँक खास निवाशी पप्पू यादव को समाजवादी पार्टी दौरा छात्र सभा का राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने के बाद आज जिले में प्रथम आगमन पर जगह जगह कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।तमकुहीराज विधान सभा के ग्राम सभा बांक खास निवाशी पप्पू यादव समाजवादी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता है तथा पार्टी हित मे व आम जन की समस्यायों को लेकर हमेशा प्रयासरत रहे है इसी को लेकर पार्टी ने उन्हें समाजवादी पार्टी के छात्र सभा का राष्ट्रीय सचिव बना दिया आज उनके गृह जनपद में प्रथम अगमन पर कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने जगह जगह रोककर माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया इस दौरान मुख्य रूप से सपा नेता मधुरश्याम राय, आनन्द यादव, सुधीर यादव उर्फ पिंटू, बली बाबा, अजय यादव, पूर्व प्रधान हीरालाल यादव, सिकन्दर यादव, दारा सिंह यादव हरेंद्र यादव,गुड्डू सोनी, पूर्व प्रधान विद्या प्रसाद यादव, मंटू साह, रोहित यादव सहित अन्य कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया।

## निःशुल्क पतंग वितरण

**कुशीनगर**। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर रोटरी क्लब कुशीनगर ने कसया के गांधी चौक पर निःशुल्क पतंग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा कि यह त्योहार हमें सामूहिकता और आनंद का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि पतंग उड़ाने की परंपरा न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि इसके पीछे जीवन के ऊंचे आदर्शों की प्रेरणा छिपी हुई है।कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय गुप्ता ने कहा कि रोटरी क्लब का उद्देश्य सामाजिक सहयोग और जनहित के कार्यों को बढ़ावा देना है। सह सचिव अखिलेश शर्मा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों और युवाओं के बीच खुशियां बांटने का एक माध्यम हैं। इस अवसर पर कृष्णा मद्धेशिया सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटरी क्लब के सभी सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

## सीडीओ ने शिक्षण संस्थानों को छात्रवृत्ति प्रक्रिया में तत्परता बरतने का दिया आदेश

**देवरिया** । मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया है कि जिलाधिकारी के निदेशार्नुसार जनपद के दशमोत्तर कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर (कक्षा 11-12 को छोड़कर) शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य, प्रधानाचार्य एवं नोडल अधिकारियों को छात्रवृत्ति योजना के तहत आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। यह पाया गया है कि कक्षा 11-12 के 193 शिक्षण संस्थानों ने अब तक अपने संस्थान का प्रोफाइल लॉक नहीं किया है, और छात्रों द्वारा भरे गए आवेदन अकारण लॉगिन पर लंबित हैं। इन संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल अपने संस्थान का प्रोफाइल लॉक करें इसके अतिरिक्त, दि 16 जनवरी को आयोजित गूगल मीट बैठक में इन संस्थानों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। बैठक के दौरान प्रोफाइल लॉक संबंधी प्रक्रिया पूर्ण होने का प्रमाण पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में जमा करना होगा मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रोफाइल लॉक और डाटा अग्रसारण की निर्धारित अवधि समाप्त हो जाने के बाद यदि किसी पात्र छात्र/छात्रा को छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिलता है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्थान के प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी की होगी।सभी संबंधित संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे छात्रवृत्ति योजना को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित करें, ताकि छात्रों को समय पर योजना का लाभ प्रदान किया जा सके।

## मालगोदाम के पेड़ों के मसले पर सीईसी की टीम आज आगरा में

**आगरा**। गधापाड़ा स्थित रेलवे मालगोदाम के परिसर से 23 हरे पेड़ काटे जाने के मामले में सीईसी (सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी) की दो सदस्यीय टीम सोमवार को आगरा पहुंच रही है। यह टीम मालगोदाम का तो मुआयना करेगी ही, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के एक प्रोजेक्ट के बारे में संबंधित रोड पर कटने वाले पेड़ों की भी जानकारी लेगी।गधापाड़ा रेलवे मालगोदाम के परिसर में खड़े हरे पेड़ों को रातोंरात काटे जाने का मामला तूल पकड़ चुका है। पर्यावरणविद ड ?. शरद गुप्ता इस मामले को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष ले गए थे, जहां से ये मामला सीईसी के पास भेज दिया गया था। आगरा के दौरे पर आ रही टीम में सीईसी के मेंबर चंद्र प्रकाश गोयल और जेआर भट्ट शामिल हैं।सीईसी के दोनों सदस्य रेलवे मालगोदाम का विजिट करने के बाद डीआरएम आगरा, आरपीएफ कमांडेंट और शिकायतकर्ता . शरद गुप्ता के साथ बैठक भी करेंगे।

## भाकियू की महापंचायत 16 को डीएम कार्यालय पर

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया** । भारतीय किसान यूनियन जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 16 जनवरी को ठ्ल 727अ देवरिया बाईपास, ठ्ल 727इ सलेमपुर नवलपुर बाईपास से प्रभावित किसानों की मांगों को लेकर एवं बैतालपुर में चीनी मिल लगाने को लेकर डीएम कार्यालय पर होने वाली किसान महापंचायत में

- किसान हितों की अनदेखी का आरोप

भारी संख्या में शामिल होने पर चर्चा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाकियू पूर्वी उ०प्र० उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि ठ्ल 727अ देवरिया बाईपास, ठ्ल 727इ सलेमपुर नवलपुर बाईपास में जिला प्रशासन के एडीएम प्रशासन द्वारा घोषित अवॉर्ड को निरस्त कर नया अवॉर्ड बनाने एवं बैतालपुर में नई चीनी मिल लगाने को लेकर भारतीय किसान यूनियन, भूमि बचाओ,किसान बचाओ संघर्ष समिति, चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति से जुड़े किसानों द्वारा लगातार आंदोलन किया जा रहा हैं । मगर शासन,प्रशासन,विधायक, सांसद,मंत्री एक दम चुप्पी साधे हुए हैं। किसी भी कीमत पर किसानों द्वारा मुआवजे में 67% की कटौती को स्वीकार नहीं किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन 16 जनवरी को डीएम कार्यालय पर जोरदार तरीके से आंदोलन करेगी। भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने कहा कि भाजपा की केन्द्र और प्रदेश की दोनों सरकार द्वारा वर्ष 2013 में मनमोहन सिंह सरकार द्वारा किसानो के हित में संसद में पारित भूमि अधिग्रहण कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जिन किसानों का ओट लेकर भाजपा लगातार केन्द्र और राज्य में अपनी सरकार बना रही हैं आज उन्हीं किसानों के पेट पर लात मार रही हैं। भाकियू पूर्वी उ०प्र० सचिव विनोद गुप्ता ने कहा कि बैतालपुर में नई चीनी मिल लगाने के लिए भाजपा द्वारा 2014 के लोकसभा चुनाव से लेकर ,2017 के विधान सभा चुनाव,2019 के लोकसभा चुनाव,2022 के विधान सभा चुनाव,2024 के लोकसभा चुनाव में वायदा एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लगातार कई बार घोषणा किया गया मगर आज तक चीनी मिल लगाने के लिए सरकारी बजट की घोषणा नहीं की गई। भाकियू जिला संयोजक सदानंद यादव ने कहा कि 16 जनवरी को डीएम कार्यालय पर होने वाली महापंचायत ऐतिहासिक होगी। श्री यादव ने सभी किसानों से 11 बजे तक देवरिया टाउनहॉल में जुटने की अपील की। बैठक में मण्डल प्रवक्ता अरविन्द उपाध्याय,जिला महासचिव धनंजय सिंह,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्यामदेव राय जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह,मारकंडेय सिंह,जिला सलाहकार मदन चौहान,जिला कोषाध्यक्ष चन्द्रदेव सिंह,चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किसान पाठशाला: गन्ने के साथ प्याज और भिंडी की खेती पर जोर



**कुशीनगर**। जिले के कसया विकास खण्ड के ग्रामसभा सिरसिया में न्यू इंडिया चीनी मिल ढाढा तथा उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराइच गोरखपुर द्वारा बसन्त कालीन गन्ना किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत प्रगति शील किसान वंशराज कुशवाहा ने किया।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान पिपराइच के पूर्व निदेशक डॉ ओमप्रकाश गुप्ता ने गन्ना किसान पाठशाला में उपस्थित कृषकों को बताया कि गन्ने की अधिक उपज देने वाली प्रजाति को 0118, 15023, कोसा 18231, 13235 आदि की बुवाई चार फुट की दूरी पर नाली बनाकर करें। गन्ने को दो पंक्तियों के बीज प्याज की चार पंक्ति रोपाई करे प्यार बोन से गन्ने का औसत उपज बढ़ जायेगा कीट नियंत्रण होगा एक एकड़ लगभग एक लाख का प्याज होगा भिन्डी बोने के 35 दिन पर फली निकलना प्रारम्भ 3 माह में 60 से 70 हजार का भिन्डी होगा गन्ने के साथ भिंडी प्याज की सहफसली खेती किसानो का भाग्य बदल देगी गन्ना कृषि यंत्रों से लाभ बताया चीनी मिल ढाढा के गन्ना विकास अधिकारी दीपक तिवारी ने बताया कि 30 दिसम्बर तक भुगतान कर दिया गया है सीओ 15023 गन्ना बोने वाले किसान को पोटाश दो बोरी निशुल्क दिया जा रहा है।

## स्वामी जी के विचारों को युवा पीढ़ी को आत्मसात कर ऊर्जा प्राप्त करनी चाहिए: संत बृजमोहनदास महाराज

**कुशीनगर**। जिले के तरयासुजान थाना क्षेत्र के ग्रामसभा बहादुरपुर में श्रीराम कृष्ण विवेकानंद मिशन, बहादुरपुर के तत्वाधान में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दशरथ गद्दी, अयोध्या के पीठाधीश्वर युवा संत बृजमोहनदास जी महाराज ने कहा कि स्वामी जी के विचारों को युवा पीढ़ी को आत्मसात कर ऊर्जा प्राप्त करनी चाहिए जिससे भावी भारत का नव निर्माण हो सके और भारत पुनः विश्वगुरु के पद पर आरूढ़ होकर न केवल भारत का वल्कि विश्व का कल्याण कर सके। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। अपने विचार प्रकट करते हुए मिशन के सदस्य एवं भाजपा के युवा नेता निलय सिंह ने कहा कि स्वामी जी का जीवन और उनका उपदेश हजारों साल तक युवकों को देशवासियों के लिए इस वसुधा के लिए समर्पण एवं त्याग, सेवा का संदेश देता रहेगा। सेवानिवृत अध्यापक सूर्यदेव कुशवाहा ने कहा कि स्वामी जी अद्भुत संत थे जिन्होंने विदेश में जाकर भारत को सम्मान दिलाया।

धर्म के प्रति उन्होंने जिज्ञासा जगाने का कार्य किया। सामाजिक कार्यकर्ता एवं मिशन के सदस्य मनोज कुमार सिंह ने कहा कि स्वामी जी ने शिकागो में अपनी वाणी से भारतवर्ष के संदेश को विश्व के पटल पर पहली बार प्रस्तुत किया। वे अपने महान्-गुरु के महान शिष्य थे। श्री राम कृष्ण विवेकानंद मिशन, बहादुरपुर के अध्यक्ष भाजपा नेता जयंत कुमार सिंह ने कहा कि स्वामी जी का भव्य दिव्य जीवन ही उनका संदेश है। उनके विचार जन जन तक पहुंच सके इसके लिए युवा पीढ़ी को आगे आने का उन्होंने आग्रह किया। श्री सिंह ने कहा कि अभय बनो उनका उपदेश था, जागो उनका संदेश, अपने को पहचानो उनका मंत्र था। श्री राम कृष्ण मिशन का संगठन खड़ा कर उन्होंने दरिद्र नारायण की सेवा एक अभियान चलाया जो आज भी जारी है। उन्होंने घोषणा की कि मैं उस प्रभु का सेवक हूं जिसे अग्यानी लोग मनुष्य कहते हैं। इस कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में सीबीआई अधिकारी सेवा निवृत सुरेंद्र राय, भाजपा नेता धनंजय राय, अतुल श्रीवास्तव, त्रिभुवन जायसवाल आदि रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता जयंत कुमार सिंह ने एवं संचालन मिथिलेश शर्मा ने किया। इस दौरान मोहन गुप्ता, राकेश गुप्ता, मोती जायसवाल, बृजभूषण मिश्र बड़का बाबू, चिरंजीवी तिवारी, नंदलाल कुशवाहा, राजन मिश्र आदि अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस को समारोह पूर्वक मनाने को लेकर हुई बैठक

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर**। जनपद में आगामी गणतंत्र दिवस समारोह परम्परागत एवं हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के संबंध में तैयारी बैठक डीएम विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर निर्धारित कार्यक्रमों के समीक्षा हेतु सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। कार्यक्रम में सभी धार्मिक स्थलों मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा में प्रार्थना सभा, प्रभात फेरी, महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल-कूद, वृक्षारोपण सहित अन्य विविध कार्यक्रम शामिल किये गये है। जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने हेतु कार्यक्रम की रूप रेखा पर जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ चर्चा करते हुए गणतत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन से सम्बंधित जिम्मेदारी एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करते हुए निर्देशित किया कि अधिकारी गण व्यक्तिगत रुचि लेकर





कार्यक्रमों को सफल बनाना सुनिश्चित करेगें। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी धार्मिक स्थलों पर प्रार्थना सभा, ततपश्चात प्रभात सभी सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण, वृक्षारोपण, पुलिस लाइन में परेड, जनपद के सभी विद्यालयों में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों /आश्रितों को सम्मानित करने एवं जनपद में महापुरूषों की प्रतिमाओं/स्मारकों का माल्यार्पण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कार्यक्रमों को गौरवशाली बनाने हेतु सभी सम्बंधित अधिकारियों एवं स्वंय सेवी संगठनों से अपील की है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा 24 जनवरी से 26 जनवरी तक यूपी दिवस मनाए जाने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों की भांति यूपी दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसके अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा झांकी निकाली जाएगी तथा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार राय, समस्त उप जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेश पटारिया, जिला सैनिक एवं पुनर्वास कल्याण अधिकारी आलोक सक्सेना, बीएसए रंजियावन मौर्य, तहसीलदार, जिला प्रोवेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहित अन्य समस्त सम्बंधित अधिकारीगण आदि उपस्थित रहें।

## लेखपाल के साथ मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया** । थाना खामपार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बिरमापट्टी के मोहल्ला लक्ष्मीपुर में 11जनवरी को राजस्व लेखपाल द्वारा सरकारी जमीनों पर कब्जे आदि की जांच हेतु जाया गया था जहां पर एक व्यक्ति शेषमणि शर्मा पुत्र श्यामदेव शर्मा निवासी पिपरा उत्तर पट्टी थाना खामपार के द्वारा राजस्व लेखपाल के साथ मार-पीट किया गया तथा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किया गया। जिसके सम्बन्ध में राजस्व लेखपाल की तहरीर के आधार पर थाना खामपार पर मु0अ0सं0 08/2025 धारा 132/352/351(3) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया । थाना खामपार पुलिस द्वारा पंजीकृत अभियोग में वांछित अभियुक्त शेषमणि शर्मा उपरोक्त को आज गिरफ्तार करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

## वारंटी गिरफ्तार

**देवरिया** । पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्रनाथ चौधरी व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों की रोकथाम हेतु भगोड़ा, वांछित, पुरस्कार घोषित वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए 11.जनवरी से 13.जनवरी तक जनपद में ऑपरेशन वज्र अभियान चलाया गया ।जिसके क्रम में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थानों से गिरफ्तारी की टीमें बनाकर थाना क्षेत्र में वारण्टियों, वांछित अपराधियों के ठिकानों पर दबिश देते हुए जनपद के कुल 52 वारण्टी व 14 वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की गयी ।

## मां शाकंभरी का प्राकट्योत्सव

**मथुरा**। मां शाकंभरी के चुनरी मनोरथ की भव्य शोभा यात्रा प्रातः छत्ता बाजार होली गेट से भरतपुर गेट डीग गेट होते हुए भूतेश्वर महादेव के सामने सत्यनारायण मंदिर पर समापन हुआ आयोजन करता पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर उपाध्याय बिट्टू भैया के बहनोई राजेश वशिष्ठ ने बताया मां शाकंभरी की सेवा दर्शन करने से सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है शोभायात्रा समापन के उपरांत भजन कीर्तन भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर बच्चू पंडित राजू वशिष्ठ प्रेम कुमार अनिल कुमार बलदेव पंडित गिरीश वशिष्ठरेनू सुषमा ज्योति माला अनीता आदि सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुषों ने भाग लिया।

संक्षेप

## दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट मुकदमा दर्ज

महोली/सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस में तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराने की गुहार लगाई है पुलिस ने जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है कोतवाली क्षेत्र के भुड़कुड़ी निवासी सुरेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार सुबह अचानक पुरानी रंजिशन गांव के ही कैलाश मिश्रा व उनके पुत्र शिव शंकर, वैभव, प्रेम सागर आदि मेरे घर पर आकर बेवजह गाली गलौच करने लगे मना करने पर लाठी डंडों से लैस दबंगों ने मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे मेरे बड़े भाई अवधेश पांडे की भी दबंगों ने पिटाई कर दी। शोर शराबा सुनकर मौके पर ग्रामीण इकट्ठे होने लगे। इसी बीच दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। इंस्पेक्टर विनोद कुमार मिश्रा ने बताया मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## पुरानी रंजिश में परिवार के लोगों को पीटा

पाटन, उन्नाव। पुरानी रंजिश को लेकर हमलावरों ने परिवार को लातघूसों व लाठी डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने सुसंगत धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। बिहार थाना क्षेत्र के परसंडा गांव में पड़ोसियों द्वारा एक महिला और उसके बच्चों पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता सुमन पत्नी रज्जन लोधी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके पड़ोसी शिवकुमार उर्फ लल्लू, सूरज लोधी, और धर्मेंद्र लोधी ने मिलकर उन पर और उनके बच्चों पर लातघूसों व लाठी-डंडों से हमलाकर लहूलुहान कर दिया। पीड़िता ने बताया कि उनके पति रज्जन लोधी मुंबई में काम करते हैं, और वह अपने तीन बच्चों के साथ घर में रहती हैं। शिवकुमार और उनके परिवार के साथ पुराना विवाद चल रहा था। इस विवाद के चलते शिवकुमार और उनके भाईयों ने पीड़ित व उनके पुत्र उत्तम और बेटी आंचल के साथ मारपीट की। हमले में पीड़िता और उनके बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रविवार को सुबह 10 बजे हुई, जिसके बाद पीड़िता को प्राथमिक स्वास्थ्य सुमेरपुर ले जाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने गंभीर स्थित देखते हुए घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहाँ उनका इलाज चल रहा है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। थाना बिहार पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि घायलों की डॉक्टरी परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद अन्य धाराओं में बढ़ोत्तरी कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## लापता युवक का शव पेड़ से लटका मिला

लहरपुर/सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र की भदफर चैकी के ग्राम उमरिया खुर्द से दो दिनों से लापता नवयुवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका हुआ पाया गया परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल। प्राप्त जानकारी के अनुसार भदफर चैकी के ग्राम उमरिया खुर्द मजरा पिपरिया निवासी बिंद्रा प्रसाद का पुत्र लाल कश्यप 20 वर्ष विगत शनिवार को सुबह चारा लेने गया था चारा लेकर आने के बाद वह घर में किसी से भी बिना बताए लापता हो गया काफी तलाश करने के बाद अपने पुत्र की तलाश के लिए पिता के द्वारा चैकी भदफर पर प्रार्थना पत्र दिया गया। सोमवार को लाल कश्यप का शव गांव के जंगल में नीम के पेड़ से मफलर से लटकता हुआ पाया गया शव की सूचना पर भाज्य संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और घटना की जानकारी परिजनों व पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतार कर पीएम के लिए भेज दिया। पटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कार्मिकों से नो रिलेशन सर्टिफिकेट अवश्य प्राप्त किया जाये



सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 को सकुशल सम्पन्न कराने के संबंध में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि परीक्षा के संबंध में जारी निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुये पूर्ण शुचिता के साथ परीक्षा सम्पन्न करायी जाये। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जायें। अनुमन्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों के अतिरिक्त कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति परीक्षा केन्द्र में न आ सके, यह भी सुनिश्चित किया जाये। सभी कार्मिकों से नो रिलेशन सर्टिफिकेट अवश्य प्राप्त किया जाये तथा सभी को परीक्षा प्रक्रिया एवं नियमों की जानकारी हेतु पर्याप्त प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाये। सभी अधिकारी निर्धारित ड्यूटी स्थलों पर समय से पहुंचकर पूर्ण निष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। पर्याप्त संख्या में कक्ष निरीक्षकों की तैनाती भी की जाये। बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने सभी केन्द्र अधीक्षकों एवं अन्य अधिकारियों को अवगत कराते हुये बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा 18 जनवरी को आयोजित की जायेगी, जिसमें जनपद में स्थित 02 जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उन्होंने परीक्षा की सम्पूर्ण प्रक्रिया के विषय में सभी को जानकारी देते हुये अपेक्षा की कि निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि छात्रों को आवश्यक सुविधाएं नियमानुसार उपलब्ध करायी जायें।

## युवाओं के मस्तिष्क में हमेशा नये विचार जन्म लेते हैं : न्यायाधीश

महमूदाबाद/सीतापुर। युवाओं के मस्तिष्क में हमेशा नये विचार जन्म लेते हैं। अपने नए विचारों को युवा जब देश और समाज की सेवा में लगाता है तो इससे प्रगति बढ़ती है। युवा ही समाज और देश का असली ताकत है। युवाओं को हमेशा देश सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। देश और समाज तभी आगे बढ़ेगा जब समाज में रहने वाले सभी आगे बढ़ेंगे। पढ़ाई के साथ-साथ समाज के गरीब, शोषित, पीड़ित लोगों को उनके अधिकारों कर्तव्यों की जानकारी उपलब्ध करवाकर न्याय दिलाने में सहायता करना भी हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। आप सभी समाज का दर्पण है। जब आप शिक्षित होंगे तभी समाज भी शिक्षित होगा।

उक्त बातें संजू प्रजापति स्मारक इंटर कॉलेज परिसर में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुपालन में व जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर कुलदीप सक्सेना के निर्देश पर सोमवार आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता गोष्ठी का शुभारंभ मां शारदे, मां भारती व स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन करते हुए मुख्य अतिथि अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के सचिव नरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा सरकार की अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ हमें जानकारी के अभाव के चलते नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य जरूरतमंदों को विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। महिलाएं, बच्चे, जरूरतमंद जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपए से कम है उनको जरूरत पड़ने पर निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई



जाती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलएडीसी सुजीत वाजपेयी ने कहा कि बच्चे समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। बच्चों के अधिकारों को लेकर वैश्विक स्तर और देश स्तर पर तेजी से प्रयास हुए है। 1959 में संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकारों की शुरूआत हुई थी। भारत में भी बच्चों को मौलिक और विधिक अधिकार दिए गए हैं, जिनके बारे में जागरूक होना आवश्यक है। गोष्ठी का संबोधित करते हुये बार एसोसिएशन सीतापुर के पूर्व महासचिव विमल मोहन मिश्र और सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन रमेश वाजपेयी ने युवाओं को साइबर अपराध के प्रति सचेत रहने की सलाह दी। कालेज की छात्राओं सारिका मौर्या, गुड़िया देवी, माही व आयुषी वर्मा ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता भूपेंद्र दीक्षित व अतिथियों का स्वागत संस्था के संरक्षक राम प्रवेश प्रजापति, प्रधानाचार्य प्रदीप प्रजापति व कैप्टन दीपक प्रजापति ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर किया।

## राष्ट्रीय शिक्षा श्री सम्मान से नवाजे गये उन्नाव के शिक्षक डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा

उन्नाव। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर हरिद्वार स्थित हरिद्वार यूनिवर्सिटी में 12 जनवरी को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 नवाचार, चुनौतियां एवं संभावनाओं पर व्यापक चर्चा एवं चतुर्थ अखिल भारतीय शैक्षिक विमर्श एवं राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कर्नल अजय कोठियाल एवं संजय वत्स एवं ज्यूरी द्वारा देश भर से चुने गए लगभग 21 शिक्षकों को शिक्षा



श्री सम्मान एवं लगभग 100 शिक्षकों को टीचर्स आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उत्तरप्रदेश के उन्नाव जिले से एकमात्र शिक्षक डॉक्टर प्रदीप कुमार वर्मा को उनके द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों, विद्यालय के बच्चों के शिक्षक एवं खेल कूद प्रतियोगिताओं में अद्भुत पूर्व उपलब्धियों के प्राप्त करने, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु वृहद वृक्षारोपण के प्रयासों हेतु मुख्य अतिथि सहित पद्मश्री डॉ प्रेम चंद्र शर्मा, सेठपाल सिंह एवं कल्याण सिंह रावत, प्रोफेसर अवनीश कुमार, हरिद्वार यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति एस के गुप्ता, डॉक्टर यादवेंद्र नाथ मेमोरियल ट्रस्ट एवं कार्यक्रम संयोजक एवं उद्घोष- शिक्षा का नया सवेरा के संजय वत्स सहित शिक्षाविद डॉ नंदकिशोर हटवाल, पूर्व केंद्रीय निदेशक शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शिक्षा श्री सम्मान से नवाजा गया। शिक्षक प्रदीप को शिक्षा श्री सम्मान मिलने पर उन्नाव के शिक्षकों ने बधाई दी। कार्यक्रम में आई हुई गणमान्य हस्तियों ने शिक्षक डॉक्टर प्रदीप कुमार वर्मा एवं संजीव संखवार को संयुक्त रूप से उत्तरप्रदेश नशामुक्ति आंदोलन चलाने एवं धरातल पर दिख रहे सकारात्मक परिणामों के लिए भी सम्मानित करते हुए सराहना की।

## मानव सेवा से बड़ा दूसरा कोई धर्म नहीं: एसडीएम



महमूदाबाद/सीतापुर। मानव सेवा से बड़ा दूसरा कोई धर्म नहीं है तथा परोपकार हमारी सबसे बड़ी पूजा है। गरीब, असहाय, जरूरतमंद की मदद करने से बड़ा कोई पुण्य नहीं है।

व्यक्ति को अपनी सुख सुविधाओं के साथ समाज के जरूरतमंद की मदद के लिए आगे आना चाहिए। दयाभाव के साथ परोपकार की भावना से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। उक्त बातें एसडीएम महमूदाबाद शिखा शुक्ला ने तहसील सभागार में क्षेत्रभर से आए 26 गरीब, जरूरतमंदों को अपने निजी खर्च से जैकेट व सरकार द्वारा उपलब्ध करवाए गए कंबल वितरित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपने आसपास रहने वाले गरीबों व जरूरतमंदों का ख्याल रखें और उनकी मदद करें। एसडीएम ने बरगदिया के प्यारेलाल, राजाराम, बेहटी मानशाह की वंदना, समनापुर के विकास, भेथरा माधव के रघुनाथ, बनियनपुरवा के दिनेश, टपरा के भागीरथ, केशरवारा के फिस्सू, फतहापुर के चेतराम, जयचंद, मालती, लवकुश, कमला, गौरा के गुलबदन, फारूख, जगदीश, रसूलपुर की गीता, मूला, पैंतेपुर के रामराज, सरैंया बल्देव सिंह के खुशीराम, लक्ष्मन, केदारपुर के राजाराम, मो.पुर कदीम के सियाराम, महेश, फिरोजपुर के हरिनाम, मौजमपुर के राजेंद्र समेत क्षेत्रभर के 26 लोगों को निजी खर्च से जैकेट व सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल वितरित किए। इससे पूर्व भी एसडीएम करीब दो सौ जरूरतमंदों को चिन्हित करके जैकेट व कंबल वितरित कर चुकी हैं। अक्सर वे ठंड बढ़ने पर आने वाले फरियादियों को जैकेट व कंबल वितरित करती रहती हैं। एसडीएम द्वारा किए गए जा रहे इस नेक कार्य की क्षेत्रभर में प्रशंसा हो रही है।

एसडीएम बन कार्यकाल की दूसरी सीतापुर की महमूदाबाद तहसील सेवाएं दे रही शिखा शुक्ला को पिता द्वारा गांव के जरूरतमंदो, गरीबों की सेवा करते देख प्रेरणा मिली। उनकी महज चार साल की उम्र में पिता की मौत हो गई। उन्नाव के बीघापुर नगर की रहने वाली शिखा शुक्ला को लेकर मां लखनऊ आकर बसीं और उन्हें अफसर बनाने के लिए संघर्ष करती रहीं। मां के त्याग और पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिलने के साथ लगन से पढ़ाई उनकी सफलता का मूलमंत्र बनी और उनका चयन एसडीएम के पद पर हुआ। वे अपने पिता व मां के समाज में किए गए सेवाभाव को नहीं भूलीं और अपनी तैनाती के बाद से ही अपनी क्षमता के अनुसार गरीबों व जरूरतमंदों की त्योहारों के साथ ठंड के मौसम में गर्म कपड़ों आदि का वितरण करने लगीं।

## पैसा देने के लिए आश्रम बुलाकर पीड़ितों के साथ की मारपीट



- पीड़ितों की गाड़ी पर ईंट-पत्थर भी चलाए, हमला होने पर पीड़ित मौके से जान बचाकर भाग निकले

महमूदाबाद/सीतापुर। पैसा देने के लिए आश्रम बुलाकर पीड़ितों के साथ मारपीट की गई। इस दौरान पीड़ितों की गाड़ी पर ईंट-पत्थर भी चलाए गए। हमला होने पर पीड़ित मौके से जान बचाकर भाग निकले। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के टेरवा मनिकापुर की रहने वाली गीता पाठक द्वारा पीड़ितों को पैसा वापस करने के लिए गांव के बाहर बने आश्रम पर सोमवार को बुलाया गया था। सोमवार को मुंडेरा के यशपाल, पीतमपुर के सर्वेश व इंद्राणी, योगेंद्र सिंह, जूली, कनौजी, जितेंद्र आदि गीता पाठक के बुलाने पर पैसा वापस लेने उनके आश्रम टेरवा मनिकापुर गए थे। आरोप है कि वहां पहुंचने पर पहले से मौजूद गीता पाठक, हुलासीराम, मुरारीलाल, मोहित पाठक ने मारपीट शुरू कर दी और ईंट-पत्थर चलाकर उनकी कार क्षतिग्रस्त कर दी। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है, जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## कार्यवाही पूरी होने पर भी कार्यदायी संस्था ने काश्तकारों का भुगतान नहीं किया

पाटन, उन्नाव। कांडला-गोरखपुर एलपीजी पाइपलाइन परियोजना के तहत तहसील बीघापुर क्षेत्र के कई गांवों में भूमि उपयोग के अधिकार को लेकर भारत सरकार द्वारा अधिसूचना जारी की गई थी। जिसको लेकर कार्यदायी संस्था द्वारा तहसील बीघापुर में नोटिस चस्पाकर प्रभावित गांव के काश्तकारो को संबधित सूचना के सम्बंध में जानकारी दी गई है। अधिसूचना के तहत धमनीखेड़ा, बिहार सहिला, कैलाव, बेहटा भवानी, आढौली, भैरमपुर, कुंदनपुर, शुक्ला खेड़ा, मझिगवां सेवक, जगत खेड़ा, घीना खेड़ा, खैसुवा, रावतपुर, आकमपुर, सिजनी सोहरामऊ, अप्सरी, सुखदेवपुर, लक्षी खेड़ा, मगरायर, राजपुर गढ़ेवा और मवईया गांव प्रभावित हुए हैं। पेट्रोलियम और खनिज पाइपलाइन ( भूमि के उपयोग के अधिकार का अर्जन ) अधिनियम, 1962 की धारा 3 ( 1 ) और 6 ( 1 ) के तहत प्रभावित गांवों के काश्तकारों को व्यक्तिगत नोटिस, ग्राम स्तर पर मुनादी और सार्वजनिक स्थलों पर नोटिस चस्पा के माध्यम से जानकारी पहले ही उपलब्ध कराई जा चुकी थी। पाइपलाइन कार्य पूर्ण, आपत्तियों के लिए अंतिम तिथि घोषित परियोजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने का कार्य 16 जुलाई 2023 को पूरा कर लिया गया। अब परियोजना से प्रभावित खसरों के काश्तकारों को आपत्तियां दर्ज कराने के लिए 22 फरवरी 2025 तक का समय दिया गया है। जिसमे काश्तकार अपनी आपत्तियां सक्षम प्राधिकारी, कांडला-गोरखपुर एलपीजी पाइपलाइन परियोजना, आईएचबी लिमिटेड, आईओसीएल मार्केटिंग डिवीजन, इंडेन बॉटलिंग प्लांट, पनकी, कानपुर-208020 पर डाक के माध्यम से या स्वयं उपस्थित होकर दर्ज करा सकते हैं। सक्षम प्राधिकारी ने स्पष्ट किया है कि 22 फरवरी 2025 के बाद प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। सभी प्रभावित काश्तकारों को समय पर अपनी आपत्तियां दर्ज कराने की सलाह दी गई है। इस परियोजना से प्रभावित काश्तकारों को अपनी आपत्तियां समय सीमा के भीतर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान उचित प्रक्रिया के तहत किया जा सके। वहीं काश्तकार बीरेंद्र नाथ मिश्र,व अजयकुमार निवासी ग्राम बिहार तथा अन्य काश्तकारो ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यदायी संस्था द्वारा काश्तकार से सम्पूर्ण अभिलेखीय कार्यवाही किए जाने के पश्चात भी उनके खातों में अबतक कार्यदायी संस्था द्वारा भुगतान नहीं किया गया है।

## नवजात बच्ची की मां ने नदी में कूदकर दी जान

सीतापुर। शहर कोतवाली इलाके में दर्दनाक घटना सामने आई है। जहां एक नवजात बच्ची की मां ने नदी में कूदकर अपनी जान दे दी। मृतका की पहचान 28 वर्षीय मीनू के रूप में हुई है, जिसने महज एक सप्ताह पहले एक बेटी को जन्म दिया था। बताते चले कि घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के दुर्गापुरवा मोहल्ले की है। मीनू का विवाह लगभग एक साल पहले दुर्गापुरवा मोहल्ले के निवासी गोलू के साथ हुआ था। मृतका की सास के अनुसार, रात करीब 3 बजे जब वह उठीं तो मीनू घर में नहीं मिली। सुबह स्थानीय लोगों ने नदी में एक शव को उतरता देखा और पुलिस को सूचित किया। प्रभारी निरीक्षक अनूप शुक्ला के मुताबिक, पति से हुए झगड़े के बाद मीनू ने यह कदम उठाया। हालांकि, ससुराल पक्ष अभी तक आत्महत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं कर पाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलते ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एसपी चक्रेश मिश्र ने नवनिर्मित पुलिस चौकी केशरी गंज का किया लोकार्पण



लहरपुर/सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र की नवनिर्मित नगर पुलिस चौकी केशरी गंज का लोकार्पण पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा सोमवार को किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस चौकीदारों को ठंड से बचने के लिए कंबलों का भी वितरण किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, नवीन चौकी के बन जाने से अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने में सहायता मिलेगी, उन्होंने इस मौके पर साइबर अपराधों से बचाव के लिए भी जागरूक किया व पुलिस को निरंतर भ्रमणशील रहने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## क्षेत्र की बेटियां ब्लैक बेल्ट सीखकर बन रहीं सशक्त

उन्नाव। एक तरफ जहां प्रदेश सरकार महिलाओं और बेटियों के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। इतना ही नही तरह तरह के जागरुकता अभियान चलाए जा रहे है। ऐसे में उन्नाव की बेटी लक्ष्मी प्रजापति ने कराटा की परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को प्रेरणा दी जा रही है कि बेटियां आज के समय में किसी से कम नही है।



अंकित कराटा अकादमी की छात्रा लक्ष्मी प्रजापति द्वारा बीते दिनों ब्लैक बेल्ट परीक्षा के परिणाम मे सफलता अर्जित की। उनके परीक्षा में पास होने की जानकारी जैसे ही क्षेत्र के लोगो को मिली उनके घर पर मिठाई खिलाने के लिए लोगो का तांता लग गया। सभी ने बिटिया की सफलता पर परिवारीजनों को बधाई दी। बता दें कि लक्ष्मी प्रजापति कुंजपुरा नवाबगंज की रहने वाली एक किसान की बेटी है जिन्होंने अभी पिछले वर्ष 2024 में 16 गोल्ड जीता था। अब कराटे ब्लैक बेल्ट होकर अपने गांव का नाम रोशन किया। नगर आगमन पर ब्लाक प्रमुख प्र० रवि प्रताप सिंह ने अपने कार्यालय में बिटिया का जोरदार स्वागत किया। नगर पंचायत नवाबगंज अध्यक्ष दिलीप लश्करी व तहसील क्रीड़ा प्रभारी धर्मेश प्रताप सिंह ने भी बिटिया को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अजगैन प्रधान रिशू तिवारी, सभासद मोइनुद्दीन, अरुन कनौजिया, अनुज सिंह, रोहित प्रधान, रिंकू प्रधान, राजेंद्र विमल, आशीष राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

## विद्यालय में छात्रों को मिलें बेहतर सुविधाएं : डीएम




जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय स्कूल सुरक्षा समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान शासन द्वारा नामित एजेन्सी टाइम्स सेंटर फॉर लर्निंग लि., लखनऊ द्वारा जनपद के चयनित विद्यालय सेठ जय दयाल इण्टर कालेज बिसवां के किये गये निरीक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि संबंधित एजेन्सी द्वारा किये गये व्यापक निरीक्षण में मिली कमियों के निराकरण हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाये तथा कार्ययोजना भी प्रस्तुत की जाये।

जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंध समिति के अधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को प्रेरित करते हुये कहा कि विद्यालय में सुविधाओं के विकास, सुरक्षात्मक कार्यों आदि के लिये व्यापक स्तर पर प्रयास करें, जिससे छात्रों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने एजेण्डा प्रस्तुत करते हुये बताया कि उ0प्र0 शासन, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग 7 के कार्यालय ज्ञाप 18 अगस्त 2024 के अनुपालन में जिलाधिकारी के आदेश 08 द्वारा जनपद स्तरीय स्कूल सुरक्षा समिति का गठन किया गया है।

उन्होंने बताया कि जनपद के चयनित विद्यालय सेठ जय दयाल इण्टर कालेज बिसवां में एजेन्सी टाइम्स सेंटर फॉर लर्निंग लि0, लखनऊ द्वारा विस्तृत निरीक्षण कर विद्यालय में मिली कमियों के विषय में रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी है, जिनके निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु उक्त समिति की बैठक आहूत की गयी है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सुरक्षात्मक एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु कार्ययोजना बनाकर तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कार्यवाही भी की जायेगी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, एआरटीओ माला बाजपेयी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## फरियादियों की समस्या का मौके पर समाधान करें : शशांक त्रिवेदी

सीतापुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट आदेश है कि जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्या अधिकारी मौके पर समाधान करें। किसी भी फरियादी को जिला या लखनऊ के लिए दौड़ न लगानी पड़े। रविवार को विधायक शशांक त्रिवेदी व उप जिलाधिकारी शशीबिंद द्विवेदी की मौजूदगी में कार्टरगंज ग्राम सभा के गजपतीपुर में जन चौपाल का आयोजन किया गया।

विधायक ने इस चौपाल में आई हुई शिकायतों का निस्तारण करने के लिए उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया। जन चौपाल में विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री की मनसा अनुरूप जनता की प्रत्येक समस्या का निदान समय से हो इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जन चौपाल लगाकर समस्या का समाधान कराया जा रहा है। जिसमें सभी अधिकारियों की मौजूदगी अनिवार्य है। आम जनता को थाना कोतवाली व तहसील के चक्कर न लगाने पड़े गांव में ही प्रत्येक समस्या का समाधान हो जाए। जन चौपाल में ग्राम विकास अधिकारी विपिन यादव मौजूद नहीं रहे इस लापरवाही को देखते हुए विधायक ने एसडीएम से उनके विरुद्ध पत्राचार कर



- कार्टरगंज ग्राम सभा के गजपतीपुर में लगाई जन चौपाल
- विधायक, एसडीएम, नायाब तहसीलदार, इंस्पेक्टर रहे मौजूद

आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। गजपतीपुर निवासी सोफीन व आजाद ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गाटा संख्या 478 का रास्ता बंद है वहीं मुजीब अहमद द्वारा रास्ते में दीवार बना दी गई है। हम लोगों को खेत से आने जाने का रास्ता नहीं है। वही विनोद कुमार प्रेम शंकर ने वन विभाग की भूमि पर बने 28 मकान पर वन विभाग द्वारा नोटिस जारी की गई है । जबकि भवन स्वामियों के पास अन्य गुजर बसर करने की जगह नहीं है जिस पर विधायक ने केंद्र से पत्राचार कर वन विभाग को इस भूमि के बदले दूसरी भूमि आवंटित किए जाने की सिफारिश की है। पेंदरिया निवासी रामनारायन, बालक राजरानी ने बताया कि विगत 5 वर्षों से गांव की सड़क टूटी है। बारिश के दिनों में ग्रामीण व छात्रों को विद्यालय जाने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है जिस पर विधायक ने उक्त मार्ग को विधायक निधि से कराये जाने का आश्वासन दिया। कार्टरगंज निवासी सुशीला ने बताया कि मैं अत्यंत गरीब महिला हूं। मेरा राशन कार्ड नहीं बना है। जिसे बनवाने के लिए गुजारिश की है। इस पर विधायक ने पूर्ति निरीक्षक अवधेश पांडेय से दूरभाष के जरिएवार्ता कर कार्ड बनवाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान प्रधान रियासत अली, नायब तहसीलदार महेंद्र यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ऐलिया संजीव सिंह, ब्लाक प्रमुख महोली जगदीश प्रसाद, इंस्पेक्टर विनोद कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक पियूश सिंह, राजस्व निरीक्षक अवधेश पांडेय, लेखपाल नीतू गुप्ता सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

संक्षेप

## अवैध खनन करने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने पकड़ा

**ललितपुर।** थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम नगवास में अवैध खनन करते समय मिट्टी फिसलने से एक युवक की मौत हो गयी थी। प्रकरण को लेकर खान अधिकारी ने नगवास निवासी दुर्गसिंह यादव के खिलाफ धारा 303(2), 317(2) बीएनएस व 4/21 खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 व 3(1), 72(3), 58 उ0प्र0 उपखनिज परिहार नियमावली 1963 यथा संशोधित नियमावली 2021 एफआईआर दर्ज करायी थी। प्रकरण में जांच करते हुये थाना जखौरा पुलिस ने शातिर बदमाश ग्राम नौहरकलां निवासी दुर्गसिंह यादव पुत्र जाहन सिंह यादव को गांव से ही हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि दुर्गसिंह यादव के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। दुर्ग सिंह यादव को पकड ? वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक राहुल राठौर, उप निरीक्षक प्रेमशंकर सिंह, हे.कां. वीरेन्द्र दुबे शामिल रहे।

## विद्युत तार टूटकर गिरने से युवक झुलसा

**ललितपुर।** सोमवार की दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। अंबेडकर पार्क के पास जेल चैराहे पर 11 हजार केवी का विद्युत प्रभावित तार अचानक टूटकर एक युवक के ऊपर गिर गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से झुलस गया। घटना में घायल युवक की पहचान कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला चैकबाग निवासी 23 वर्षीय भरत राजपूत के रूप में हुई है। भरत अपने किसी काम से जेल चैराहे के पास से गुजर रहा था, तभी अचानक उसके ऊपर हाईटेंशन तार टूट कर गिर गया। करंट लगने से वह बुरी तरह झुलस गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और टूटे हुए तार की मरम्मत का काम शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जतायी है। इस घटना ने एक बार फिर बिजली के बुनियादी ढ़ांचे के रख-रखाव की पोल खोलकर रख दी है।

## लायन्स क्लब ग्रेटर ने किया कम्बल वितरण




**ललितपुर।** स्थानीय ग्राम रोंडा में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर लायन्स क्लब ललितपुर ग्रेटर के तत्वाधान में सुखसाहब सिंह बुंदेला के मुख्य आतिथ्य एवं अध्यक्ष डी.एस.विवेक एवं जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच की अध्यक्षता में जरूरतमंद लोगों को 100 साडि ?ं एवं 50 कम्बल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ला.सुरेशबाबू जैन, ला.बी.के. अग्रवाल, ला.आलोक जैन, ला.कैलाश अग्रवाल, ला.जितेन्द्र अग्रवाल, ला.मनोज जैन, राहुल खजुरिया, राहुल जैन, रक्षपालसिंह बुंदेला, जोन चेयर परसन ला.राहुल गुप्ता, ला.चंचल जैन, ला.विनीत श्रीवास्तव, ला.दलजीत सिंह, ला.प्रदीप जैन, ला.उपासना जैन, ला.सुषमा खजुरिया, मनविंदर कौर, नेहा तिवारी आदि लोग एवं ग्रामीण व लाभार्थी इत्यादि लोग उपाधि रहे।

# संयुक्त पुलिस टीम ने ट्रैक्टर चोरी की घटना का किया खुलासा



**महोबा।** संयुक्त पुलिस टीम ने ट्रैक्टर चोरी की घटना का सफल अनावरण किया है। घटनाक्रम के अनुसार वर्ष 2024 के सितम्बर माह में थाना पनवाड़ी क्षेत्र ग्राम महुआ निवासी रंजीत ने थाने पर लिखित तहरीर प्रस्तुत की, जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि 3 अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनका ट्रैक्टर पनवाड़ी से महोबा भाडे के लिए

● चोरी गया ट्रैक्टर बरामद, तीन गिरफ्तार

मय चालक लिया गया, इस दौरान अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चालक को शराब पिलाकर उसके नशे में होने व बेहोश हो जाने पर वादी का ट्रैक्टर चोरी कर ले गये। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा उक्त ट्रैक्टर चोरी की घटना का संज्ञान लिया गया।

जिसके क्रम में जनपद में चोरी की घटनाओं में प्रभावी रोक लगाए जाने व इन घटनाओं में सम्मिलित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में जनपदीय एसओजी एवं थाना पनवाड़ी की संयुक्त पुलिस टीमों को लगाया गया, टीमों द्वारा निरन्तर सघन चेकिंग अभियान चलाये जाने के फलस्वरुप सोमवार के दिन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के नकरा बार्डर पर 3 अभियुक्तों सावधान सिह उर्फ छोटे पुत्र रामकिसुन उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम खजुर्रा थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात, दारा सिंह उर्फ पिन्टू पुत्र बडेलाल उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम रामगढ थाना दिबियापुर जनपद औरैया, अम्बरीस उर्फ बल्लू उर्फ बलराम पुत्र शेषनारायन उम्र करीब 35 बर्ष निवासी ग्राम खजुर्रा थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात को हिरासत में लिया गया, इनकी कार्यशैली संदिग्ध प्रतीत होने पर इनसे कडाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने अपने पास चोरी के 2 ट्रैक्टर बरामद हुए। अभियुक्तों के कब्जे से हुई चोरी की सम्पत्ति की बरामदगी के आधार पर मुकदमा में धारा 317(2)/317(4) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी, इसके अतिरिक्त गिरफ्तार अभियुक्त अम्बरीस उर्फ बल्लू उर्फ बलराम उपरोक्त के पास से 01 अदद मोटर साइकिल स्पेलेन्डर प्लस के कोई वैध प्रपत्र न होने के कारण मोटर साइकिल को धारा 207 एमबी एक्ट मे सीज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# टैक्सी से अस्सी हजार रुपये चोरी करने वाला बदमाश पकड़ा



**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली अंतर्गत ग्राम सिलावन में रहने वाले विनोद तिवारी पुत्र स्व.कलू ने 12 मई 2024 को पुलिस को तहरीर देकर ट्रैक्टर की किश्त भरने के लिए टैक्सी से अस्सी हजार रुपये चोरी होने का आरोप लगाया था। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने 10 अगस्त

● एफआईआर दर्ज होने के चार माह बाद मिली पुलिस को सफलता

2024 को धारा 379 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। एफआईआर दर्ज होने के करीब चार माह बाद पुलिस को सफलता हांसिल हुयी है। कोतवाली पुलिस ने प्रकरण की जांच में प्रकाश में आये युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी अनिल कुमार एवं सीओ सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस ने हरियाणा राज्य के जिला पलवल अंतर्गत थाना कैम्प के मोहल्ला मोहन नगर निवासी शंकर परमार पुत्र छत्रपाल सिंह को हिरासत में लिया है। पुलिस ने शंकर परमार के पास से चोरी किये गये 29 हजार 200 रुपये भी बरामद किये हैं। माल बरामद होने पर पुलिस ने दर्ज एफआईआर की जांच में धारा 411 की बढ़ोत्तरी भी की है। चोर को पकड ? वाली टीम में उप निरीक्षक प्रशान्त राणा, हे.कां.राघवेन्द्र पाल व कां.देवेन्द्र कुमार शामिल रहे।

## महाकुंभ के चलते रेलवे स्टेशन में सघन चेकिंग



**बांदा।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्मों, सकुर्लेटिंग एरिया, बुकिंग हॉल में संदिग्ध लोगों और सामान की सघन चेकिंग जीआरपी पुलिस ने की। अपर पुलिस महानिदेशक के आदेश के चलते महाकुंभ मेला मकर संक्रांति के प्रमुख स्नान पर्व को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक नवेन्द्र शेखर अग्निहोत्रि ने पुलिस फोर्स के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया और प्रयागराज जाने के लिए रेलवे स्टेशन में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान सावधान रहने और उनसे किसी तरह की खाने-पीने की वस्तु न लेने तथा लावारिस वस्तु दिखाई पड़ने पर तत्काल जीआरपीएफ व जीआरपी के टोल फ्री नंबरों को जानकारी दें। उन्होने यात्रियों से कहा कि 112 नंबर पर सूचना देने के लिए यात्रियों से अपील की। यह चेकिंग अभियान मकर संक्रांति से पूर्व यात्रियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे, आरपीएफ व सिविल पुलिस से समन्वय कर कराया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक जीआरपी ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसी के चलते जब तक महाकुंभ संपन्न नही हो जाता तब तक सघन रूप से चेकिंग जारी रहेगी।

## बगैर हेलमेट 26 से नहीं मिलेगा पेट्रोल

**बांदा।** जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए और हेलमेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर अंकुश लगाने क उद्देश्य से प्रदेश के परिवहन आयुक्त ने ह्यनो हेलमेट, नो फ्यूलह्न की रणनीति लागू करने की अपेक्षा जताई है। परिवहन आयुक्त के पत्र के तारतम्य में जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वह आगामी 1 सप्ताह में पेट्रोल पंप प्रांगण में बड़े होर्डिंग लगाएंगे और इनमें यह लिखा जाएगा कि 26 जनवरी से किसी भी दो पहिया वाहन चालक को बगैर हेलमेट लगाए पेट्रोल नही दिया जाएगा। उन्होने निर्देश दिए हैं कि उन चालक एवं उनके साथ बैठी सवारी ने यदि हेलमेट नही लगाया हो तो उन्हे कतई पेट्रोल न दिया जाए। इस दौरान पेट्रोल पंप संचालक यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके प्रतिष्ठान में सीसीटीवी कैमरा हमेशा सक्रिय रहे ताकि किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में सीसीटीवी फुटेज देखकर जरूरी निर्णय लिया जा सके। परिवहन आयुक्त ने डीएम को भेजे गये पत्र में कहा है कि केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम नियमावली के अनुसार मोटरसाइकिल चालकों एवं सवारियों के लिए भारतीय मानक व्यूरो बीआईएस से निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेड गियर, हेलमेट पहनना अनिवार्य है। इन प्राविधानों का उल्लंघन केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम के तहत दंडनीय है जिसमें जुमार्ने का प्राविधान है।

# थानाध्यक्ष ने चायनीज मांझे.की बिक्री रोकने को चलाया चेकिंग अभियान



जिला संवाददाता(vol)

**नगीना, बिजनौर।** चाइनीज मांझे से बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नगीना थानाध्यक्ष तेजपाल सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ नगर के चायनीज मांझे पतंग की दुकानों पर चैकिंग अभियान चलाया और उन्हें चाइनीज मांझे की बिक्री करते हुए पकड़े जाने पर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

मालूम हो कि चाइनीज मांझे की चपेट में आकर कई लोगो की जान भी जा चुके है और कई लोग गंभीर रूप से घायल भी रहे हैं। तीन दिन पूर्व बुलंदशहर में बाइक सावर सिपाही की गर्दन में चाइनीज मांझा फंसने से उसकी गर्दन में गहरा जख्म हो गया जिससे सिपाही की मौके पर ही मौत गई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के कड़े रुख के बाद नगीना थानाध्यक्ष तेजपाल सिंह ने नगर के विभिन्न मोहल्लों एवं बाजार में चायनीज मांझा पतंग की दुकानों पर चैकिंग अभियान चलाया और उनको चाइनीज मांझे की बिक्री न करने की चेतावनी भी दी। थानाध्यक्ष तेजपाल सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई भी दुकानदार चाइनीज मांझे की बिक्री करता पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**ललितपुर।** पीजीपीएम महाविद्यालय पनारी एवं, साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी और जिला क्षयरोग कार्यालय जनपद ललितपुर के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जागरूकता अभियान के अंर्तगत राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में जिला क्षयरोग अधिकारी रामनरेश सोनी, पहलवान गुरूदीन ग्रुप ऑफ कालेज के डायरेक्टर डॉ0 सौरभ यादव, प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 महेश कुमार झा, पहलवान गुरूदीन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी प्राचार्य डॉ0 विनोद यादव, महाविद्यालय के समस्त प्रवक्तागण एवं छात्र-छात्रा उपस्थित रहे। जिला क्षयरोग अधिकारी रामनरेश सोनी ने कहा कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम केन्द्रीय प्रायोजित योजना है, जो टीबी मुक्त भारत के विजन के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यान्वित किया जा रहा है, जिसमें सभी क्षयरोगियों को निःशुल्क निदान और गुणवत्तापूर्ण आश्वस्त उपचार दिया जाता है। टीबी माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु के कारण उत्पन्न होता है। जो मनुष्यों में सबसे अधिक फेफड़ों को प्रभावित करता है, साथ ही यह अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकता है। हालांकि, फेफड़ों में होने वाला टीबी सबसे आम प्रकार का होता है। फेफड़ों में होने वाला टीबी खांसी और छींक के द्वारा एक से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है। ट्यूबरकुलोसिस का खतरा उन लोगों को सबसे अधिक होता है, जिन्हें पहले से कोई बड़ी बीमारी जैसे कि एड्स या डायबिटीज आदि होती है। साथ ही, जिनकी इम्युनिटी कमजोर होती है उन्हें भी इस बीमारी का खतरा अधिक होता है। डायरेक्टर डॉ0 सौरभ यादव ने बताया कि क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीबी के कारण होने वाली घटनाओं और मृत्यु दर को कम करना है। दवा प्रतिरोध को रोकना और दवा प्रतिरोध टीबी मामलों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना व एच.आई.वी. संक्रमित टीबी रोगियों के बीच परिणामों में सुधार करना है। भारत सरकार देश में क्षय रोग (टीबी) को 2025 तक समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। फॉमेर्सी कॉलेज प्राचार्य डॉ0 विनोद यादव ने कहा कि ट्यूबरक्लोसिस का कारण अनेक स्थितियां हो सकती हैं। प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 महेश कुमार झा ने क्षयरोग से बचने के उपायों के बारे मे बताया कि दो हफ्तों से अधिक समय तक खांसी रहने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श करें।

## सच्ची भक्ति का अर्थ, परमात्मा से गहरा जुड़ावः माता सुदीक्षा



**बांदा।** भक्ति वह अवस्था है, जो जीवन को दिव्यता और आनंद से भर देती है। यह न इच्छाओं का सौदा है, न स्वार्थ का माध्यम। सच्ची भक्ति का अर्थ है परमात्मा से गहरा जुड़ाव और निःस्वार्थ प्रेम। यह विचार निरंकारी सत्गुरू माता सुदीक्षा ने विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर सत्गुरू माता सुदीक्षा एवं निरंकारी राजपिता रमित के सानिंध्य में श्रद्धा और भक्ति की अनोखी छटा देखने को मिली। शहर के निरंकारी सत्संग भवन शास्त्री नगर में भक्ति पर्व समागम का आयोजन क्षेत्रीय संचालक डॉ सुरेश सिंह की अध्यक्षता में हुआ। दिल्ली, एनसीआर सहित देश विदेश से हजारों श्रद्धालु इस दिव्य संत समागम में शामिल हुए और सत्संग के माध्यम से आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति प्राप्त की। इस अवसर पर परम संत संतोख सिंह के अतिरिक्त अन्य संतों के तप, त्याग और ब्रम्हज्ञान के प्रचार-प्रसार में उनके अमूल्य योगदान को याद किया गया तथा उनके जीवन से प्रेरणा ली गयी। समागम के दौरान अनेक वक्ताओं, कवियों और गीतकारों ने विभिन्न विद्याओं के माध्यम से गरू महिमा और भक्ति का भावपूर्ण वर्णन किया। संतों की प्रेरणादायक शिक्षाओं ने श्रद्धालुओं के जीवन को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से समृद्ध किया। सत्गुरू माता सुदीक्षा ने भक्ति की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रम्ह ज्ञान भक्ति का आधार है। यह जीवन को उत्सव मना देता है। भक्ति का वास्तविक स्वरूप दिखावे से परे और स्वार्थ और लालच से मुक्त होना चाहिए। उन्होने उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान हनुमान, मीराबाई और भगवान बुद्ध का भक्ति स्वरूप भले ही अलग था लेकिन उनका मन एक ही था परमात्मा से अटूट जुड़ाव।

# जिलाधिकारी ने वेटरन्स-डे पर वीर नारियों और गैलेन्ट्री अवार्ड विनर को किया सम्मानित

जिला संवाददाता(vol)



**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में वेटरन्स डे मनाया गया। वेटरन्स डे के अवसर पर वीर नारियों, गैलेन्ट्री अर्वाड विनर तथा बैटल कैजुअल्टी को सम्मानित किया गया जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में वेटरन्स डे के मौके पर कहा कि जिस विषम परिस्थिति में हमारे सैनिक कार्य करते है, वो बहुत कठिन कार्य है। इसके लिए उन्होने सभी वेटरन्स का हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हमारा देश तभी देश रह पायेगा जब हमारी सेना मजबूत हो एवं हमारी सीमाये भी तभी सुरक्षित रह पायेगी। उन्होंने सभी भूतपूर्व सैनिकों को सलाह दी की वो अपने नजदीकी स्कूल में जाये तथा अपने बारे में बच्चों को अवगत कराये, ताकि आने वाली पीढी सेना से जुड सके। वेटरन्स डे के अवसर पर 10 वीर नारी, 01 कीर्ति चक, 02 सेना मैडल तथा 02 बैटल कैजुअल्टी वेटरन्स को सम्मानित किया गया। 47 अलग वेटरन्स ने भाग लिया। वीर नारियों को सॉल तथा मोमेन्टों तथा सभी वेटरन्स को प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। वेटरन्स डे का आरम्भ कैप्टन अनिल कुमार गुप्ता, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया। इस के दौरान उच्च प्राथमिक विघालय नंगली छोईया, ब्लाक हल्दौर स्कूल के बच्चो ने देश भक्ति कार्यक्रम भी किया। वेटरन्स में मुख्यता कर्नल हर्ष निधि, मेजर सुशील कुमार, कीर्ति चक व अन्य उपस्थित रहे।

# नटबली मेला आज से, डीएम और एसपी ने लिया जायजा



**बांदा।** मकर संक्रांति पर भूरागढ़ दुर्ग में 14 व 15 जनवरी को होने वाले नटबली बाबा मेले की व्यवस्थाओं का डीएम नगेन्द्र प्रताप और एसपी अंकुर अग्रवाल ने जायजा लिया। उन्होने मेले की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए मेला परिसर की सफाई, प्रकाश व्यवस्था, एंबुलेंस एवं डॉक्टरों की टीम की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होने नाव, सुरक्षा व्यवस्था तथा गोताखोर भी लगाए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मेले में शुद्ध पेयजल व्यवस्था और मोबाइल शौंचालय की व्यवस्था के भी निर्देश दिए। उन्होने पर्यटन विभाग के निमार्णाधीन शौंचालय एवं अन्य कार्यों को देखा और इनकी गुणवत्ता बनाए रखने के लिए लोक निर्माण विभाग की कमेटी बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होने मेला स्थल में पार्किंग व समुचित यातायात व्यवस्था और एनाउंसमेंट की व्यवस्था सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। भूरागढ़ दुर्ग स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में बने शहीद स्मारक में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के तहत महिला एवं पुरूष पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए। केन नदी में स्नान के दौरान आकस्मिक घटना से निपटने के लिए गोताखोरों की तैनाती एवं मोटर बोट की व्यवस्था के निर्देश उप जिलाधिकारी सदर को दिए। परिसर में नगर पालिका व नगर पंचायत द्वारा मेले के दौरान सफाई कर्मी लगाने के साथ ही कूड़े के उठान एवं मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था के लिए ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए। बांदा महोबा राजमार्ग पर वाहनों से लगने वाले जाम को नियंत्रित करने, राजमार्ग पर दुकानों को लगाए जाने पर प्रतिबंध के बारे में यातायात प्रशासन एवं पुलिस विभाग को निर्देश दिए। एसपी ने मेले में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, अपर एसपी शिवराज, एसडीएम सदर अमित शुक्ला, सीओ सदर, ग्राम प्रधान व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## किसान यूनियन ने विपणन नीति की जलाईं प्रतियां



**बांदा।** अखिल भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय नेतृत्व के निदेर्शों के चलते तहसील स्तर पर नयी विपणन नीति के मसौदे की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। बुंदेलखण्ड-कानपुर अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी, धर्मराज सिंह, कामना प्रसाद, दयाराम, विकास कुमार, कुलदीप सिंह आदि ने कहा कि भारत सरकार ने पूर्व में तीन कृषि कानूनों की वापसी के बाद पुनः कृषि क्षेत्र में निजीकरण की भागीदारी से सरकारी मंडियां समाप्त करने व कृषि निवेश के जरिए पूंजीपतियों को किसानों की जमीनें दिए जाने का षड्यंत्र किया जा रहा है। कृषि राज्यों का विषय है जिसे राज्यों का नियंत्रण समाप्त करने के लिए अधिकारों को सीमित किया जा रहा है। डब्ल्यूटीओ के दबाव में सरकार किसानों को मजदूर बनाने में लगी है। इस पर किसान सरकार की किसान विरोधी नीतियों का विरोध कर रहा है। किसान आंदोलन की लंबित मांगों को पूरा करने के वादे के बाद वादा खिलाफी पर काम करने व किसान आंदोलन-2 पर भारत सरकार किसान नेताओं वार्ता कर मांगें पूरी करते हुए आमरण अनशनकारी किसान आशीष, जगजीत सिंह डल्लेवाल की जान बचाने का कार्य करें। जिले की सभी तहसीलों में विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय नीति ढांचा एवं कृषि विपणन की प्रतियां जलाई गयीं।

# गुलदार व छुट्टा पशुओं से निजात न मिलने पर भाकियू संयुक्त मोर्चा ने दी चेतावनी

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की पंचायत में 25 जनवरी तक गुलदार व फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले छुट्टा पशुओं को न पकड़वायें जाने पर तहसील पर प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है।

तहसील चांदपुर क्षेत्र के ग्राम मोरना में चन्द्रपाल सिंह की अध्यक्षता एवं राजकुमार चैहान के संचालन में हुई पंचायत में छुट्टा पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाये जाने पर रोष जताया गया तथा प्रशासन से आतंक का पर्याय बने गुलदारों व फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले आवारा पशुओं को पकड़वाने की व्यवस्था कराये जाने की मांग की तथा 25 जनवरी तक मांग पूरी न होने पर तहसील पर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई। संगठन के जिलाध्यक्ष प्रिंस चैधरी ने कहा कि बिजली विभाग किसानों के अनाप शनाप बिल निकालकर बाद में बिल



कम करने के नाम पर किसानों से सुविधा शुल्क मांगा जाता है, जिसको किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा।

उन्होंने चेतवानी देते हुए कहा कि किसानों का उत्पीड़न व शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा किसानों का शोषण करने वालों को मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। इस अवसर पर ग्राम मोरना निवासी प्रतीक चैहान को संगठन का ब्लाक नूरपुर का उपाध्यक्ष बनाया गया तथा साथ ही 20 लोगों की ग्राम कार्यकारिणी भी बनाई गई।

इस अवसर पर हितेश चैहान, सौरभ चौहान, मेहदी हसन, अनुज चैहान, दीपक चैहान, इकरामुद्दीन, राजकुमार चैहान, नयाब बालम, वीरेंद्र सिंह चैहान, हैमन चैहान, वीरेंद्र सिंह, बलवंत सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## सभासदो ने की सरकारी जमीन कब्जाने की शिकायत

**बहेड़ी, बरेली।** बाईपास स्थित रोड़वेज के बराबर में कुछ लोग सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे थे। सभासदों ने इसकी नगर पालिका के ईओ से मिलकर कब्जा रोकने की मांग की है। बाद में तहसीलदार ने मौके पर जाकर काम रुकवा दिया और निर्माण कार्य करने वालो को चेतावनी भी दी है। नए रोडवेज के बराबर में खाली पड़ी सरकारी जगह पर भूमाफियाओं की नजर है। कई दिनों से कुछ लोग सरकारी जगह पर कब्जा करने के लिए निर्माण कार्य करा रहे थे। अब नगर पालिका के सभासदो ने ईओ से मिलकर इस सरकारी जगह से कब्जा रोकने और कब्जा करने वालो पर कार्यवाही करने की मांग की उनका कहना है कि नए रोडवेज के बराबर में खाली पड़ी जगह पर कुछ लोग कब्जा करने की कोशिश कर रहे है। उन्होंने कब्जा न होने देने की मांग की। ईओ से मिलने वालों में मो0 ताहिर पप्पू, जलीस अहमद, मो0 फिरोज सलीम चंदा सभासद पति नसीम अहमद सभासद पति मोहम्मद हसन आदि शामिल रहे।

## शहर में धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

**बरेली।** शहर के कई पंजाबी बाहुल्य इलाकों में लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। राजेंद्र नगर के बांके बिहारी मंदिर, मॉडल टाउन के श्री हरि मंदिर, श्री सनातन धर्म मंदिर, श्री रामायण मंदिर, इंदिरा पार्क, सुभाष नगर गुरुद्वारा और अन्य प्रमुख मंदिरों के आसपास पंजाबी और सिख समाज के लोग एकत्रित हुए। ढोलकी की थाप पर लोग झूमते हुए नृत्य कर रहे थे और एक-दूसरे को लोहड़ी की बधाई दे रहे थे। इस अवसर पर सभी ने कामना की कि जीवन में सभी सुखी और समृद्ध रहें। सामाजिक संगठनों द्वारा मंदिरों, पार्कों और चौराहों पर लोहड़ी उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सतीश खट्टर, रवि छाबड़ा, गोविंद तनेजा, सुशील अरोड़ा, वीरेंद्र अरोड़ा, गुरविंदर सिंह, पवन अरोड़ा, अश्विनी ओबेरॉय, जनक राजा अरोड़ा, तिलक राज आदि उपस्थित रहे।

## स्कूल व कॉलेजों में पहुंचकर बच्चों को यातायात के प्रति जागरूक करें: डीएम

**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में दिये गये दिशा-निर्देश पर सभी संबंधित विभागों निर्देशित किया कि वर्ष 2025 में सड़क दुर्घटना में मृतको की सख्या में गत वर्ष की तुलना में निर्धारित लक्ष्य 50 प्रतिशत कमी को प्राप्त के लिए कार्य योजना तैयार करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सोमवार को पुलिस एवं परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि जनता को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूली बच्चो की समय समय पर रैली की निकाली जाये, तथा वरिष्ठ नागरिको, चालकों की गोष्ठी कर यातायात नियमों की जानकारी दी जाये। पम्पलेट, बैनर, फलैक्सी बोर्ड आदि को मुख्य मुख्य स्थानों/चौराहों पर लगाकर जनता को यातायात के प्रति जागरूक किया जाये।

उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि समय समय पर स्कूलो व कालेजो में जाकर स्कूली बच्चो को यातायात के प्रति जागरूक तथा यातायात के नियमों की जानकारी दी जाये। एनसीसी के बच्चो को चैराहो व तिराहो पर यातायात अधिकारी/कर्मचारी के साथ लगाकर आने जाने वाली जनता को यातायात के प्रति जागरूक किया जाये।

# सियासी गठबंधनों की नियति

दिल्ली पूर्ण राज्य नहीं है। यहां की सरकार को दूसरे राज्यों की सरकारों की तरह अधिकार भी हासिल नहीं, राजस्व, शहरी विकास और कानून-व्यवस्था जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां केन्द्र सरकार के पास होती हैं। कुल मिलाकर दिल्ली राष्ट्रीय राजनीति के लिहाज से छोटा प्रदेश होने के साथ ही केन्द्र शासित भी है। लेकिन इस छोटे और अर्द्धराज्य के चुनाव में जिस तरह 'इंडिया' गठबंधन के अंतर्विरोध उजागर हुए हैं। जिस तरह इसके घटक दलों ने एलायंस के मुख्य घटक कांग्रेस को किनारे करते हुए आम आदमी पार्टी का समर्थन किया, और महाराष्ट्र, बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार से लेकर जम्मू-कश्मीर तक की पार्टियां और उनके नेताओं के द्वारा कांग्रेस के खिलाफ बयानबाजी हो रही है। इंडिया गठबंधन का नेतृत्व बदलने की पेशबंदी की जा रही है और इंडिया अलायंस में ही कांग्रेस को अलग-थलग करने की कसरत चल रही है, उससे स्पष्ट है कि यह गठबंधन महज दिखावटी था। इनके नेताओं, नीतियों और पार्टियों में एक दूसरे के साथ किसी तरह की सहयोग भी भावना दूर-दूर तक नहीं है। लोकसभा चुनावों के मद्देनजर यह गठबंधन बना था और चुनाव खत्म होने के साथ ही इंडिया की प्रासंगिकता भी अब खत्म हो गयी है। इंडिया गठबंधन के कुछ अवशेष बचे हैं, अलबत्ता ताश के पत्तों की तरह गठबंधन बिखर चुका है। लोकतंत्र के लिए यह सुखद खबर नहीं है। कांग्रेस का भी मानना है कि गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही था, लिहाजा अब उसका कोई अस्तित्व नहीं है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि यदि इंडिया गठबंधन संसदीय चुनाव तक ही था, तो अब उसे खत्म कर देना चाहिए और सभी क्षेत्रीय दल अपने-अपने राज्यों में अलग-अलग काम करें। इंडिया गठबंधन की सियास का विश्लेषण इसलिए प्रासंगिक है, क्योंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव) ने केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) को समर्थन देने की घोषणा की है। अखिलेश यादव, ममता बनर्जी और उद्धव ठाकरे 'आप' का मंच साझा कर उसके पक्ष में चुनाव-प्रचार भी करेंगे, हालांकि दिल्ली में इन राजनीतिक दलों का जनाधार नगण्य है। लेकिन चुनाव के दौरान हवा तो बनती ही है और इसका भी एक महत्व है। सपा, तृणमूल और शिवसेना (उद्धव) इंडिया के प्रमुख घटक दल हैं और लोकसभा में इनके 75 सांसद हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव भी गठबंधन को लोकसभा चुनाव तक ही सीमित मान रहे हैं। बिहार में इसी साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। क्या राजद-कांग्रेस-वामदल का कथित महागठबंधन एक साथ चुनाव में नहीं उतरेगा? क्या 2029 के संसदीय चुनाव तक इंडिया यूं ही बिखरा हुआ रहेगा और कांग्रेस अकेली पड़ जाएगी? दरअसल इंडिया कभी भी विपक्ष का लामबंद गठबंधन नहीं बन पाया। उसका न तो कोई सचिवालय है, न कोई समन्वय समिति है और न ही साझा न्यूनतम कार्यक्रम है। यदि ऐसी ही स्थिति रहनी है, तो फिर उसे खत्म करने में क्या दिक्कत है? गठबंधन पहले भी टूटते रहे हैं, खत्म होते रहे हैं। फिर गठबंधन बनते रहे हैं, क्योंकि यही सियासी गठबंधनों की नियति है। लोकसभा चुनाव की ही बात करें, तो कांग्रेस ने तृणमूल और केरल के वाम मोर्चा के खिलाफ चुनाव लड़े। पंजाब में कांग्रेस-आप एक-दूसरे के लिए गंभीर चुनौती बने रहे, हालांकि दिल्ली में गठबंधन जरूर था, लेकिन भितरघात भी खूब हुए। लोस चुनाव के बाद का परिदृश्य देखा जाये तो हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आप एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी थे, नतीजतन कांग्रेस बहुत थोड़े अंतर के साथ सत्ता की लड़ाई हार गई। महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव) और एनसीपी (शरद) ने महाविकास अघाड़ी गठबंधन में चुनाव लड़ा, लेकिन अंदरूनी तनाव, विरोधाभास, बेमेल समन्वय इतने रहे कि अघाड़ी चारों खाने चित्त हो गया। अब दिल्ली की तरह महाराष्ट्र में अलायंस के घटक दल अलग-अलग जोरआजमाइश करने की तैयारी में हैं। यह गठबंधन ठीक से एक साल भी नहीं चला, ऐसे में भविष्य में ऐसी एकजुटता जनता कैसे भरोसा करेगी, यह गंभीर सवाल है।




**इंडिया गठबंधन एक साल के अंदर बिखरता हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में चुनावी मौके पर बनने वाले ऐसे गठबंधनों पर जनता कैसे भरोसा करेगी?**

# डिजिटल पीढ़ियों की परवरिश का संकट

मनोज वार्ष्णेय

समाज




> सदी के दूसरे दशक के अंतिम दौर में जब कोरोना ने चीन की धरती से पूरे विश्व में हलचल मचाया तो कोरोनिअल्स जन्मे और आज जब वह लगभग पांच वर्ष के हो चुके हैं तो उनमें और मिलेनियल्स में तुलना करने पर काफी अंतर मिल रहा है। यह बात अलग है कि अभी कोरोनिअल्स पर रिसर्च जारी है।

गुजरी 1 जनवरी 2025 से पैदा होने वाले बच्चों को 'जेन बीटा' के नाम से संबोधित किया जाना तय हुआ है। जेन बीटा वास्तव में 'जेनरेशन अल्फा' 2010-2024, के बाद की पीढ़ी को संबोधित किये जाने के लिए तय हुआ शब्द है। जेन बीटा पीढ़ी का पहला बच्चा भारत के मिजोरम राज्य में ही नया साल शुरू होने के तीसरे मिनट में पैदा हुआ। इन दिनों पूरी दुनिया में समाजशास्त्रियों के बीच बहस है कि 'कोरोनिअल्स' कोरोना के दौरान पैदा हुए बच्चे, से भी ज्यादा जटिल इस पीढ़ी की परवरिश होगी। क्या इसकी वजह डिजिटल लाइफस्टाइल और सोशल मीडिया का सूचना विस्फोट है। 21वीं सदी के 25वें वर्ष का शुभारंभ दो बातों से हुआ। एक कोरोना जैसी बीमारी एचएमपीवी के फैलाव से और दूसरे जेन बीटा के आगमन से। एचएमपीवी एक ऐसा वायरस है, जो इंसान में कोरोना जैसी परेशानी पैदा कर सकता है। जेन बीटा हमारी उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करेगी, जो मिलेनियल्स और कोरोनिअल्स के बाद दोनों के साथ पलकर बड़ी होगी। इस पीढ़ी की यह विशेषता होगी कि यह डिजिटल क्रांति के दौर की होगी। इसे ऐसे भी कह सकते हैं कि यह एआई के तूफान में पलने वाली वह पीढ़ी होगी जिसका जन्म ही 'ब्लू लाइट' के साथ हुआ है। जेन बीटा जिस दौर की पीढ़ी है, वह दौर सरलता का दौर नहीं है। वर्तमान में शिक्षा से लेकर नौकरी तकएचिकित्सा से लेकर खेती तकएशादी.विवाह से लेकर डेट तक सबकुछ एआई के हवाले है। यह दौर एक सेकंड में दुनिया को बदलने वाला है। यह दौर साइबर फ्रॉड से पीड़ित समाज को सुरक्षा देने की जद्दोजहद में लगा हुआ हैएयह दौर वह है जहां हर काम के लिए मोबाइल हाथ में है और पलक झपकते ही सब कुछ हो जा रहा है।

मिलेनियल्स और कोरोनिअल्स के बीच जब यह पीढ़ी आयी है तो दोनों में जेनरेशन गैप भी कम नहीं है। जिस तरह से बच्चों और उनके पैरेंटस में दो दशक का अंतर होता है, उसी तरह मिलेनियल्स और जेन बीटा में तथा दो भाई या बहनों के बीच होने वाले चार-पांच साल के अंतर की तरह कोरोनिअल्स और जेन बीटा में अंतर है। इस तरह के जेनरेशन गैप तथा एआई के तूफान के बीच जो सबसे बड़ी चुनौती सामने आने वाली हैए वह है इस पीढ़ी की परवरिश की।

इस पीढ़ी की परवरिश इतनी सहज नहीं है जितनी पहले की पीढ़ियों की रही है। जब मिलेनियल्स आए थे तो हमारे बीच में कंप्यूटर अपनी घुसपैठ कर चुका था और मोबाइल हर हाथ में भी लगभग पहुंच ही चुका था। दिमाग पर पूरा जोर देने के बाद काम करने के आदि हमने तब कंप्यूटर को अपना साथी बनाया और इंटरनेट के दम पर बहुतेरे ऐसे काम किए जो एक समय असंभव से लगते थे।

सदी के दो दशक के अंतिम दौर में जब कोरोना ने चीन की धरती से पूरे विश्व में हलचल मचाया तो कोरोनिअल्स जन्मे और आज जब वह लगभग पांच वर्ष के हो चुके हैं तो उनमें और मिलेनियल्स में तुलना करने पर काफी अंतर मिल रहा है। यह बात अलग है कि अभी कोरोनिअल्स पर रिसर्च जारी है। जहां तक बीमारियों का प्रश्न है तो कोरोना के बाद एचएमपीवी वायरस ने तहलका मचा दिया है। दुनिया इससे डर रही है कि कहीं यह कोरोना की तरह जानलेवा न साबित हो। ज्ञात रहे कि कोरोना वायरस से विश्व में करीब 80 लाख लोगों ने असमय ही अपनी जान खो दी थी। भारत में कोरोना वायरस के साइड इफेक्ट भी बीमारियों के जनक बन रहे हैं। पक्के तौरपर तो नहीं पर साइलेंट अटैक से जाने वाली जानों के लिए भी कोरोना जिम्मेदार बताया जा रहा है। इन हालात में जेन बीटा की परवरिश कैसे होगी यह बात चिंता का विषय है। जेन बीटा की शुरूआत भारत तथा आस्ट्रेलिया से हुई है। भारत में जेन बीटा का पहला बच्चा एक जनवरी की रात को 12.03 पर मिजोरम में पैदा हुआ। नाम रखा गया है फ्रैंकी, जबकि दूसरे बच्चे ऑस्ट्रेलिया तथा कनाडा में हुए हैं। समाजशास्त्री तथा मनोवैज्ञानिकों की चिंता इस बात पर है कि जो बच्चे 'ब्लू लाइट' के दौर में जन्में हैं वह दो पीढ़ियों के मामूली से अंतर में जन्में अपनों के बीच किस तरह से सामाजिक-आर्थिक तथा मानवीयता को आत्मसात् कर पाएंगे? दरअसल इन बच्चों के पालन-पोषण में सर्वाधिक परेशानी उनके पैरेंट्स को हो सकती है। अब तक सामाजिक जीवन के इतिहास को देखें तो दो पीढ़ियों के अंतर जिसे जेनरेशन गैप कहा जाता है, हमेशा से ही सोशलिज्म समाज के लिए परेशानी का सबब बना है। ऐसी स्थिति में अभिभावकों को देखना होगा कि जेन बीटा के बच्चे बड़ों के प्रति आदरभाव रखें। इसके लिए उन्हें इंटरनेट की दुनिया अर्थात मोबाइल एडिक्शन से बचाना सबसे बड़ी चुनौती है। कोरोनिअल्स को देख लें।

यह बच्चे जितना मोबाइल प्रेमी हैं उतने दूसरी पीढ़ी के बच्चे नहीं। शायद यही कारण है कि स्कूलों से लेकर मंदिर तक बच्चों को मोबाइल में डूबा देखा जा सकता है। जेन बीटा के बच्चों की परवरिश में इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि वह हमारे सदियों से चले आ रहे सामाजिक बंधनों को उसी स्वीकार्यता से आत्मसात् करें जिससे उनके पहली पीढ़ी के संबंधी। घर-परिवार में समय-समय पर होने वाले कार्यक्रमों में रस्मों-रिवाजों को भी यह गंभीतरा से लें। रिश्ते-नाते निभाने का गुर इन्हें अपने मिलेनियल्स दादी-दादी, माता-पिता या नाना-नानी जैसे संबंधियों से लेने सीखने होंगे। परिवार के संस्कार इनके भीतर एआई के तूफान कैसे भरे जाएं यह भी माता-पिता के लिए कम चुनौती नहीं होगी। बच्चों के बीच जेनरेशन गैप के दौरान चिड़चिड़ाने की समस्या सर्वाधिक रहती है। इन हालातों में इससे कैसे बच पाएंगे यह पूरे समाज के लिए एक ऐसा विषय है जिस पर अभी से काम करना होगा। जेन बीटा के बच्चों की शिक्षा-दीक्षा उतनी ही महत्वपूर्ण रहेगी जितनी की इनकी सामाजिक परवरिश। बच्चों के हाथों में जब मोबाइल हो तो इन्हें इंटरनेट से बचा पाना मुश्किल ही है।

हां, यह बात जरूर इन्हें समझाई जानी चाहिए कि केवल रील या उस जैसे दूसरे मनोरंजन के साधनों से पढ़ाई नहीं हो सकती। जब डिजिटल फ्रॉड अर्थात साइबर क्राइम गली-गली तक पनप चुका है, तब के लिए भी सर्तक रहना होगा कि कहीं यह पीढ़ी अपना महत्वपूर्ण समय इसमें ही ना खो दे। अभी जब जेन बीटा का आगमन हुआ ही है तो अभी से इसके लिए कार्य करना होगा। इसके साथ ही कोरोना या एचएमपीवी जैसे वायरस या दूसरी अन्य बीमारियों के प्रति भी सतर्क रहना होगा। हर जेनरेशन गैप के साथ नयी पीढ़ी की परवरिश, शिक्षा और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनके अनुराग विकसित करने में समाज के सामने एक चुनौती पेश आती है। लेकिन यह मानने में हमे असहज नहीं होना चाहिए कि नई पीढ़ी भले पुराने सरोकारों और संस्कारों के प्रति उतनी जागरुक न हो लेकिन नयी प्रौद्योगिकी अपनाने और आधुनिक समाज में घुलने-मिलने और अपनी भूमिका तय करने में पहले से कहीं अधिक दक्ष और उत्सुक होती है। इसलिए नयी जेनरेशन की शिक्षा-दीक्षा और सामाजिक सरोकार व संस्कार को लेकर चुनौती तै है, लेकिन उनके सामने संभावनाएं भी अपार हैं।

## सोशल मीडिया



अनंतकाल से अध्यात्म व आस्था के संगम का प्रतीक महाकुंभ संपूर्ण विश्व को समानता और समरसता का संदेश देता रहा है, महाकुंभ में दुनिया भर से श्रद्धालु आते है। अमित शाह.



डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गयी है। इतिहास में पहल बार एक डॉलर की कीमत 86.4 रुपये तक हो गयी है। प्रियंका गांधी.



यूपी बिहार पूर्वांचल के भाइयों को रोहिंग्या बांग्लादेशी कहने वाली बीजेपी ये भूल गयी गई कि अरविंद केजरीवाल ने सबसे ज्यादा टिकट पूर्वांचल के भाइयों को दिया है। संजय सिंह.

# वासनाओं के दास न बनें

अंतर्दृष्टि

भोग प्रधान संस्कृति के जो दास बन चुके हैं और वासनाओं ने मनोमस्तिष्क पर कब्जा कर लिया है, उनका चरित्र और व्यक्तित्व इससे बहुत प्रभावित होता है। वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो।

अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के र ाज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं।

# लक्ष्मण रेखा मत लांघिए...

व्यंग्यलोक

देखिए भाई साहब! अब बहुत हो गया ये हमसे नैतिकता दिखाते हुए इस्तीफे की मांग का स्वांग करना। अब शांत हो जाइए प्लीज! वर्ना कहीं आपका गला न पक जाए। अब नैतिकता के आधार पर हमसे इस्तीफे की मांग की आप लक्ष्मण रेखा न लांघिए तो अच्छा रहेगा हम सब के लिए। जनता अब यह शोर सुन बोर होने लगी है। अब अगर वहां उस हादसे के लिए हमने भी आपसे इस्तीफे की इसी तरह मांग की होती तो आपको बहुत बुरा लगता। पर हमने तब नैतिकता की सीमाओं में रहकर आपसे नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की थी। यही हमारा धर्म है। एक दूसरे से इस्तीफा मांगने में शालीनता बनी रहे तो अच्छा लगता है। हम नहीं चाहते कि आपको हमारे सत्ता में होते हुए कुछ बुरा लगे। ऐसे में आपके विपक्ष में होते हुए हमें भी तो कुछ बुरा नहीं लगना चाहिए न! सत्ता में कभी हम, तो कभी आप! जनता तो सत्ता में आने से रही। देखिए, यहां सरकार हम हैं तो वहां आप। ये भी नहीं कि हम आपसे नैतिकता के आधार उस हादसे के लिए आपकी तरह गला फाड़ फाड़ कर इस्तीफा नहीं मांग सकते। आज आपके उसूल हों या न, पर हमारे आज भी कुछ उसूल है। आप हमारे मौसरे भाई हो। हादसे हो जाते हैं। हादसों का काम होना है और हमारा काम नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने के बदले उन हादसों की निष्पक्ष न्यायिक जांच करवाना। ये बात तो आप भी जानते ही हो कि जब हादसों का कारण अपने ही बंदे हों तो हम उनकी निष्पक्ष जांच करवा अपने पांव पर कुल्हाड़ी कैसे मार सकते हैं? वह तो अधिकतर शरीफों के पांवों को ही लहूलुहान करती रही है न! बंधु! हम तुम उस बिरादरी से हैं जो इस्तीफा देने के बाद के दर्द को बहुत गहरे से समझते रहे हैं। पद से इस्तीफा देने के बाद घरवाले भी नहीं पूछते। नेता तभी तक सुहाता है जब तक वह कुर्सी पर हो।



पूरन सरमा

अतः यथार्थ के धरातल पर खड़े होकर हमारी जगह अपने को रख हमारी पीड़ा समझो बंधु! और हमें विश्वास है कि आप भी समझते होंगे। पर कई बार हम सत्ता पाने को लेकर अधिक ही मुंहफट हो जाते हैं। देखो, गिरा वो पुल और इस्तीफा दें हम? अब टकराईं वे रेलें और इस्तीफा दो आप? ये कहां का न्याय है? गिरे कोई, इस्तीफा दे कोई! गिरना जीवन की परिणति है। टकराना जीवन की जरूरत है। अरे जो हम इस्तीफा दे देंगे तो पुल के गिरने की, रेलों के भिड़ने की निष्पक्ष जांच कैसे होगी? अब रही बात पब्लिक कि तो सुनो डियर पब्लिक! हमने इन हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर ली है। अब दिल पर हाथ रख पब्लिक टीवी देखती रहे कि इस्तीफा न देते हुए हम उनके विरूद्ध कैसे कड़े से कड़ा एक्शन लेते हैं?

## विचार

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

–भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

–चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

–रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग–द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

–विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

–फ्रैंक कासले.

# महाकुंभः अलौकिक अध्यात्म का रोमांचक आख्यान...



धर्म/अध्यात्म

लोकमित्र गौतम

अगर आपके कान बचपन से ही अपनी परवरिश के दौरान महाकुंभ के किस्से सुनने के आदी रहे हैं, तो यकीन मानिये पहली बार जब आप महाकुंभ के विहंगम दृश्य से दोचार होंगे, तो स्तब्ध रह जाएंगे। कुछ कहते सुनते या व्यक्त करते ही नहीं बनेगा। मैंने महाकुंभ पर अमरीकी लेखक मार्क ट्वेन की यह टिप्पणी पहली बार कुंभ का औचक एहसास करने के बाद पढ़ी थी, इसलिए मैं दंग रह गया था कि यह शब्दशः बिल्कुल वैसी ही टिप्पणी थी, जैसी कि मैंने पहली बार 22 साल की उम्र में महाकुंभ से दोचार होने के बाद महसूस की थी। मीलों तक भगवा वसनों में लिपटे साधु संतों की कतारें, प्रतिध्वनि का एहसास कराते उनके मंत्रोच्चार, जहां तक नजरें देख सकती हैं, वहां तक फैला जन सैलाब, यह एक ऐसा लैंडस्केप होता है, जो कुंभ के अलावा आप कहीं नहीं देख सकते। शायद यही वजह है कि जितने भी विदेशी लेखकों, सैलानियों और विभिन्न क्षेत्रों के महान व्यक्तित्वों ने कुंभ को देखा है, उनके लिए इसका वर्णन अनिवर्चनीय सा रहा है। इसमें शामिल हुए हैं तो उनकी स्थिति इसका वर्णन न कर पाने वाली रही है।

ह्वेनसांग जैसा बेहद तटस्थ यात्री जिसने पहली बार 7वीं शताब्दी में भारत का विस्तार से 'फर्स्ट हैंड एकाउंट' दर्ज किया था। वह बेहद तटस्थ और किसी चीज के वर्णन के दौरान भावनाओं को काबू में रखने वाला इतिहासकार भी महाकुंभ को देखकर अचंभित और अभिभूत रह गया था। उसने लिखा है कि धार्मिक भक्ति का यह आयोजन अद्वितीय है। अमरीकी कवि और लेखक एलन गिंसबर्ग ने महाकुंभ के अनुभव को व्यक्त न किया जा सकने वाला अद्वितीय अनुभव बताया है। वह कहते हैं इससे भारतीय संस्कृति की गहराई और आध्यात्मिकता का एहसास किया जा सकता है। मार्क ट्वेन तो पत्रकार भी थे और वह किसी चीज का महिमामंडन करने से बचते थे। अपनी संतुलित रिपोर्टों के लिए जाने जाने वाले मार्क ट्वेन ने महाकुंभ को लेकर लिखा है, इसमें बिना किसी दिखावे के आध्यात्मिक उद्देश्य से जितनी विशाल संख्या में लोग आते हैं, वह आश्चर्यचकित करती है। शायद महाकुंभ इंसानी भावनाओं और कल्पनाओं को पराकाष्ठा की हद तक झकझोर देने वाला अनुभव होता है। यही कारण है कि एक सामान्य हिंदू बचपन से ही जिसके कानों में महाकुंभ के किस्सों की लंबी स्मृतियां मौजूद होती हैं, वह जब पहली बार साक्षात कुंभ से दोचार होता है तो उसकी विराटता और भव्यता को देखकर रोमांच से अभिभूत हो जाता है, तब वह इस पर कोई टिप्पणी कर सकने की स्थिति में नहीं रहता।

महाकुंभ सचमुच बेहद गहन और अद्वितीय अनुभव है। पहली बार महाकुंभ को अपनी आंखों से देखने वाला कोई उससे पहले, उतनी बड़ी भीड़ नहीं देखी होती और वह भी बिल्कुल ठहरी हुई, बिना किसी उग्रता, बिना किसी बेचैनी के श्रद्धा और भक्ति में डूबी हुई। खासकर जब गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होता है, तो वह भावनाओं को तो आह्लादित करता ही है, आंखों को भी आश्चर्य में फैल जाने को मजबूर कर देता है। हालांकि बिल्कुल तथ्यात्मक ढंग से यह कह पाना मुश्किल है कि महाकुंभ की शुरूआत कब हुई? अगर इसके प्रस्थान किसी विंदु का कुछ अनुमान लगाया जा सकता है, तो वह यह है कि हिंदू धर्म के पौराणिक ग्रंथों में जो समुद्र मंथन की कथा मिलती है, उसी मंथन से निकले अमृत कलश को, दैत्यों से बचाने के लिए जब देवता लेकर आकाश मार्ग से भागते हैं तो छीना-झपटी में जिन चार जगहों में अमृत की बूँदें टपक गयी थीं, उन्हीं जगहों पर हर 12 साल बाद पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। ये चार जगहें हैं- हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक। जहां तक महाकुंभ के उल्लेख की बात है तो इसका उल्लेख कई हिंदू धर्म ग्रन्थों में मिलता है। भागवत पुराण, विष्णु पुराण, रामायण और महाभारत में कुंभ का वर्णन मिलता है। इससे इतना तो तय है कि कम से कम पांच हजार सालों से तो आध्यात्म का यह मेला निरंतर आयोजित हो रहा है। लेकिन इतने साल होने के बावजूद इसका आकर्षण जरा भी फीका नहीं पड़ा। कुंभ का जादू आज भी उतना ही पुरकशिश है, जैसे जादू के बारे में हम सदियों से लोगों से सुनते आ रहे हैं। शायद इसीलिए सनातन परंपरा का यह आध्यात्मिक आख्यान जिसे हम महाकुंभ कहते हैं, चिर नूतन है।

## आपकी बात

### प्रदेश में रोजगार सृजन

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है। इसी तरह लोवर सबार्डिनेट की 700 पदों की भर्तियां भी पेपर लीक होने के कारण निरस्त कर दी गयीं। सपा सरकार की भर्तियों में तमाम आरोप लगे। यह चिंताजनक है। नयी सरकार को भर्तियों को और साफ-सुथरा बनाना चाहिए।

**मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.**

### इलेक्ट्रॉनिक वाहनों का दौर

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है।

दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। सीएनजी से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने के लिए ही दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने पर काम चल रहा है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चलाया गया अभियान

**अयोध्या।** परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सोमवार को जनपद अयोध्या में संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विश्वजीत सिंह के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस के ट्रैफिक इंस्पेक्टर एवं परिवहन विभाग के यात्री कर अधिकारियों के साथ बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया।इस अभियान में दो पहिया चालकों को हेलमेट के महत्व को समझाया भी गया और हेलमेट न लगाने के अभियोग में उनका चालान काटा गया । इस अभियान में 100 से अधिक बिना हेलमेट लगाएं दोपहिया वाहन चालकों का चालान किया गया।एक आंकड़े के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में 30 प्रतिशत का योगदान दो पहिया चालकों का है एवं मृतकों की संख्या में 31 प्रतिशत दो पहिया वाहन के चालक शामिल है ।वहां के चालक शामिल है ।जिनकी मृत्यु होने का सबसे बड़ा कारण है ह्लदो पहिया वाहन बिना हेलमेट के चलानाह्न।अगर दो तो हम सड़क दुर्घटनाओं एवं सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मृत्यु की संख्या में काफी कमी ला सकते हैं।

# दो बदमाश गिरफ्तार, दो फरार

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** कोतवाली नगर पुलिस ने बीते 27 दिसंबर को सर्किट हाउस व एसपी सिटी आवास के बीच महिला से पांच लाख की छिनैती करने वाले दो आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। दोनों के पैर में गोली लगी है। वहीं, दो अन्य आरोपी फरार होने में कामयाब हो गए। इनके पास से लूटे गए रुपए में 1.11 लाख रुपए, दो तमंचा व चोरी की दो बाइक बरामद हुई है। चारों आरोपी बिहार के रहने वाले थे, एसएसपी ने इनके ऊपर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था।सोमवार को एसपी सिटी मधुबन

- एसपी सिटी आवास के पास महिला से पांच लाख रूपए की हुई थी छिनैती
- दो तमंचा, दो बाइक व 1.11 लाख रुपए की नकद बरामद

सिंह ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय, स्वाट व सर्विलांस टीम के प्रभारी अमरेश कुमार त्रिपाठी व एंटी थेफ्ट सेल प्रभारी रतन शर्मा के नेतृत्व में टीमें बनाई गई थी। शहर में लगे सीसीटीवी में चारों आरोपी कैद हो गए थे व इनकी पहचान कर ली गई थी।एक सूचना के आधार पर सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम हाउस रोड पर नाकेबंदी की थी। बह करीब 3:30 बजे दो बाइक पर चार आरोपी आते दिखायी पड़े। इन्हें रोका गया तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। जवाबी फायरिंग में दो आरोपी चंदन यादव निवासी नया टोला रौतारा थाना रौतारा जनपद कटिहार (बिहार), सोनू यादव निवासी नयाटोला गेरावाड़ी जुराबगंज थाना कोढ़ा जनपद कटिहार (बिहार) के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर इलाज के लिए भेजा। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर दो अन्य आरोपी कल्लू यादव उर्फ करन निवासी नयाटोला गेरावाड़ी जुराबगंज थाना कोढ़ा जनपद कटिहार (बिहार) व आशीष यादव निवासी नया टोला रौतारा थाना रौतारा जनपद कटिहार (बिहार) फरार होने में कामयाब हो गए। एसपी सिटी ने बताया कि तलाशी के दौरान दोनों आरोपियों के पास से 1.11 लाख नकद, दो तमंचा-कारतूस व चोरी की दो बाइक बरामद हुई। बताया कि पकड़े गए आरोपियों का लंबा इतिहास है। इसमें चंदन के खिलाफ आजमगढ़, जौनपुर व अयोध्या में पांच व सोनू के खिलाफ जमशेदपुर झारखंड, चंदौली व अयोध्या में पांच केस दर्ज हैं। बताया कि फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# रामनगरी में मकर संक्रांति को लेकर बड़ी तैयारियां

**अयोध्या।** रामनगरी में भी मकर संक्रांति की धूम है। मंगलवार को पड़ने वाले इस पर्व को लेकर बड़ी व्यवस्थाएं की गई हैं। सुरक्षा की दृष्टि से भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं। माना जा रहा है कि प्रयागराज के महाकुंभ में पहुंचने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में अयोध्या भी पहुंचेंगे। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही यहां बेहतर इंतजाम के निर्देश दे चुके हैं, जिसके बाद से शासन-प्रशासन में दिन-रात एक कर दिया है। भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। मकर संक्रांति के स्नान पर भी दूर-दूर से श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे। स्नान के लिए सरयू के घाटों पर 150 से भी अधिक चेंजिंग रूम बनाये गए हैं। इसके अलावा घाटों पर प्रकाश की भी व्यवस्था की गई है।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। घाटों पर जल पुलिस बोट व स्टीमर पर लाइफ जैकेट के साथ तैनात रहेगी। नदी में बैरिकेडिंग की गई है। सीटी बजाकर लोगों को गहरे पानी की तरफ जाने से रोका जाएगा। बड़ी संख्या में महिला पुलिस बल को भी लगाया गया है। एसएसपी राजकरण नैयर ने बताया कि सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। रूटों को भी डायवर्ट किया गया है। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए नगर निगम तैयार है। नगर निगम प्रशासन ने न सिर्फ जगह-जगह गमले व पेड़ों पर लाइटिंग करा दी है। बल्कि प्रमुख 15 स्थानों पर सेल्फी पॉइंट भी बनवाये हैं। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि सभी प्रमुख घटों पर प्रकाश के उत्तम इंतजाम किए गए हैं, ताकि भोर में स्नान के वक्त श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की तकलीफ न हो। घाटों के साफ सफाई व स्वच्छता व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान रखा गया है। सीएमओ डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि मकर संक्रांति पर प्रयागराज में स्नान के दो दिन बाद तक अयोध्या में श्रधालुओ का रेला रहता है। इसे देखते हुए हमारे 12 प्रमुख स्थानों पर 16 जगह स्वास्थ शिविर चल रहे हैं। इतने ही जगहों पर एम्बुलेंस की तैनाती की गई है। मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, श्रीराम चिकित्सालय व कुमारगंज के 100 शैय्या अस्पताल को मिलाकर 70 बेड आरक्षित किये गए हैं।

## नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत परिवहन विभाग की कार्रवाई हुई सख्त



**बाराबंकी।** सड़क दुर्घटनाओं पर काबू पाने हेतु ह्यनो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत परिवहन विभाग जागरुकता के साथ सख्त कार्यवाही करने की दिशा मे कार्य करता दिखाई दे रहा है। आज सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने नाका सतरिख स्थित पेट्रोल पम्प पर बिना हेलमेट के आने वाले दर्जनो दो पहिया वाहनो के चालान काटे। तथा चालको को रोड़ सेफ्टी नियमो का पालन करने हेतु प्रेरित किया। तो वही पेट्रोल पम्प संचालक को हेलमेट नहीं पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों को फ्यूल न देने हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर यातायात प्रभारी रामयतन यादव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अपहृता सकुशल बरामद

**बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर पुलिस ने मु0अ0सं0 1115/2024 धारा 137(2)/87 बीएनएस से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।

## 29 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्यवाही

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 4 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 29 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## पीटीओ ने ऑटो-ई-रिक्शा चालकों को श्रद्धालुओं से अच्छा व्यवहार करने हेतु किया निर्देशित



**बाराबंकी।** प्रयागराज महाकुंभ मे श्रद्धालुओ को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा के लिए परिवहन विभाग सजग दिखाई दे रहा है। यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने शहर और आसपास के पार्किंग स्थलों से श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र लाने और ले जाने के लिए ऑटो, ई-रिक्शा चालको को श्रद्धालुओं को मनमाना किराया न वसूलने, महिलाओ से शालीनतापूर्ण व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान यात्री/मालकर अधिकारी ने महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओ से समस्या की जानकारी लेने हुये तत्काल निराकरण भी करवाया।

# सचलदल की सघन तलाशी में 15 परीक्षार्थी नकल करते धरे गये



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक, परास्नातक व स्नातक वोकेशनल, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षा में सोमवार को 23782 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 692 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली की परीक्षा में 12501, द्वितीय पाली में 10536, तृतीय पाली में 745 में से क्रमशः 558, 126 व 08 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर द्वितीय पाली में नवीन चन्द्र तिवारी स्मारक महाविद्यालय इथियाथोक, गोण्डा में सचल दल की सघन तलाशी में एमएससी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में 15 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़े गए। इन परीक्षार्थियों पर परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही की गई।

विवि के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुवेर्दी ने बताया कि कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर शासन के मंशानुरूप नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सचलदल द्वारा विभिन्न केन्द्रों पर औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें गोण्डा जनपद में 15 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए धरे गए।

# एसटीएफ ने सेना भर्ती परीक्षा में दो सॉल्वरों को किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)




**अयोध्या।** सेना खुफिया इकाई व एसटीएफ अयोध्या की टीम ने रविवार को डोगरा रेजीमेंटल सेंटर में आयोजित टेरिटोरियल आर्मी जनरल ड्यूटी क्लर्क व ट्रेड्समैन भर्ती लिखित परीक्षा में दो सॉल्वरों को गिरफ्तार किया है। यह दोनों इलेक्ट्रानिक कॉल रिसीवर डिवाइस के माध्यम से नकल करते हुए पाए गए थे।

- इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से कर रहे थे नकल
- साल्वर गैंग के सदस्यों से चार-चार लाख रूपए में हुआ था सौदा

इन्होंने इसके लिए चार-चार लाख रुपए लिए थे। एसटीएफ की टीम दोनों के सहारे सॉल्वर गैंग के सरगना तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। विगत कुछ दिनों से उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं में नकल माफिया गिरोहों के सक्रिय होकर नकल कराने व परीक्षा में धांधली कराने की सूचनाएं एसटीएफ को प्राप्त हो रही थी। इन्हें पकड़ने के लिए एसटीएफ की विभिन्न टीमों को लगाया गया था।

12 जनवरी को टीम को सूचना मिली कि डोगरा रेजिमेंटल सेंटर में आयोजित टेरिटोरियल आर्मी जनरल ड्यूटी क्लर्क एवं ट्रेड्समैन भर्ती लिखित परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों के स्थान पर सॉल्वर गैंग के सदस्य परीक्षा दे रहे हैं। इसकी सूचना एसटीएफ ने सेना की खुफिया इकाई को दी। एसटीएफ अयोध्या के उप निरीक्षक सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने परीक्षा केंद्र पर कार्रवाई करते हुए सॉल्वर गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। यह दोनों इलेक्ट्रानिक कॉल रिसीवर डिवाइस के माध्यम से नकल कर रहे थे।

आरोपियों की पहचान विकास राय (19) निवासी शातसार, पोस्ट केवल्ली, थाना जंसा जनपद वाराणसी व सुखनंदन यादव (30) निवासी इंदिरा कॉलोनी, ग्राम कोडारोटी, पोस्ट गढा, थाना बेतुल मध्य प्रदेश के रूप में हुई। इनके पास से दो मोबाइल फोन, प्रवेश पत्र, परीक्षा प्रश्नपत्र, दो कॉल रिसीवर डिवाइस, तीन इयर फोन बरामद हुआ। आरोपियों को थाना कैंट के हवाले कर दिया गया। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया गया कि इसके लिए साल्वर गैंग के सदस्यों से चार-चार लाख रुपए में सौदा हुआ था। एडवांस के रूप में उन्हें 40-40 हजार रुपए मिले थे। बताया कि इसके बाद यूट्यूब से उक्त इलेक्ट्रानिक डिवाइस के बारे में जानकारी प्राप्त कर उसे आठ-आठ हजार रुपए में खरीदा था। डिवाइस की रेंज अधिक थी, साथ ही आकार में छोटी होने के कारण आसानी से कान में लग सकती थी। उक्त डिवाइस के माध्यम से साल्वर गैंग के सदस्यों से प्रश्न पत्र पूछ-पूछकर हल कर रहे थे।

## मकर संक्रान्ति के पर्व पर सार्वजनिक अवकाश

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी के बताया कि सामान्य प्रशासन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार मकर संकान्ति के पावन पर्व पर 14 जनवरी 2025 को घोषित निर्बन्धित अवकाश के स्थान पर निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन एतद द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। शासन के निदेर्शों के अनुपालन में 14 जनवरी 2025 को जनपद बहराइच में सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

## कांग्रेस सांसद की अध्यक्षता मे श्रम और उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न




**बाराबंकी।** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत मजदूरों को गम्भीर बीमारी में इलाज के लिये योजना का लाभ मिलना चाहिए। 60 साल की उम्र होने पर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा दिये जाने तथा 3000 हजार रुपए की पेंशन का प्राविधान है। लेकिन इस सुविधा का लाभ कितने मजदूरों को मिल रहा है ये विचारणीय प्रश्न है। श्रमिकों को गम्भीर बीमारी के इलाज के लिये राजधानी लखनऊ जाना पड़ता है। जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। श्रमिकों के इलाज के लिये जनपद मुख्यालय पर एक श्रमिक अस्पताल का निर्माण होना चाहिए जिससे उन्हें सही समय पर सही इलाज मिल सके। प्रशासन जगह उपलब्ध कराये तो छाया चैराहे पर मेरे द्वारा सांसद निधि से एक ऐसा शेडयुक्त बरामदा श्रमिकों के लिये निर्माण कराया जायेगा जिसमें वो आसानी से खड़े होकर काम मिलने का इंतजार कर सके। उक्त बातें कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार मे आयोजित श्रम एवं उद्योग बंधु की बैठक मे व्यक्त किये। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग आशुतोष श्रीवास्तव, सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह, प्रबन्धक कौशल विभाग, रामानुज यादव, श्रीकांत मिश्रा, उ0प्र0 उद्योग व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष बिनोद गाबा, राजेश गुप्ता, अंकुर जैन, मोहम्मद अब्बास मौजूद रहे।

# डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महसी का किया निरीक्षण



**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महसी का औचक निरीक्षण कर चिकित्सकों व स्टाफ की उपलब्धता, दवाओं की उपलब्धता, भवन व परिसर की साफ-सफाई, औषधि वितरण काउण्टर, पंजीकरण काउण्टर, अधीक्षक कक्ष, ओपीडी, इमरजेन्सी वार्ड, पीएनसी वार्ड, आर.बी.एस.के. कक्ष, चिकित्सालय भवन की साफ-सफाई तथा कूड़ा प्रबन्धन बेहतर न पाये जाने पर नाराजगी जताते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशीष वर्मा को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

पर्चा काउण्टर के निरीक्षण के दौरान काफी भीड़ पाये जाने तथा मरीजों एवं तीमारदारों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था न होने तथा वाटर कूलर खराब पाये जाने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि तत्काल व्यवस्था में सुधार लाकर चिकित्सालय आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों के बैठने के लिए समुचित प्रबन्ध किये जाये तथा वाटर कूलर को ठीक कराया जाय। चिकित्सालय में स्थापित ड्यूटी चार्ट अपडेट न होने पर भी डीएम ने नाराजगी जतायी। डीएम ने पाया कि चिकित्सालय में स्थापित ड्यूटी चार्ट वर्ष 2022-23 से अपडेट नहीं किया गया है। डीएम ने निर्देश दिया कि ड्यूटी चार्ट को तत्काल अपडेट कराया जाय। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाएं दुरूस्त न पाये जाने पर डीएम ने एमओआईसी व फार्मासिस्ट को हटाये जाने के सीएमओ को निर्देश दिये।

ओपीडी के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि डॉ. दिनेश रस्तोगी द्वारा 40 मरीजों को अटेन्ड किया गया, जबकि एक चिकित्साधिकारी डॉ. आयुष्मान शुक्ला के उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर थे, परन्तु निरीक्षण के समय वे उपस्थित नहीं पाये गये। अधीक्षक डॉ. वर्मा ने बताया कि डॉ. शुक्ला द्वारा रात्रि में ड्यूटी की गई है। डीएम ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि ओपीडी के समय में वे भी चिकित्सकों को अटेण्ड करें। औषधि वितरण कक्ष के निरीक्षण करने पर पाया गया कि फार्मासिस्ट शोएब अहमद द्वारा दवाओं का वितरण किया जा रहा है। यहां पर सुव्यवस्थित ढंग से औषधि का वितरण न होने के कारण काउण्टर पर काफी भीड़ पायी गयी। डीएम ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि दवाओं का वितरण बेहतर ढंग से करायें ताकि भीड़-भाड़.एकत्र न होने पाये। ब्लाक लेखा प्रबन्धन कक्ष के निरीक्षण के दौरान अखिलेश कुमार उपस्थित पाये गये। यहां पर डीएम ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं जननी सुरक्षा योजना, प्रसूताओं के भोजन तथा चिकित्सालय द्वारा विभिन्न मदों में किये गये भुगतान से सम्बन्धित अभिलेखों का निरीक्षण किया तथा मौजूद लोगों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। आर.बी.एस.के. कक्ष के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यहां पर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। डीएम ने पैथालोजी, इमरजेन्सी व अन्य वार्डों का निरीक्षण कर साफ-सफाई तथा मरीजों एवं तीमारदारों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि विभागीय गाइड लाइन व सुरक्षा मानकों के अनुसार निस्तारण किया जाय। डीएम ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि चिकित्सालय आने वाले मरीजों और तीमारदारों को शासन द्वारा अनुमन्य सुविधा उपलब्ध करायें। डीएम ने चिकित्सालय में स्थापित अग्निशमन यंत्रों को क्रियाशील रखने तथा शरद ऋतु को देखते हुए मरीजो के लिए अलाव इत्यादि की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये।

# मिल्कीपुर चुनाव प्रबंधन के लिए भाजपा ने गठित किया चुनाव प्रबंधन समिति




**अयोध्या।** मिल्कीपुर चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव प्रबंधन समिति गठित की है। प्रबंधन समिति की पहली बैठक सहादतगंज पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, एमएलसी अवनीश पटेल तथा धर्मेन्द्र सिंह ने संचालन समिति के प्रमुख कार्यकताओं उनके दायित्व के बारे में समझाया।

प्रबंधन समिति में रघुनंदन चैरसिया को विधानसभा प्रभारी बनाया गया है। बूथ प्रबंधन का कार्य राघवेन्द्र पाण्डेय, पन्ना प्रमुख अशोक कसौधन, मतदाता सूची कार्य प्रमुख कृष्ण कुमार पाण्डेय, मतदाता पर्ची प्रमुख ओम प्रकाश सिंह, कार्यक्रम एवं अभियान प्रमुख सौरभ मिश्रा मोर्चा अभियान प्रमुख हर्षवर्धन सिंह, सामाजिक टोली सम्पर्क प्रमुख पुष्पेन्द्र रावत, सभा व रैली प्रमुख अभिषेक मिश्र, विचार परिवार प्रमुख ऋषिकेश उपाध्याय, मीडिया प्रमुख दिवाकर सिंह, सोशल मीडिया प्रमुख प्रवेश मिश्र, आईटी प्रमुख विवेक पाण्डेय, बैठक प्रवास प्रमुख कमला शंकर पाण्डेय, घर-घर सम्पर्क अवधेश श्रीवास्तव, प्रवासी मतदाता सम्पर्क प्रमुख अभय गुप्ता प्रशासनिक कार्य के लिए कृष्ण मुरारी सिंह, कार्यालय प्रमुख जर्नादन मौर्या, भोजन व्यवस्था प्रमुख श्याम सिंह सुशील मिश्र बब्लू, आवास व्यवस्था सुनील शास्त्री, वाहन प्रमुख इंद्रभान सिंह, प्रत्याशी जनसम्पर्क प्रमुख अशोक मिश्रा को बनाया गया है। सभी प्रमुखों के सहयोग के लिए अन्य कार्यकताओं को लगाया गया है। बैठक में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि एक समान प्रकृति के व्यवस्थाओं के प्रमुख आपस में लगातार सम्पर्क में रहें। समन्वय बना कर चुनाव का प्रबंधन करें। चुनाव अभियान के तहत डोर टू डोर जा कर सरकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए प्रचार करना है। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाओं के प्रमुख अपने जिम्मेदारी का पूर्ण पालन करें। सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी विजय का लक्ष्य लेकर कार्य करें। बैठक में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, अभिषेक मिश्र, कमला शंकर पाण्डेय, अखंड प्रताप सिंह डिम्पल, राघवेन्द्र पाण्डेय, सुनील तिवारी शास्त्री सहित अन्य पदाधिकारी व संचालन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## बुजुर्ग की मौत मामले में हत्या का आरोप, न्यायालय के आदेश पर कब्र खुदवाने पहुंची टीम, होगा पोस्टमार्टम



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** दरियाबाद कोतवाली के ग्राम गुलचप्पा निवासी भागीरथ (85) पिछले कई सालों से अपने सगे भतीजे बंधु के साथ अयोध्या के पटरंगा कोतवाली क्षेत्र के रानीमऊ गांव में रहता थे। 20 माह पहले बुजुर्ग की मौत हो गई और बंधु ने शव को दरियाबाद के गुलचप्पा गांव में ही दफना दिया। बुजुर्ग का मृत्यु प्रमाण पत्र रानीमऊ ग्राम पंचायत से जारी हुआ था। जिसके बाद मृतक भगीरथ के छोटे भतीजे रमेश ने न्यायालय में शिकायत कर बड़े भाई बंधु यादव पर जमीन की लालच में चाचा भागीरथ की हत्या कर दिये जाने का आरोप लगाया। न्यायालय के आदेश के बाद सोमवार को नायब तहसीलदार सुधाकर पांडेय, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सोनकर और पुलिस, राजस्व टीम शव को कब्र से निकलवाने पहुंची। कोतवाल मनोज सोनकर ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर पिछले माह मुकदमा लिखा गया है। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव निकाल पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई हो रही है।

# धार्मिक कार्यों के साथ सामाजिक कार्य को अंजाम देने से मिलती है खुशीः समाजसेवी

एस पी मिश्रा



**बहराइच।** सामाजिक संगठन गौतम- गाजी मानव सेवा संस्थान द्वारा कंबल वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन डा० अजीमुल्ला खान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेसी नेता डॉ जियाराम वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में तालिब अली मौजूद रहे' जबकि संचालन

- गौतम-गाजी मानव सेवा संस्थान ने गरीबों को बांटे 150 कंबल

समाजसेवी सरदार सरजीत सिंह ने किया' इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ जिया राम वर्मा ने कहा कि सामाजिक कार्यों का बड़ा महत्व है, जो बहराइच में डॉ अजीमुल्ला खान अपनी संस्था द्वारा आयोजित करते हैं, जिससे लोगों को सहायता और उन्हें पुण्य प्राप्त होता है' आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बगैर देश का विकास संभव नहीं है' विशिष्ट अतिथि एवं कौमी तंजीम के प्रदेश अध्यक्ष तालिब अली ने कहा कि देश के नौजवानों को राहुल व प्रियंका गांधी ने उत्साह प्रदान किया है' उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

मौजूदा हालात पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने वालों का ही इतिहास लिखा जाता है और पीढ़ी उन्हें याद रखती है' कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगठन के संस्थापक डॉ अजीमुल्ला खान ने कहा कि वर्ष 1996 में संगठन स्थापित करने के बाद से वह लगातार निशुल्क इलाज, दवाएं, कंबल एवं फल वितरण करते आ रहे हैं' उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यों के साथ ही सामाजिक कार्य अंजाम देने से उन्हें खुशी प्राप्त होती है और आप लोगों के सहयोग व हौसला प्रदान करने से भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे' इससे पूर्व सभी अतिथियों को मोमेंटो व बुके देकर सम्मानित तथा 150 गरीबों को कंबल वितरण किया गया तथा कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर केक काटकर गरीबों को बांटा गया ।इस कार्यक्रम को आदर्श अग्रवाल, सुबूही निखहत, कमला सोनी, राणा शिवम सिंह व जेपी मिश्रा ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में अबरार अहमद, रियाजुद्दीन खान, सईदअहमद, मोहम्मद फहीम, शादाब अंसारी, नासिर नईम खान, मौलाना इबादु रहमान, मौलाना चाँद, फहीम किदवाई, हामिद अली खान व फरीद अहमद आदि मौजूद रहे।

## किसान दिवस कल

**बहराइच।** शासन के निर्देशानुसारजनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 15 जनवरी 2025 को अपरान्ह 12:30 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएम मोनिका रानी ने कृषि एवं एलाइड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की आख्या एवं अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की अद्यतन सूचनाओं सहित किसान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

संक्षेप

## बंद पड़ी आरसी ट्रेन चलाने के लिए रेल मंत्री को भेजा पत्र

लालगंज रायबरेली। आधुनिक रेल कोच कारखाने के मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने यात्रियों और रेल कोच कर्मचारियों की समस्याओं को देखते हुए रेल मंत्री को पत्र भेज कर कोरोना काल से बंद पड़ी रायबरेली से कानपुर पैसेंजर ट्रेन को चलाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या 54211/54212 रायबरेली कानपुर पैसेंजर वाया उबरनी राधा बालमपुर ट्रेन कोरोना काल से बंद चल रही है और अभी तक चालू नहीं हुई है। यह ट्रेन इंदिरा जी के समय से चल रही थी। परंतु राजनीतिक द्वेष के कारण अभी तक चालू नहीं की गई है।

## न्यायिक कार्य से विरत हैं अधिवक्ता

लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। पत्रावलियों के पुनर्स्थापना एवं उप निबंधक कार्यालय की स्थापना की मांग को लेकर अधिवक्ता पिछले 15 दिनों से न्यायिक कार्य से विरत हैं। बार अध्यक्ष रवि उपाध्याय ने बताया कि हमारी मांगों को नजर अंदाज किया जा रहा है। कई बार अधिकारियों को अवगत करवाया गया, लेकिन इसके बावजूद ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोमवार को तहसील परिसर में आयोजित अधिवक्ताओं की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल डीएम सुलतानपुर से 15 जनवरी को मिलेगा और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत करवाएगा। बैठक में रामसागर पाठक, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, केपी सिंह, प्रदीप चतुर्वेदी, रामबली प्रजापति, अर्जुन चैरसिया, राजेश सिंह, राजेंद्र श्रीवास्तव, राजमणि द्विवेदी, कृष्ण मोहन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर हुआ भंडारा

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। अयोध्या के भव्य मंदिर में प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अयोध्या प्रयागराज रोड स्थित गुप्तारगंज बाजार के प्राचीन शिव मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे से पूर्व श्रीरामचरितमानस का पाठ किया गया। मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में जनप्रतिनिधि, थानाध्यक्ष, सहित हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सुजीत, सौरभ, राहुल, अनिल, संदीप, मोहित, विनोद, कृष्णा, सचिन, ध्रुव, धीरज, शिवकुमार, कमलेश, हर्ष, प्रशांत आदि मौजूद रहे।

## दुर्घटना में साइकिल सवार बुजुर्ग की हुई मौत

लालगंज रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के कानपुर रोड पर सैमसी गांव के निकट रविवार की देर शाम को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बुजुर्ग की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सकतपुर गांव निवासिनी मृतक की बेटी बबिता ने बताया कि रविवार की देर शाम करीब नौ बजे उसके पिता रामकिशोर (65) लालगंज कस्बे से साइकिल पर सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। तभी सैमसी मोड़ के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# जनहित के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## सदर विधायक अदिति सिंह ने की विकास कार्यों की समीक्षा



रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने शहर में चल रहे विकास कार्यों को लेकर संबंधित विभागों के साथ निरीक्षण भवन में समीक्षा बैठक की। सदर विधायक ने समीक्षा बैठक में विकास कार्यों में लापरवाही को देखते हुए कहा कि शहर में चल रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र गुणवत्ता व मानक के अनुरूप पूर्ण कराया जाए, जिससे जनसामान्य को उसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग जो भी नए विकास के कार्य स्वीकृत हुए हैं या जो स्वीकृत हेतु विभाग में भेजे गए हैं उनकी सूची उपलब्ध कराए तथा जो कार्य पूर्ण हो गए हैं उनकी भी सूची उपलब्ध कराए, जिससे उन कार्यों का निरीक्षण कराकर पुष्टि कर ली जाए। सदर विधायक ने कहा कि जनहित के निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए और कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में जनसामान्य से संबंधित विकास कार्यों को लेकर लापरवाही न बरती जाए तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुँचाना विभाग का दायित्व है और दायित्वों की पूर्ति कराने के लिए जन प्रतिनिधियों को सरकार के सरोकारों से जुड़ना आवश्यक है। बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एम.पी. सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम (नगरीय) देवेंद्र कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गरीब व असहाय लोगों की मदद करना ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य : अनिका पांडे



नसीराबाद रायबरेली। विकास खण्ड छतोह के पूरे पण्डित मजरे बभनपुर गांव में शिवपती देवी शिव दर्शन पाण्डेय समाज सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेविका शिप्रा ए पाण्डेय ने ठण्ड से ठिठुर रहे गरीब असहाय लोगों में रजाई तकिया, गद्दा व जैकेट वितरण किया और बच्चों को चाकलेट व पेन वितरण किया। विकास खण्ड छतोह के ग्राम पूरे पण्डित मजरे बभनपुर गांव में सोमवार को विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष शिवपती देवी शिव दर्शन पाण्डेय समाज सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में तीन सौ से ज्यादा लोगों को रजाई तकिया गद्दा व जाकेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों को ठण्ड से राहत पाने के लिए गरीब असहाय व निर्धन लोगों में रजाई तकिया, गद्दा और जाकेट वितरण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिप्रा ए पाण्डेय व विशिष्ट अतिथि अखिलेश रामविशाल पाण्डेय ने सर्दी में ठण्ड से ठिठुर रहे गरीब असहाय लोगों में रजाई, तकिया, गद्दा और जाकेट वितरण किया तो वहीं ग्राम सभा व आस पास के गांव के स्कूली बच्चों को चाकलेट व पेन दिया। रजाई गद्दा जाकेट पाये वृद्ध लोगों के चेहरे खुशी से खिल गए। वहीं मुख्य अतिथि अनिका पाण्डेय ने कहा गरीब व असहाय लोगो की मदद करना ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य होता है। वहीं विशिष्ट अतिथि अखिलेश आर पान्डेय ने अपने सम्बोधन में कहा कि परिवार की परम्परा को निभाते हुए प्रतिवर्ष सर्दी में ठण्ड से ठिठुर रहे क्षेत्र के गरीब व असहाय लोगों को रजाई तकिया व गद्दा और जाकेट का वितरण किया जाता है।

# गरीबों के प्रति संवेदनशील है योगी सरकार : एसडीएम



लालगंज रायबरेली। उप जिला मजिस्ट्रेट नवदीप शुक्ला और तहसीलदार शंभू शरण पांडे के द्वारा लगातार सरकार की योजनाओं को लागू करने के लिए क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है। एसडीएम और तहसीलदार ने जहां गेगासों गंगा घाट पहुंचकर गरीबों को कंबल वितरण किया और मंदिर में चल रही गतिविधियों का निरीक्षण किया। वहीं लालगंज स्थित रैन बसेरे का भी निरीक्षण कर कंबल वितरण भी किया है। एसडीएम ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार गरीबों के प्रति संवेदनशील है। सरकार के द्वारा गरीबों के लिए योजनाएं संचालित हैं। कोई भी गरीब पात्र व्यक्ति अगर है तो कंबल ले सकता है। गरीबों को तहसील प्रशासन के द्वारा कंबल वितरण किया जा रहे हैं। इस अवसर पर अन्य राजस्व के कर्मचारी मौजूद रहे।

## सरयू और संगम के जल से बनेगी ऐहार में खिचड़ी, होगा सहभोज का कार्यक्रम

लालगंज रायबरेली। लालगंज क्षेत्र के ऐहार गांव में विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए आरएसएस के धर्म जागरण के खंड सहसंयोजक चंदन त्रिवेदी ने बताया कि मकर संक्रांति के पावन अवसर पर विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम स्थित सरयू और प्रयागराज संगम महाकुंभ से लाए हुए पवित्र गंगाजल से खिचड़ी बनेगी। चंदन त्रिवेदी ने बताया कि वह अपने साथियों सुशील शुक्ला, उमेश सिंह, अशोक शुक्ला के साथ भगवान राम की नगरी अयोध्या धाम गए थे। जहां पर भगवान श्री राम की अलौकिक मूर्ति का दर्शन किया और सरयू नदी का पावन जल लेकर के आए हैं। इसके अलावा भाजपा नेता जेपी सिंह महाकुंभ गए हुए हैं। उनके द्वारा संगम का जल आएगा जिससे ऐहार के हनुमान मंदिर के पास विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन 18 जनवरी दिन शनिवार को दोपहर में होगा। उन्होंने लोगों से खिचड़ी भोज में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

## हरिद्वार से उड़ीसा जा रहे डीसीएम से 20 गत्ते पाउडर चोरी

बछरावां रायबरेली। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के प्यारे पुर गांव के रहने वाले समर दीप पुत्र जागेश्वर में सोमवार सुबह कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनका डीसीएम ट्रांसपोर्ट सामान लाने ले जाने में लगा हुआ है। हरिद्वार से रविवार को उड़ीसा पाउडर लोड करके जा रहा था। बछरावां कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-प्रयागराज एनएच हाईवे पर शुरूआत गांव के पास स्थित एक निजी ढाबे पर खाना खाने के लिए चालक चला गया तभी पीछे से तिरपाल काटकर अज्ञात लोगों द्वारा 20 गत्ते पाउडर के चोरी कर ले गए जिसकी कीमत एक लाख है। कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई करेंगे।

## सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज में पुरातन छात्र सम्मेलन का हुआ आयोजन

लालगंज रायबरेली। विद्या भारती से संचालित सरस्वती शिशु मंदिर लालगंज में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में होते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग विचारक राहुल ने कहा कि विवेकानंद जी के विचारों से जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि गुरु के आशीर्वाद से तुम सब भी विवेकानंद बन सकते हो। संघ प्रचारक ने कहा कि गुरु के आशीर्वाद से ही स्वामी जी नरेंद्र से विवेकानंद बने थे, उनके उठो जागो व लक्ष्य से पहले मत रुको का उद्घोष निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। विवेकानंद जी ने यह सिद्ध कर दिया था कि भारत संस्कारों का देश है। लायक सिंह ने कहा कि राष्ट्र की गरिमा युवाओं पर निर्भर है। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनंत पांडे उर्फ अनूप पांडे, सचिन रस्तोगी, सतीश त्रिवेदी, कौशलेंद्र कंचन, सहित प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक, जगदेव, रमेश,, दिवाकर रामशरण अग्निहोत्री, अशोक, सुरेश, शिवानी शर्मा, पूजा, दिव्यांशी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के साथ हुआ।

# तहसीलदार की विदाई में उमड़ा जन सैलाब, दी विदाई

महराजगंज रायबरेली। जिले जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा महराजगंज तहसील में तैनात तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव व नायब तहसीलदार सैफुद्दीन अली का स्थानांतरण जिले की दूसरी तहसील में किए जाने पर तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी सचिन यादव की अध्यक्षता में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित राजस्व कर्मचारी व अधिकारियों ने अपने दोनों अधिकारियों को भावभीनी विदाई दी। महराजगंज तहसील के तहसीलदार के पद पर लगभग छः माह बीत जाने के बाद तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव व नायब तहसीलदार सैफुद्दीन अली का स्थानांतरण जिले की दूसरी तहसीलों में कर दिया गया है। तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव की कार्यशैली अधिवक्ता तथा पत्रकार व जनप्रतिनिधियों के साथ अच्छे व्यवहार व सामंजस्य बनाकर काम करने के चलते हमेशा निष्पक्ष कार्य प्रणाली के लिए जाने जाते हैं। जैसे ही तहसील परिसर में स्थानांतरण की सूचना मिली वैसे ही राजस्व कर्मचारियों द्वारा आनन-फानन तहसील सभागार में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उप जिलाधिकारी सचिन यादव ने की तो वहीं हल्का लेखपाल राजस्व निरीक्षकों ने अंग वस्त्र भेंट कर व फूल माला पहनाकर विदाई दी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सचिन यादव ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत कम समय में तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव के साथ रहकर देखा है कि वह अधिवक्ताओं से तालमेल बनाकर कार्य करने की जो क्षमता तहसीलदार महराजगंज की थी वह अद्भुत थी और मैं कहना चाहता हूं कि जिस तहसील में तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव का स्थानांतरण हुआ है।

# एसपी साहब! विपक्षी ने दर्ज करा दिया फर्जी मुकदमा

## हल्का सिपाही बना रहा समझौते का दबाव, ग्रामवासियों ने दिया एसपी को प्रार्थना पत्र




सुलतानपुर (वीओएल)। सोमवार को नवागत एसपी कुंवर अनुपम सिंह से मिलकर दर्जनों ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दोस्तपुर पुलिस ने विपक्षी की तहरीर पर बिना जांच पड़ताल किए पीड़ित पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया। थाने का हल्का सिपाही भी पीड़ित पर समझौते का दबाव बना रहा है। मामला दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बेलवारे बाजार का है। गौरतलब है कि बीते छह जनवरी की शाम बच्चे के विवाद को लेकर बेलवारे बाजार में लग्जरी वाहन सवार युवक ने फायरिंग की थी। एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बेलवारे निवासी प्रेम कुमार वर्मा ने आरोप लगाया है कि विपक्षी सचिन्द्र वर्मा व अरुण वर्मा ने उसपर हमला किया था। जिसका मुकदमा दोस्तपुर थाने में दर्ज किया गया। वहीं घटना के दूसरे दिन पुलिस ने बिना जांच पड़ताल के विपक्षी की तहरीर पर उन सबके खिलाफ एक फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया। आरोप है कि दोस्तपुर थाने पर तैनात सिपाही विवेक भदौरिया मामले में सुलह करने का दबाव बना रहे हैं। पीड़ित ने एसपी से मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए आरोपी अरुण वर्मा की लाइसेंसी पिस्टल का लाइसेंस निरस्त कराने की मांग की है।

## होमगार्ड ने लगाया मारपीट का आरोप

सुलतानपुर। दोस्तपुर थाने में तैनात होमगार्ड मनीराम पुत्र संतू ने थाने में तैनात सिपाही विवेक भदौरिया पर ड्यूटी के दौरान मारपीट का आरोप लगाया है। एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में होमागर्ड मनीराम ने मांग की है कि आरोपी सिपाही पर मुकदमा दर्ज किया जाए और उसके परिवार के जानमाल की सुरक्षा की जाए। क्षेत्र में सिपाही विवेक भदौरिया अपने कारनामों के चलते अक्सर चर्चा में रहते हैं।

# वैश्य समाज का हो रहा है शोषण: दिलीप अग्रहरि

## वैश्य समाज की एकजुटता को लेकर गोष्ठी आयोजित



सूरापुर, सुलतानपुर (वीओएल)। अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के बैनर तले कादीपुर क्षेत्र के विजेथुआ महाबीरन स्थित अग्रहरि धर्मशाला में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमृतलाल अग्रहरि ने की, जबकि संचालन कादीपुर अध्यक्ष सतीश मोदनवाल ने किया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने वैश्य समाज के सशक्तिकरण और उनके प्रति हो रहे अपराधों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने पर जोर दिया।

गोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिलीप गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज भाजपा का प्रमुख वोटर रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में उनके प्रति बढ़ते अपराध और उनकी अनदेखी चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि वैश्य समाज को राजनीतिक विकल्प देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अध्यक्ष रविशंकर साहू अंगारा ने इस पार्टी का गठन किया है। विशिष्ट अतिथि प्रदेश मंत्री सुनील कसौधन और युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने भी अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने बलिया, अमेठी और सुलतानपुर में वैश्य समाज के लोगों पर हुए अपराधों की कड़ी निंदा की और सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष हरिशंकर एडवोकेट ने कहा कि वैश्य समाज को संगठित करना और राजनीतिक रूप से मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता है। इस मौके पर प्रदेश मंत्री सुनील कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा दीपक गुप्ता, जिला महामंत्री अनिल कसौधन, जिला महासचिव सुनील कुमार, नगर सचिव विशाल जयसवाल, ब्लाक अध्यक्ष लवकुश अग्रहरि, प्रभारी सन्दीप अग्रहरि, राजेश कुमार, विनोद, अनुज गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# केएनआई में अनुशास्ता मंडल और आईक्यूएसी. की बैठक संपन्न



सुलतानपुर (वीओएल)। कमला नेहरू स्वायत्तशासी संस्थान (केएनआईपीएसएस) में सोमवार को अनुशास्ता मण्डल और आईक्यूएसी की बैठक संस्थान प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक का नेतृत्व मुख्य अनुशासक सुधांशु प्रताप सिंह और आईक्यूएसी निदेशक प्रो. प्रवीण कुमार सिंह ने किया।

बैठक में मुख्य अनुशासक सुधांशु प्रताप सिंह ने संस्थान में अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता जताई। प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने संस्थान की पहचान को अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बनाए रखने का आह्वान किया। अनुशास्ता मण्डल ने छात्र अनुशासन, शिक्षण माहौल, परीक्षा प्रणाली और खेल-कूद जैसे क्षेत्रों में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में प्रबंधक विनोद सिंह के निदेर्शानुसार अम्बेडकर हॉल में एक विशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक का उद्देश्य नैक मूल्यांकन के लिए कार्य योजना तैयार करना और यूजीसी के मापदंडों के अनुरूप शिक्षकों का कार्य संपादन सुनिश्चित करना था।

## दबंगों का आतंक: व्यापारी की पिटाई और दुकान में तोड़फोड़, एक आरोपी हिरासत में

अमेठी। पुरानी रंजिश में दबंगो ने दुकान में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए दुकान संचालक और उसके सहयोगियों की पिटाई कर दी. दबंगो की गुंडई की पूरी तस्वीर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई.दुकान संचालक ने दबंगो पर 20 हजार रुपए लूटने का भी आरोप लगाया है.फिलहाल तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है.पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में भी ले लिया है। जनपद के गौरीगंज थाना क्षेत्र के लालगंज वार्ड नं 24 का है जहाँ ओम प्रकाश वर्मा दुकान करता है.रविवार की दोपहर वो दुकान पर बैठा था इसी बीच विपक्षी अनुज वर्मा,सुरेश वर्मा समेत कुछ महिलाएं उसकी दुकान पर पहुँची और तूतू मैंमैं के बाद लाठी डंडो ने व्यवासाई पर हमला कर दिया। करीब 10 मिनट तक दबंग तांडव मचाते हुए दुकान में तोड़फोड़ की तोड़फोड़ करने के बाद पिटाई कर दी.व्यवासाई ने गल्ले में रखे 20 हजार रुपए लूटने का भी आरोप लगाया है.दबंगो के जाने के बाद पीड़ित ने थाने पहुँचकर मामले की शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच में जुट गई है। दबंगो की गुंडई की पूरी तस्वीर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गई.पीड़ित के मुताबिक आरोपीयो से उसकी पुरानी रंजिश है इसी रंजिश के कारण आरोपीयो ने घटना को अंजाम दिया है.पूरे मामले पर गौरीगंज एसएचओ श्याम नारायण पांडेय ने कहा कि लूट की घटना झूठी है.मारपीट हुई है एक आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

## सात साल में भी अभय हत्याकांड का नहीं हुआ खुलासा

- मृतक छात्र के परिजनों को नहीं मिली आर्थिक सहायता
- नवोदय विद्यालय के छात्र अभय की हत्या का मामला

अमेठी। सात वर्ष पूर्व जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के 11वीं के छात्र रहे अभय प्रताप सिंह की हुई निर्मम हत्या का पुलिस से लेकर सीबीआई तक खुलासा नहीं कर सकी हैं। वहीं मृतक छात्र के परिजनों को सरकार की तरफ से कोई आर्थिक सहायता भी नहीं दी गई है। मृतक छात्र की मां ने एक बाद फिर प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक को पत्र भेजकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। नवोदय विद्यालय के छात्र अभय सिंह की 13/14 जनवरी 2018 की रात उस वक्त हत्या कर शव को विद्यालय से दो किमी दूर रेलवे ट्रैक के बगल डाल दिया गया था जब वह अपना 17वां जन्मदिन मनाने की तैयारी कर रहा था। हत्या का मुकदमा दर्जकर गौरीगंज पुलिस ने 25 जुलाई 2019 तक विवेचना किया। सीबीसीआईडी प्रयागराज ने 24 नवम्बर 2020 तक तथा इसके बाद सीबीआई लखनऊ 26 जुलाई 2021 से अभय हत्याकांड की विवेचना कर रही है। लेकिन घटना से सात साल भी जांच एजेंसियां खुलासा नहीं कर सकी हैं। छात्र के हत्यारे आजाद घूम रहे हैं। वहीं छात्र की निर्मम हत्या के सात साल बाद भी मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से मृतक के परिजनों को कोई आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई। जबकि जिले के तत्कालीन प्रभारी मंत्री मोहसिन रजा के साथ ही जिलाधिकारी सुल्तानपुर द्वारा छह बार से अधिक आर्थिक सहायता की संस्तुति कर शासन को पत्र भेजा जा चुका है।

## चलाया गया चेकिंग अभियान

अमेठी। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी के दृष्टिगत जनपद के थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न बैंक शाखाओं एवं वित्तीय संस्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को जांचा गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न बैंक शाखाओं, एटीएम एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर बैंकों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई।

# रिमोट सेंसिंग और जीआईएस तकनीक पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



सुलतानपुर (वीओएल)। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन्स सेंटर, उत्तर प्रदेश लखनऊ के तत्वावधान में एक अर्धदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस तकनीक पर आधारित एनआरआईएस परियोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। परियोजना वैज्ञानिक डॉ. जय कुमार मिश्रा ने डिजिटल डाटाबेस के उपयोग और इसकी विशेषताओं को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि रिमोट सेंसिंग, जीआईएस, और जीपीएस तकनीक का उपयोग कृषि, राजस्व, जल प्रबंधन, प्राकृतिक आपदा प्रबंधन, ग्राम विकास, पंचायती राज, सिंचाई, वन विभाग, और सड़क निर्माण जैसे क्षेत्रों में किया जा सकता है। भुवन पोर्टल और लिडार तकनीक के उपयोग की जानकारी भी प्रदान की गई। प्रधानमंत्री गतिशक्ति पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों के डेटा को समन्वित कर कार्यों को सुगम बनाने पर भी चर्चा हुई। कार्यशाला में कृषि, पशुपालन, उद्यान, पंचायती राज, लोक निर्माण, जल निगम, और लघु सिंचाई विभाग सहित विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने तकनीक आधारित परियोजनाओं को जनहित में उपयोगी बताते हुए विभागों से समन्वय और क्रियान्वयन पर जोर दिया।

# प्रिंट से अधिक रेट पर शराब बेचने का आरोप

## आबकारी निरीक्षक ने की जांच




अमेठी। जायस में अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानों में शराब निर्धारित मूल्य से अधिक के दाम वसूले जा रहे थे। इससे शराब के शौकीनों की जेब पर अतिरिक्त बोझ तो पड़ ही रहा था, साथ ही सरकार को भी राजस्व क्षति पहुंच रही थी। पूरी जानकारी के बावजूद आबकारी विभाग खामोश बैठा था। वॉयस ऑफ लखनऊ में सोमवार के अंक में प्रमुखता से जायस में प्रिंट रेट से अधिक मूल्य में बिक रही है शराब शीर्षक नामक खबर प्रकाशित हुई थी।

खबर प्रकाशित होते ही आबकारी विभाग ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मंगलवार की दोपहर बाद शराब की दुकान की जांच करने पहुंच गए। अंग्रेजी शराब की बोतलों की निर्धारित मूल्य से अधिक दाम वसूलने का खेल जायस में पिछले कई वर्षों से चल रहा था। जायस में विद्युत उपखंड जायस निकट रिलायंस पेट्रोल पंप के ठीक सामने देशी, अंग्रेजी की दुकान है। यहां पर प्रिंट रेट से अंग्रेजी शराब की हर

### खबर का असर

एक बोतल पर 10 से 20 रुपये वसूले जा रहे थे। अलग अलग ब्रांड की शराब में प्रिंट मूल्य से अधिक के दाम लिए जाते थे। अधिक दामों को लेकर आए दिन ग्राहकों की झड़प होती रहती थी, लेकिन शराब के शौकीनों को मजबूरी में अधिक दाम देने पड़ते थे। शराब की दुकान में रेट लिस्ट लगाई गई है। बावजूद जबरन वसूली जारी रहती थी। ग्राहकों द्वारा विरोध करने पर उनकी पसंद की शराब नहीं दी जाती थी। विरोध जताने पर कभी बोहनी तो कभी पान खाने के नाम पर प्रिंट रेट से अधिक रुपए की वसूली सेल्समैन सतीश जायसवाल द्वारा की जाती थी। सोमवार के अंक में जब वॉयस ऑफ लखनऊ में खबर प्रमुखता से प्रकाशित हुई तो आबकारी विभाग ने संज्ञान लेते हुए डीओ के निर्देश पर आबकारी निरीक्षक सर्किल 4 रानी सागर, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 सतीश चंद्र, मनोज कुमार प्रधान आबकारी सिपाही, कौशल सिंह व राजेश सिंह की टीम गठित कर जांच बैठा दी। टीम सोमवार को ही दोपहर करीब साढ़े 3 बजे शराब की दुकान पर जांच करने पहुंची तो वहां पहले से मौजूद ग्राहकों में कुछ लोगों ने प्रिंट रेट से अधिक रेट में शराब की बिक्री व अधिक पैसे न देने पर मनचाही शराब न देने का सेल्समैन सतीश जायसवाल पर जांच टीम के सामने ही राज उगलना शुरू कर दिया। हालांकि आबकारी निरीक्षक रानी सागर और सतीश चंद्र ने कहा कि शिकायत की जांच कर ली गई है, ठेकेदार को नोटिस दी जा रही है, एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

संक्षेप

## आधार से लिंक कर विधवा के बीमे के रूपए हड़पे

**मथुरा।** दुर्घटना में पति की मौत के बीमे के पैसे को विधवा के आधार से लिंक कर एक व्यक्ति ने हड़प लिया। पीड़िता द्वारा इलाका पुलिस से शिकायत की गई जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वह आज एसएसपी से मिली। हाइवे थाना क्षेत्र अन्तर्गत गोवर्धन रोड सतोहा मंजू पत्नी स्वर्गीय सुरेश का कहना है कि तीन वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में उसके पति की मौत हो गई थी। जिसमें बीमा कंपनी से पांच लाख रुपये मिले थे। उसने अपने आधार से लिंक पंजाब नेशनल बैंक पर केनरा बैंक के खाते में जिसमें से कुछ पैसा उसने निकाला भी लेकिन आठ जनवरी को जब उसने बेटी की शादी के लिए पैसा निकलाने बैंक गयी तो पता चला कि उसकी दोनों बैंकों से जमा राशि आधार के माध्यम से निकाल ली गई है। पीड़िता का कहना है कि उसका बारह वर्षीय बेटा छह माह पूर्व आधार कार्ड की फोटो स्टेट कराने मुकेश पुत्र मानसिंह की दुकान पर गया था, जिसमें आरोपी ने उसके मोबाइल और आधार के लिंक का लाभ लेते हुए पंजाब नेशनल बैंक से 47 हजार और केनरा बैंक से 1 लाख 36 हजार रुपये निकाल लिए।

# गोवर्धन में श्रद्धालुओं ने की सप्तकोसीय परिक्रमा



**मथुरा।** गोवर्धन में आज श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सप्तकोसीय परिक्रमा में भक्तिभाव का नजारा दिखाई पड़ा। दंडवती परिक्रमा के अलावा लोग काफी संख्या में गिरिराज महाराज की जय- जयकार कर रहे थे। पूरा परिक्रमा मार्ग श्रद्धा और भक्ति में नजर आया। आज पौष पूर्णिमा के कारण गोवर्धन और राधाकुण्ड जतीपुरा में भक्तों की भीड़ नजर आयी। दोनों परिक्रमाओं में महिला पुरूष और बच्चे परिक्रमा करते देखे गए। वहीं राधाकुंड मानसी गंगा में आज पूर्णिमा के चलते श्रद्धालुओं ने स्नान किया और दानपुण्य का लाभ लिया। सुबह से ही धूप निकलने के कारण मौसम अच्छा रहा।

जिसकी वजह से गोवर्धन में अच्छी खासी भक्तों की भीड़ मंदिरों पर भी नजर आई। प्रसिद्ध दानघाटी मंदिर मुकुट मुखारबिंद और जतीपुरा मुखारबिंद पर दुग्धाभिषेक किया। श्रद्धालुओं द्वारा परिवार के साथ परिक्रमा की जा रही थी। सभी मंदिरों पर भीड़ नजर आई। इसको देखते हुए गोवर्धन पुलिस ने यातायात नियंत्रण के लिएपुलिस बल तैनात किया। आज पौष मास की समाप्ति के कारण दानपुण्य भी हुआ। परिक्रमा मार्ग और मंदिरों के समीप दानपुण्य करते लोगों

● चहुंओर दिखाई दिया भक्ति और श्रद्धा का नजारा

को देखा गया। राधाकुण्ड में सुबह ही स्नान और पूचा अर्चना का काम चलता रहा। तेज ठंड के बाद भी श्रद्धालु राधा और कृष्ण कुंड में आंचमन और स्नान कर रहे थे। पास में ही दानपुण्य का सामान भी रखा था, जिसे गरीबों को बांटा गया। कई स्थानों पर खिचड़ी प्रसाद का वितरण भी हुआ। राधाकुंड के मंदिरों में भक्तों की भीड़ नजर आई। आज गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में भी दंडवती परिक्रमा करने वालों की भी अच्छी खासी संख्या थी।

जतीपुरा मुखारबिंद पर दुग्धाभिषेक कर भक्त अपने आप को धन्य समझ रहे थे। यही क्रम दानघाटी मंदिर और मुकुट मुखारबिंद मंदिर पर भी देखने को मिला। श्रद्धालुओं की अच्छी संख्या के कारण गोवर्धन कस्बे में भीड़भाड़ बनी रहे। पुलिस को व्यवस्था संभालनी पड़ी। बड़ी संख्या में वाहनों से भी लोग परिक्रमा और दर्शनों के लिए दूर-दूर से आ रहे थे।

# सम्यक क्रांति का मतलब ही संक्रांतिः आरएसएस



**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मथुरा महानगर ने अपने छह अनिवार्य उत्सवों में से एक मकर संक्रांति के उत्सव को मनाना प्रारंभ कर दिया है। जगह जगह शाखाओं पर यह कार्यक्रम आगामी 3 दिन तक मनाया जाएगा जिसमें संघ के स्वयंसेवक समरसता का संदेश देते हुए संक्रांति का उत्सव मनाएंगे। इसी श्रृंखला में रिफाइनरी नगर की नरसिंह शाखा के उत्सव में बोलते हुए प्रांत कार्यकारिणी सदस्य एवं मथुरा महानगर के पालक अधिकारी भवेंद्र ने कहा कि कोई भी क्रांति बदलाव का ही प्रतीक है, जब जब क्रांति होती है तो बदलाव अवश्य होता है। इसी प्रकार इस मकर संक्रांति पर्व पर भी ऋतु का बदलाव होता है और यह बदलाव सकारात्मक होता है इसीलिए इसको संक्रांति भी कहते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमान प्रवीण जी अग्रवाल ने की। उत्सव में बलराम भाग सह संघचालक सी पी सिंह, नगर के संघचालक ब्रजमोहन भाई साहब, नगर के ही सहसंघचालक श्रीमान ओमवीर, विभाग के प्रचार प्रमुख श्रीमान कमल कौशिक, महानगर प्रचारक सचिन, महानगर सहकार्यवाह श्रीओम, महानगर संपर्क प्रमुख श्रीमान जितेंद्र, डॉ बीरी सिंह, डॉ दिनेश राणा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने सैलई स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया, इस प्लांट की स्थापना सन 2008 में की गई थी, जिसकी क्षमता 120 एमएलडी है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि पानी की टीडीएस व पीएच वैल्यू मानक के अनुरूप है विगत कुछ दिनों से यहां के लोगों को पेयजल समुचित तरीके से उपलब्ध नहीं हो पा रहा था यहाँ प्लांट की विद्युत आपूर्ति वाधित थी क्योंकि विद्युत सप्लाई का इंसुलेटर का फ्यूज उड़ गया था, इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसी समस्या दोबारा ना हो, इसके लिए नगर निगम और विद्युत विभाग संयुक्त रूप से आपातकाल के लिए समांतर विद्युत की व्यवस्था करेंगे, जिससे मुख्यतः विद्युत के बाधित होने पर यहां विद्युत की आपूर्ति हो सके।

जिलाधिकारी ने इस दौरान पानी की गुणवत्ता परखने हेतु प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने निर्देशित किया कि पानी की गुणवत्ता की जांच टीडीएस व पीएच मीटर से कराई जाए जो की सही पाई गई, इसी के साथ नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के सभी वार्डों में लीकेज पाइपलाइन को तत्काल प्रभाव से ठीक कराये, जिससे पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा सके। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र कुमार, अपर आयुक्त नगर निगम, अधिशासी अभियंता सिविल, अधिशासी अभियंता यांत्रिक, विशेष सिंह, अशोक कुमार गौतम आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## शॉर्ट सर्किट से रेलवे प्लेटफार्म पर लगी आग

**टूंडला।** रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म 6 पर शार्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। गनीमत रही कोई रेलयात्री मौके पर मौजूद नहीं था वरना गंभीर हादसा हो सकता था। सूचना पर पहुंची आरपीएफ व जीआरपी पुलिस ने तुरंत विद्युत कर्मचारियों को बुलाकर ठीक कराया। सोमवार को प्रातः 9:20 बजे रेलवे स्टेशन टूंडला प्लेटफार्म 6 पर विद्युत केबिल में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। गनीमत रही कोई रेलयात्री प्लेटफार्म पर नहीं था। घटना की सूचना आरपीएफ व जीआरपी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने विद्युत कर्मचारियों को बुलाकर विद्युत केबिल को ठीक कराया। आग के दौरान अगर प्लेटफार्म पर रेलयात्री मौजूद होते तो एक बड़ी घटना हो सकती थी। गनीमत रही कोई रेलयात्री प्लेटफार्म 6 पर नहीं था। नहीं तो गंभीर जन हादसा हो सकता था।

## पौष पूर्णिमा पर बटेश्वर धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बटेश्वर/आगरा।** प्राचीन तीर्थधाम बटेश्वर में पौष पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। तड़के से ही श्रद्धालु यहां पहुंचने लगे थे। यमुना में डुबकी लगाने के बाद लोग ब्रह्मलाल मंदिर में भोले बाबा का अभिषेक कर रहे थे। पौष पूर्णिमा पर बटेश्वर में यमुना में स्नान कर ब्रह्मलाल के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। यह सिलसिला आज तड़के ही शुरू हो गया था। यमुना स्नान में करने के बाद श्रद्धालुओं ने ब्रह्मलाल मंदिर के अलावा शिव मंदिरों में पूजा अर्चना कर अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए कामना की। श्रद्धालुओं ने साधु-संतों सहित जरूरतमंदों को पुण्य दान भी किया। पौष पूर्णिमा पर जुटने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस भी जगह-जगत तैनात की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बटेश्वर तीर्थ धाम ट्रस्ट द्वारा भी विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। कड़ाके की ठंड और शीतलहर दो देखते हुए जगह-जगह अलाव भी जल रहे थे। बटेश्वर तीर्थ धाम पहुंचने वालों में दूरदराज के श्रद्धालु भी शामिल थे। महिलाएं और बच्चे भी बड़ी संख्या में पहुंच रहे थे। कोई यमुना जल तो कोई दूध से भगवान शिव का अभिषेक कर रहा था।

## मैथिल ब्राह्मण महाकुंभ 09 फरवरी को

**मथुरा।** अखिल भारतीय मैथिल ब्राह्मण महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामदेव भारद्वाज के नेतृत्व में पंडित डालचंद मैथिल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमे सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 09 फरवरी को मैथिल ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन मथुरा में होगा। रविवार को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित लटूर प्रधान फार्म हाउस में आयोजित बैठक का शुभारंभ गणेश पूजन कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामदेव भारद्वाज ने कहा कि मैथिल ब्राह्मण समाज के सहयोग से अखिल भारतीय मैथिल ब्राह्मण महासभा एवं मैथिल ब्राह्मण जन जागृति मंच साथ मिलकर समाज का महाकुंभ 09 फरवरी रविवार को गोवर्धन रोड स्थित चतुर्वेदी गार्डन में आयोजित होगा। जन जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू लाल झा ने बताया कि मैथिल ब्राह्मण समाज को एकजुट होकर राजनीति में प्रतिनिधित्व होना चाहिए। जब हम संगठित रहेंगे तो हमारी बात विधानसभा एवं लोकसभा में पहुंचेगी। ब्रह्म कीर्ति रक्षक दल के जुगेंद्र भारद्वाज ने कहा कि मैथिल ब्राह्मणों को अपने संस्कारो एवं शिक्षा पर जोर देना चाहिए।

# मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, दो गिरफ्तार



**मथुरा।** धार्मिक नगरी में छिनेती करने वाले गैंग के खिलाफ वृंदावन पुलिस का लंगड़ा अभियान लगातार जारी है। वृंदावन पुलिस ने महज चैबीस घंटे के अन्दर एक बार फिर दो बाइक सवार बदमाशो को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। जवाबी फायरिंग में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पकड़े गए बदमाशो से पुलिस ने लुटा हुआ पर्स मोबाइल, नगदी व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद किया है।

गौरतलब है कि शनिवार की रात्रि प्रेम मंदिर से दर्शन कर परिवार के साथ वापस लौट रही एक श्रद्धालु महिला का बाइक सवार बदमाश पर्स छीनकर ले गए थे। जिसमें मोबाइल व नगदी रखी हुई थी। इस संबंध में पीड़ित परिवार ने वृंदावन कोतवाली पहुंचकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर दी थी।

जिसको तत्काल संज्ञान में लेते हुए कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी द्वारा एक टीम गठित कर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से बदमाशो की तलाश की जा रही थी। जिसमें रविवार की सांय वृंदावन पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि छिनेती करने वाले बाइक सवार बदमाश एक बार फिर घटना को अंजाम देने के लिए निकल पड़े है। जोकि गुरुकुल रोड के समीप खड़े हुए है। जैसे ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बदमाशो की घेराबंदी की तो बदमाशो ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने अपने बचाव में जब जवाबी फायरिंग की तो बाइक सवार बदमाश सतीश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इस बीच उसका साथी राजेश जैसे ही भागने का प्रयास करने लगा उसे पुलिस ने नाकाबंदी कर मौके पर ही दबोच लिया। पकड़े गए बदमाश ई रिक्शा व पैदल सवार श्रद्धालुओं से मोबाइल, पर्स, चेन आदि की छिनेती जैसी वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशो से लूट का सामान, तमंचा कारतूस व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराकर आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। यहां बताते चले कि उक्त बदमाशो ने कुछ दिन पूर्व सौ फुटा पुल पर श्रद्धालु के साथ हुई लूट घटना को कबूल किया है।

## कूट रचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा करने वाले गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा कूट रचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी बैनामा करने वाले गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। मवासीराम पुत्र स्व0 भोले निवासी धुनपई थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद ने चाँद बाबू पुत्र स्व0 अजमत अली निवासी मौहल्ला गागनी दरवाजा कस्बा व थाना फरिहा फिरोजाबाद, साहिल पुत्र चाँद बाबू निवासी मौहल्ला गागनी दरवाजा कस्बा व थाना फरिहा फिरोजाबाद, नेत्रपाल पुत्र स्व0 मोतीराम निवासी नंगला जोनपाई राजा का ताल थाना टूण्डला फिरोजाबाद द्वारा वादी की बहुमूल्य जमीन के कूट रचित दस्तावेज तैयार कर अन्य किसी को बैनामा कर देने के सम्बन्ध मे थाना जसराना पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। सोमवार को थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा कूट रचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का फर्जी बैनामा कराने वाले गैंग के तीनों वांछित सदस्य चाँद बाबू पुत्र स्व0 अजमत अली व साहिल पुत्र चाँद बाबू, नेत्रपाल पुत्र स्व0 मोतीराम को रोहता नहर के पास थाना मलपुरा जनपद आगरा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगणों के गैंग द्वारा गरीब व असहाय लोगों की जमीन को चिन्हित कर अच्छी रकम पर फर्जी तरीके से अन्य लोगों को बैनामा कर दिया जाता था। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## सर्व सहमति से राकेश अग्रवाल बने अग्रवाल युवा संगठन के अध्यक्ष



**आगरा।** सेवा के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए संकल्पित अग्रवाल युवा संगठन द्वारा अध्यक्ष पद के लिए राकेश अग्रवाल, महामंत्री अंकित अग्रवाल और कोषाध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल का चयन सर्वसम्मति से किया गया। अग्रसेन भवन, लोहामंडी स्थित पुष्पांजलि सभागार में रविवार को चुनाव प्रक्रिया से पूर्व ही आपसी सहमती से सभी पदाधिकारियों के नामों की घोषणा चुनाव अधिकारियों द्वार की गयी। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए गणेश बंसल और संदीप अग्रवाल, महामंत्री प्रियकांत बंसल ने अपने नाम वापस लेकर नयी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के नामों के लिए सहमती देकर एकजुटता की मिसाल कायम की। संरक्षक विनोद अग्रवाल, विनय अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अखिल बंसल, चुनाव समिति के एड. दिनेश अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, रीनेश मित्तल ने सभी के फैसले का स्वागत करते हुए अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष के पदों पर राकेश अग्रवाल, अंकित अग्रवाल और जितेंद्र अग्रवाल के नामों की घोषणा की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने कहा कि समाज ने जो विश्वास दिया है उस पर खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा और साथ ही समाज के समुचित विकास और उत्थान के लिए सभी मिलकर प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर विभु सिंघल, विकाश मोहन बंसल, अजय अग्रवाल, शैलू अग्रवाल, मनीष गोयल, दीपक अग्रवाल, विवेक गर्ग, मयंक गर्ग, संजय अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, गणेश बंसल, कपिल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, राहुल गोयल लवी, अमित अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, गगन अग्रवाल, ऋतिक अग्रवाल सैकड़ों अग्र बंदू आदि उपस्थित रहे।

# भारत सरकार की मदद से संस्कृति विवि में शुरू होंगे नये स्टार्टअप



**मथुरा।** भारत सरकार के साइंस एंड टेक्नोलाजी विभाग द्वारा संस्कृति टेक्नोलाजी इंक्युबेशन फाउंडेशन को स्टार्टअप के लिए लगभग पांच करोड़ रुपये देना स्वीकृत किया है। भारत सरकार ने ये अनुदानित राशि संस्कृति विवि के इंक्युबेशन फाउंडेशन को 15-45 स्टार्टअप को देने के लिए अधिकृत किया है।

संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एमबी चेट्टी ने बताया कि संस्कृति विश्वविद्यालय के सहयोग से पहले से 10 स्टार्टअप संचालित हैं। हर्ष का विषय है कि भारत सरकार के साइंस एंड टेक्नोलाजी विभाग द्वारा संस्कृति विश्वविद्यालय को 45 स्टार्टअप शुरू करने के लिए अधिकृत किया है। उन्होंने बताया कि साइंस एंड टेक्नोलाजी विभाग के द्वारा स्टार्टअप के लिए सेटअप बनाने के लिए पौने चार करोड़ का अनुदान दिया जाएगा वहीं बाकी की धनराशि संस्कृति विवि द्वारा दी जाएगी। प्रो. चेट्टी ने बताया ये सभी स्टार्टअप एग्रीकल्चर और बायो टेक्नालाजी से जुड़े होंगे। स्टार्टअप के लिए प्रपोजल कोई भी दे सकता है। इन सभी प्रपोजल को एक कमेटी के द्वारा जांचा जाएगा। यही कमेटी तय करेगी कि किस स्टार्टअप को शुरू किया जा सकता है।

स्टार्टअप के लिए दिए जाने वाले आइडिया टेक्नालाजी, सोशल इम्पैक्ट वाले बिजनेज माडल के साथ प्रस्तुत किए जाएंगे। स्टार्टअप के लिए प्रस्ताव इनोवेटिव आइडिया वाले प्रोटोटाइप डवलपर के साथ होंगे। कुलपति प्रो.चेट्टी ने बताया कि तीन साल में 15 से 45 स्टार्टअप संस्कृति टेक्नालाजी इंक्युबेशन फाउंडेशन के द्वारा शुरू किए जाएंगे।

संस्कृति विश्वविद्यालय की सोच है कि भारत सरकार की भविष्य की योजनाओं को जल्द से जल्द मूर्त रूप देने में आगे बढ़कर अपनी भागीदारी की जाए।

उन्होंने कहा कि जब तक देश के युवा या अन्य बौद्धिक नागरिक कुछ नया करने की नहीं सोचेंगे तब तक देश उद्दम के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ सकता। नए-नए आइडिया तो लोगों के पास रहते हैं लेकिन सही दिशा और सहायता न मिलने के कारण वे निष्फल हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में सरकार के सहयोग से संस्कृति विवि इसी कमी को दूर करने में जुटा है।

## बकरी अनुसंधान में कृत्रिम गभार्धान तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**मथुरा।** केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम में कृत्रिम गभार्धान तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में उड़ीसा से आये हुए 19 पशु चिकित्सक अधिकारियों को बकरियों में कृत्रिम गभार्धान विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। पशु चिकित्सकों को कृत्रिम गभार्धान से होने वाले फायदों एवम भारत सरकार के अंतर्गत चलने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. रवि रंजन, प्रधान वैज्ञानिक ने संस्थान में होने वाली विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों से परिचित कराया एवम कृत्रिम गभार्धान से नस्ल सुधार पर विशेष चर्चा की। पशु पालन विभाग उड़ीसा द्वारा 13 से 15 जनवरी तक प्रायोजित इस कार्यशाला में बकरियों में कृत्रिम गभार्थान पर विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस कार्यक्रम के समन्वयक डा. रवि रंजन, डा. एस. पी. सिंह एवम डा. वाई. के. सोनी हैं।

## स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को किया जागरूक




**टूंडला।** कृषक इन्टर कालेज पचोखरा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का विशेष सात दिवसीय आवासीय शिविर के पांचवे दिन चयनित ग्राम बुर्ज नत्थू में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर ग्राम वासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। शिविर स्थल के आसपास गली मोहल्लों में, सरकारी अस्पताल में सफाई अभियान आरंभ किया। कार्यक्रम प्रभारी सुनील कुमार जैन, ग्राम प्रधान ईश्वरी देवी एवं प्रधान प्रतिनिधि सोनू ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर मल्यार्पण किया। स्वयंसेवको ने अतिथियों का वेज लगाकर एवं बुके भेंटकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार जैन ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर कर उनका स्वागत किया। प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज सेवा करने का अवसर मिलता है। सभी स्वयंसेवकों को समाज सेवा के प्रति जागरूक करना ही एन.एस.एस का उद्देश्य है। ग्राम प्रधान ईश्वरी देवी ने कहा कि हमें स्वस्थ रहना है तो पहले हम स्वयं स्वच्छ रहे तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, तथा अपने अन्य पड़ोसियों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें, साफ सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है, यह हमारे जीवन की प्राथमिकता भी है, स्वच्छता जरूरी है क्योंकि साफ सफाई से हम अनेक बीमारियों से मुक्ति पा सकते हैं। जिस क्षेत्र में जितनी साफ सफाई होगी उस स्थान पर बीमारियां भी उतनी ही कम होंगी। रिचा गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका इक्षिता जैन ने किया। इस अवसर पर हिमांशु भारद्वाज शीरध्वज शर्मा, पंकज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## निराश्रित घूम रहे गोवंशों का संरक्षण कराएंः सीडीओ

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में गोवंश संरक्षण के सम्बन्ध में बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पशु चिकित्साधिकारी, अधिषासी अधिकारी नगर पालिका नगर पंचायत आदि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उन्होने सभी सम्बन्धितों को निर्देश दिये कि सभी सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी निराश्रित घूम रहे गोवंशों को लगातार प्रतिदिन संरक्षण कराये। विशेष रुप से हाइवे एवं मुख्यमार्गो पर घूम रहे गोवंशों का संरक्षण प्राथमिकता से करायें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गोशाला से लिंक भूमि में हरा चारा बुवाई हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि सभी गौशालाओं में सर्दी से बचाव की सभी व्यवस्थायें करा ली जाये। हरे चारे के साथ दाना चोकर आदि भी उचित मात्रा में दिया जाय। सहभागिता योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक गोवंशो सुपुर्दगी में दिया जाये जिससे गोशाला में और निराश्रित गौवंशों को संरक्षित किया जा सके।

गोशाला को स्वावलम्बी बनाये जाने क्रियाकलाप गोबर के लट्ठे, गोबर गैस, वर्मीकम्पोस्ट, उपले, दीपक आदि कराये जाये। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी गौशालाओं में गोवंशो का उचित भरण-पोषण अतिआवश्यक है ताकि गोवंश कमजोर न हो जिसके लिये साइलेज एवं एजोला शैवाल उपलब्ध कराकर गौवंशो को दिया जाय। गौशाला में सभी गौवंशों को बॉधकर उचित खान-पान एवं पीने के स्वच्छ ताजे पानी उपलब्ध कराने की सलाह दी गई तथा दिन में कम से कम एक बार क्रमवार गोवंशों को गौशाला परिसर में टहलने की व्यवस्था की जाये। बैठक के अन्त में सभी गौशालाओं में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था कराने एवं जर्जर बाउण्ड्रीवाल अथवा तारबाड़ को सुदृढ़ कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# सांसद चाहर ने दक्षिणांचल पर डेरा डाला, जुटी भीड़

जिला संवाददाता(vol)

**आगरा।** दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के कार्यालय पर फतेहपुरसीकरी के सांसद राजकुमार चाहर ने जनचौपाल शुरू कर दी है। जन चौपाल 24 घंटे तक अनवरत दिन-रात चलेगी। चौपाल में विद्युत

● क्षेत्र के लोगों की विद्युत संबंधी समस्याओं का मौके पर ही करा निस्तारण

विभाग से जुड़ी समस्याएं सुनीं जा रही हैं और अधिकारियों से उनका मौके पर ही निस्तारण भी कराया जा रहा है।



जन चौपाल की शुरूआत करते हुए सांसद राजकुमार चाहर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आड़े हाथ लिया। साथ ही ऐलान किया कि पूरे गांव की बिजली काटने वाले, गुंडई करने वाले और एफआईआर कराकर लोगों को डराने वाले वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। इन लोगों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर की जाएगी कार्यवाही की मांग। सांसद चाहर इनायतपुर में बिजली विभाग की लापरवाही से युवक की मौत पर भी भड़के। उन्होंने कहा कि लापरवाह विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। विद्युत विभाग की लापरवाही से ही युवक की दर्दनाक मौत हुई है। इसके लिए किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि शमशाबाद के लहरा गांव में बिजली काटने वाले अधिकारियों पर भी एक्शन लिया जाएगा। जन चौपाल में लोकसभा क्षेत्र के दूरदराज से भी लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे हुए हैं। लोग जनचौपाल शुरू होने से पहले ही पहुंच चुके थे और उनके आने का सिलसिला जारी है। सांसद चाहर ने कहा कि उनके पास समस्याएं लेकर आने वाले सबसे ज्यादा विद्युत विभाग से परेशान लोग होते थे, इसीलिए उन्होंने पहली जनचौपाल दक्षिणांचल कार्यालय पर ही लगाई है। वे लोगों की समस्याओं का तो निराकरण कराएंगे ही, साथ ही विभाग के अधिकारियों को यह संदेश भी देना चाहेंगे कि जनता को बेबस न समझें। जनता के प्रतिनिधि लोगों के साथ खड़े हैं। उन्हें मनमानी नहीं करने दी जाएगी। जन चौपाल में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ ही टोरेंट पावर के भी अधिकारी मौजूद हैं।

## पापरी नागर में मिला अधेड़ का शव

**आगरा।** थाना मनसुखपुरा क्षेत्र के गांव पापरी नागर में सड़क किनारे मिले 45 वर्षीय अधेड़ का शव के मामले में परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। दूसरी घटना बसई अरेला के गुर्जा रामजस की है, जहां एक युवा किसान पैर फिसलने से नदी में गिर गया और पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पापरी नागर में सड़क किनारे मिले अधेड़ के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव के लोगों को अधेड़ का शव दिखा। उसके परिजनों के अलावा पुलिस को भी सूचित किया गया। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक के बारे में जानकारी भी ली। मृतक मनोज ग्राम करकौली निवासी राजपाल का पुत्र था। वह शनिवार को बाइक पर घर से निकला था। देर रात तक वापस नहीं लौटा था। दूसरे दिन पापरी नागर के पास उसका शव मिला। बाइक पास में ही पड़ी थी। पुलिस मान रही है कि उसकी मौत दुर्घटना हो सकती है जबकि मृतक के सिर पर मिले चोट के निशान के आधार पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असली वजह सामने आ पाएगी। अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

संक्षेप

## नेस्ले इंडिया ने किया प्रोजेक्ट वृद्धि का विस्तार

नई दिल्ली। नेस्ले इंडिया ने एसएम सहगल फाउंडेशन के साथ मिलकर प्रोजेक्ट वृद्धि को उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में लांच किया है। इस प्रोजेक्ट से चतरा तहसील के अईकर, नरोखारा, करमनु, परारी, खुर्द और विराधी गांवों के 6000 से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। प्रोजेक्ट वृद्धि को 2019 में हरियाणा के नूह जिले में शुरू किया गया था और तब से यह जल संरक्षण, पोषण जागरूकता, शिक्षा और कृषि पद्धतियों के क्षेत्र में 14 गांवों के 18,000 से ज्यादा लोगों के लिए मददगार साबित हुआ है। नेस्ले इंडिया में हमें यह यकीन है कि स्थायी बदलाव लाना जरूरी है, ताकि समुदायों का उत्थान हो और उनकी आजीविका बेहतर हो सके। प्रोजेक्ट वृद्धि ने हरियाणा के गांवों में महत्वपूर्ण बदलाव लाकर उनकी स्थिति को सुधारा है, जिससे उन्हें स्वच्छ जल, पोषण, शिक्षा और कृषि की संवहनीय पद्धतियों तक आसानी से पहुंच मिली।

## स्मार्टफोन वन प्लस 13आर की बिक्री शुरू

बेंगलुरु। वैश्विक प्रौद्योगिकी ब्रांड,वन प्लस अपने नवीनतम फ्लैगशिप डिवाइस वन प्लस 13आर के लिए ओपन सेल शुरू करने के लिए तैयार है। डिवाइस को इस सप्ताह के शुरू में विंटर लॉन्च इवेंट में वन प्लस 13 सीरीज के हिस्से के रूप में लॉन्च किया गया था, जो भारत में उपभोक्ताओं के लिए 'सबसे स्मार्ट फ्लैगशिप पसंद' है। यह बिक्री 13 जनवरी 2025 को दोपहर 12 बजे से ऑनलाइन और ऑफलाइन चैनलों पर शुरू होगी। प्रोजेक्ट स्टारलाइट के हिस्से के रूप में, वन प्लस ने दो उद्योग-प्रथम पहलों की घोषणा की, वन प्लस 13 सीरीज के यूजर के लिए 180-दिवसीय फोन रिप्लेसमेंट प्लान के साथ-साथ ग्रीन-लाइन चिंता मुक्त समाधान। जो यूजर ने 13 फरवरी, 2025 से पहले वन प्लस 13 सीरीज के डिवाइस खरीदते हैं।

## डेटॉल ने की स्वस्थ महाकुंभ की तैयारी

नई दिल्ली। 'डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया' के माध्यम से लगभग 15,000 सफाई कर्मचारियों को ट्रेनिंग और साबुन प्रदान कर के मदद करेगा। अखाड़ों के सहयोग से यह अभियान, भोजन परोसने वाले क्षेत्रों में श्रद्धालुओं को लाखों साबुन उपलब्ध कराएगा, ताकि भोजन से पहले और भोजन के बाद में हाथ धोया जा सके, जिससे स्वस्थ आदतों को बढ़ावा मिले। इन प्रयासों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि श्रद्धालु और सफाई कर्मचारी दोनों ही स्वस्थ और स्वच्छ कुंभ के आयोजन में मदद करें। डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया कुंभ के सभी 25 सेक्टरों में स्वास्थ्य और स्वच्छता वालेंटियर्स को तैनात कर रहा है।

## अनिद्रा बनी आधुनिक समय की गंभीर समस्या

बंगलुरू। तेजी से भागती आधुनिक जीवनशैली, तनाव, बहुत ज्यादा स्क्रीन टाइम और अनियमित दिनचर्या ने मिलकर अनिद्रा की महामारी को बहुत तेजी से बढ़ाया है। इससे मानसिक और शारीरिक दोनों तरह से गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। नींद पूरी न हो पाना इस समय सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी गंभीर समस्या बन गई है। इस दिशा में वेस्टीज प्राइम एब्जॉर्बिट मेलाटोनिन सबलिंगुअल स्प्रे एक क्रांतिकारी उत्पाद के रूप में सामने आया है। हालांकि आर्थिक व सामाजिक रूप से बड़े प्रभाव के बावजूद इसकी अक्सर अनदेखी कर दी जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, करीब 30 प्रतिशत वैश्विक आबादी अनिद्रा की शिकार है।

## बादाम 15 अहम पोषक तत्व भरपूर

नई दिल्ली। भारत में फसलों की कटाई का सीजन बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाता है। इसे देश के अलग-अलग हिस्सों में विभिन्न नामों से जाना जाता है, जैसे बंगाल में मकर संक्रांति, दक्षिण में पोंगल, और अन्य जगहों पर लोहड़ी, बिहू या बैसाखी। इस बार, 2025 के त्योहार को और खास और सेहतमंद बनाने के लिए कैलिफोर्निया आमंड्स का उपयोग करें। कैलिफोर्निया के बादाम, जिन्हें ड्राय फ्रूट्स का राजा कहा जाता है, पोषण से भरपूर होते हैं। इनमें 15 महत्वपूर्ण पोषक तत्व जैसे प्रोटीन, हेल्दी फैट्स, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए बेहद फायदेमंद हैं।

# सेंसेक्स में 1048 अंकों की गिरावट




मुंबई। वैश्विक शेयर बाजारों में भारी बिकवाली और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला सोमवार को लगातार चौथे दिन जारी रहा। प्रमुख मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,048 अंक का गोता लगाकर 77,000 अंक के नीचे आ गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 345 अंक की गिरावट आई।

कारोबारियों के अनुसार, अमेरिका में रोजगार के अच्छे आंकड़ों से वहां नीतिगत दर में जल्दी कटौती की उम्मीद कम हुई है। इसके अलावा रुपये में एक दिन में दो साल की सबसे बड़ी गिरावट तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी जारी रहने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,048.90 अंक यानी 1.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,330.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,129.19 अंक तक लुढ़क गया था। बीएसई में 3,562 शेयरों में गिरावट रही, जबकि 555 बढ़त में रहे। वहीं 131 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। 508 शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर पर रहे। वहीं 120 शेयर एक साल के उच्चतम स्तर पर रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 345.55 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,085.95 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली देखने को मिली। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप 4.17 प्रतिशत नुकसान में रहा, जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप में 4.14 प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई के सभी खंडवार सूचकांक नुकसान में रहे। सबसे ज्यादा 6.59 प्रतिशत का नुकसान रियल्टी क्षेत्र में आया।

### निवेशकों के डूब गये 24.69 लाख करोड़

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में पिछले चार दिन से जारी तगड़ी बिकवाली के बीच निवेशकों को कुल 24.69 लाख करोड़ रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में 1,048.90 अंक यानी 1.36 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। इसके साथ ही चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में कुल 1,869.1 अंक यानी 2.39 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। इस तरह बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 24,69,243.3 करोड़ रुपये घटकर 4,17,05,906.74 करोड़ रुपये (4.82 लाख करोड़ डॉलर) पर आ गया। अकेले सोमवार को ही निवेशकों की पूंजी में 12.61 लाख करोड़ रुपये की बड़ी गिरावट आई।

# रुपया 58 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 86.62 प्रति डॉलर के नये निचले स्तर पर



मुंबई। अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले दो साल में एक दिन की सबसे बड़ी 58 पैसे की गिरावट के साथ 86.62 (अस्थायी) के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.12 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान एक बार 86.11 पर पहुंचा। लेकिन अधिकांश समय यह नकारात्मक दायरे में ही रहा। कारोबार के अंत में रुपया 58 पैसे की भारी गिरावट के साथ 86.62 (अस्थायी) के अपने अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। यह एक कारोबारी सत्र में डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में आई दो साल की सबसे बड़ी गिरावट है। इसके पहले छह फरवरी, 2023 को रुपये में 68 पैसे की बड़ी गिरावट आई थी। पिछले दो सप्ताह में रुपये में अमूमन गिरावट का ही रुख रहा है। रुपया 30 दिसंबर को 85.52 के स्तर पर बंद होने के बाद से पिछले दो सप्ताह में एक रुपये से अधिक की बड़ी गिरावट देख चुका है। रुपया पहली बार 19 दिसंबर, 2024 को 85 प्रति डॉलर के पार गया था। पिछले कारोबारी दिवस शुक्रवार को रुपया 86.04 प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपये की कीमत में आई इस बड़ी गिरावट के लिए डॉलर की लगातार बढ़ती मांग और भारतीय बाजारों से विदेशी निवेशकों की निकासी रही है। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 2,254.68 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे थे। इस महीने अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों से करीब 22,194 करोड़ रुपये निकाले हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विदेशी मुद्रा भंडार में नरमी और उभरते बाजारों की मुद्राओं में गिरावट के बीच अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में गिरावट की अनुमति दी है। आरबीआई रुपये में कमजोरी की अनुमति देगा क्योंकि डॉलर की मांग बढ़ती जा रही है और आपूर्ति कम होती जा रही है। आरबीआई ने शुक्रवार को कहा था कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन जनवरी को समाप्त सप्ताह में 5.69 अरब डॉलर घटकर 634.58 अरब डॉलर रह गया।

# चीन के निर्यात में दिसंबर में 10.7 प्रतिशत की वृद्धि

हांगकांग। चीन के निर्यात में दिसंबर 2024 में सालाना आधार पर 10.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार शुल्क लगाने की चेतावनी से उत्पन्न अनिश्चितता के बीच चीन के कारखानों ने ऑर्डरों को पूरा करने में तेजी दिखाई है जिससे देश के निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

अर्थशास्त्रियों ने दिसंबर 2024 में इसमें करीब सात प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था। इस अवधि में चीन का आयात भी अनुमान से अधिक रहा और इसमें एक प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें 1.5 प्रतिशत की कमी का अनुमान था। गौरतलब है कि ट्रंप ने चीन की उन वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने का संकल्प किया है, जिनका उपयोग निर्यातक वर्तमान में अमेरिका में अपने उत्पादों को सस्ते दामों पर बेचने के लिए करते हैं। आयात की तुलना में निर्यात अधिक होने से चीन का व्यापार अधिशेष बढ़कर 104.84 अरब डॉलर हो गया। कैपिटलइकोनॉमिक्स की जिचुन हुआंग ने कहा कि निकट भविष्य में चीन के निर्यात मजबूत बने रहने की संभावना है, क्योंकि कंपनियां उच्च शुल्क की आशंका के बीच ऑर्डर जल्दी पूरे करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने एक नोट में लिखा, कमजोर वास्तविक प्रभावी विनिमय दर के कारण वैश्विक बाजार हिस्सेदारी में और वृद्धि से निकट भविष्य में निर्यात मजबूत बने रहने की संभावना है।

# सोने में लगातार पांचवें दिन तेजी, चांदी स्थिर



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और आज इसकी कीमत 110 रुपये बढ़कर 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। पिछले सत्र में सोने की कीमत 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में सोने की कीमत 1,660 रुपये बढ़कर 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 110 रुपये बढ़कर 80,260 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 80,150 रुपये प्रति 10 ग्राम था। रुपये के कमजोर होकर 86.61 पर आने से सोने की कीमतों में तेजी आई। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा रूस पर लगाए गए नए प्रतिबंधों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई, जिससे भू-राजनीतिक तनाव बढ़ गया। सोमवार को रुपया करीब दो साल में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट के साथ 86.62 (अस्थायी) डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण रुपया 58 पैसे की गिरावट के साथ 86.62 (अस्थायी) डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ। रुपये में गिरावट से घरेलू बाजार में सोने की कीमतों को समर्थन मिला, जिससे वैश्विक संकेतों का असर बढ़ा। हालांकि, सोमवार को चांदी लगातार दूसरे सत्र में 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, कॉमेक्स सोना वायदा 10.70 डॉलर प्रति औंस गिरकर 2,704.30 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। पिछले सप्ताह 1.95 प्रतिशत की बढ़त के बाद हाजिर सोने की कीमतें स्थिर हैं।

# रुपये में गिरावट से निर्यातकों को अधिक लाभ नहीं होता

नयी दिल्ली। देश से होने वाले आयात की मात्रा निर्यात से कहीं अधिक होने और वैश्विक बाजार में अनिश्चितताएं कायम रहने के बीच अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट आने से घरेलू निर्यातकों का लाभ सीमित हो रहा है। विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी है।

कमजोर रुपया आमतौर पर वैश्विक बाजारों में भारतीय वस्तुओं को सस्ता बनाकर निर्यात प्रतिस्पर्धा को बढ़ाता है, लेकिन कुछ कारक संभावित लाभ को सीमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई निर्यातक आयातित कच्चे माल पर बहुत अधिक निर्भर हैं, और रुपये में गिरावट के कारण आयात की बढ़ी हुई लागत की वजह से जो लाभ होना होता है वह सीमित हो जाता है। परिणामस्वरूप, रुपये में गिरावट के बावजूद, निर्यातकों को मुद्रा की चाल से लाभ उठाने में मुश्किल हो रही है। पिछले साल एक जनवरी को 83.19 के स्तर से घरेलू मुद्रा में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। सोमवार को रुपया लगभग दो वर्षों में सबसे बड़ी एक-दिन की गिरावट के साथ 86.62 (अस्थायी) के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ, जो अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट को अक्सर निर्यातकों के लिए वरदान माना जाता है।

# कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर तेज रहने की उम्मीद



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी. के. मिश्रा ने कहा है कि मानसून की अनुकूल स्थिति से भारत का कृषि क्षेत्र वित्त वर्ष 2024-25 में मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है। मिश्रा ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि मानसून अच्छा रहा है... मैं इस साल बहुत आशावादी हूं।

वित्त वर्ष 2023-24 में कृषि तथा संबद्ध क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 1.4 प्रतिशत रह गई थी। हालांकि, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में संकेत दिया था कि अच्छे मानसून से चालू वित्त वर्ष में यह क्षेत्र 3.5 से चार प्रतिशत की दर से बढ़ सकता है। मिश्रा ने कहा कि 2016-17 और 2022-23 के बीच कृषि तथा संबद्ध क्षेत्रों में औसतन पांच प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर देखी गई, जिसे पशुधन व मत्स्य पालन में मजबूत प्रदर्शन से समर्थन मिला। यह क्षेत्र कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भी मजबूत बना रहा था और इसने समग्र आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। हालांकि, दाल और तिलहन उत्पादन में चुनौतियां बनी हुई हैं। मिश्रा ने कहा कि दालों का उत्पादन एक दशक पहले के 1.4 करोड़ टन से बढ़कर 2.4-2.5 करोड़ टन हो गया, लेकिन भारत इस मामले अब भी आत्मनिर्भर नहीं है। उन्होंने कहा कि कई शोध किए जा रहे हैं और हमें महत्वपूर्ण प्रगति करनी चाहिए। कृषि संबंधी कच्चे माल और उपकरणों पर उच्च करों के बारे में पूछे जाने पर मिश्रा ने कहा कि कृषि मुद्दों को व्यापक कर नीति विचारों से अलग कर नहीं देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कर से संबंधित कई मुद्दे हैं और उन पर समग्र रूप से विचार करने की आवश्यकता है।

## कुंभ डिजिटल मेले में हुआ टेक्नोलॉजी और संस्कृति का संगम

मुंबई। केडीएम भारत में लाइफस्टाइल एवं मोबाइल एक्सेसरीज का प्रमुख ब्रांड है, जिसने अपनी कुंभ डिजिटल मेला पहल के साथ स्थायी एवं उपयोगी टचप्वाइंट्स की स्थापना की है, और इस तरह महाकुंभ 2025 की सफलता को आकार देने में अपनी भूमिका को मजबूत बनाया है। कुंभ डिजिटल मेला दरअसल ब्रांड केडीएम का विस्तारितरूप है। भारत 2047 तक विकसित भारत के सफर पर आगे बढ़ रहा है, इसलिए हमें भी 'मेक इन इंडिया' के साथ-साथ 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के मंत्र के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कुंभ डिजिटल मेला पहल इस बात को दर्शाता है कि, हम आर्थिक प्रगति और संस्कृति की हिफाजत के लिए टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने और संस्कृति को अपनाने के संकल्प पर कायम हैं।

# म्यूचुअल फंड ने 239 एनएफओ के जरिये 1.18 लाख करोड़ रुपये जुटाये



नयी दिल्ली। परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों ने 2024 में 239 नई कोष पेशकश (एनएफओ) के जरिये 1.18 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। इसमें क्षेत्र या विषय पर आधारित इक्विटी फंड निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभरे। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

वर्ष 2024 में म्यूचुअल फंड योजनाओं का संचालन करने वाली परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) ने 239 एनएफओ लाकर 1.18 लाख करोड़ रुपये जुटा लिए। इसके पहले वर्ष 2023 में 212 एनएफओ के जरिये 63,854 करोड़ रुपये और 2022 में 228 एनएफओ के जरिये 62,187 करोड़ रुपये जुटाए गए थे। कोविड-19 महामारी से बुरी तरह प्रभावित वर्ष 2020 में 81 नई पेशकशों के जरिये एएमसी ने 53,703 करोड़ रुपये जुटाए थे। एनएफओ जारी करने की दर में तेजी का यह रुझान एक मजबूत वृद्धि पथ और निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। आमतौर पर एनएफओ बाजार में तेजी के माहौल में लाए जाते हैं जब निवेशकों की धारणा उच्च और आशावादी होती है। निवेशकों के इस आशावादी रुझान का फायदा उठाने और निवेश को आकर्षित करने के लिए एनएफओ शुरू किए गए थे। उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि शेयर बाजार के प्रदर्शन के साथ-साथ निवेशकों की सकारात्मक धारणाओं के कारण 2024 में एनएफओ के जरिये अधिक राशि जुटाई गई। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल क्षेत्र-विशेष या विषय-आधारित कोष, इंडेक्स फंड और एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) ने निवेशकों की खासी दिलचस्पी हासिल की। रिपोर्ट कहती है, इस दौरान 53 एनएफओ ने 79,109 करोड़ रुपये जुटाए और ये फंड निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभरे। विशिष्ट क्षेत्रों या विषय के लिए बनाए गए इक्विटी फंड अपने केंद्रित दृष्टिकोण और बाजार के रुझानों के साथ तालमेल की वजह से निवेशकों के बीच लोकप्रिय हुए।

पेज एक का शेष

## महाकुंभ में

अब महास्नान यानी शाही स्नान की तैयारी पूरी हो गई है, जिसे इस बार अमृत स्नान नाम दिया गया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के अनुसार, महाकुंभ मेला प्रशासन की तरफ से पूर्व की मान्यताओं का पूरी तरह अनुसरण करते हुए सनातन धर्म के 13 अखाड़ों के लिए अमृत स्नान का भी स्नान क्रम जारी किया गया है। मेला प्रशासन ने बताया कि महाकुंभ 2025 के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को शाम छह बजे तक 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। मेला प्रशासन के मुताबिक, पहले स्नान पर्व के दौरान सभी घाटों और अखाड़ों पर श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से फूलों की बारिश की गई। उसने बताया कि उद्यान विभाग ने पुष्पवर्षा के लिए खासतौर पर गुलाब की पंखुड़ियों की व्यवस्था की थी और महाकुंभ के सभी स्नान पर्वों पर लगभग 20 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियां बरसाने की तैयारी है। पौष पूर्णिमा पर गंगा स्नान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए तीर्थ पुरोहित राजेंद्र मिश्र ने बताया कि पौष माह के शुक्ल पक्ष के 15वें दिन पौष पूर्णिमा पर गंगा स्नान से सभी तरह के पाप मिट जाते हैं। उन्होंने कहा, पौष पूर्णिमा के साथ एक महीने तक चलने वाला कल्पवास भी आज से प्रारंभ हो गया। इस दौरान लोग एक माह तक तीनों समय गंगा स्नान कर एक प्रकार का तप वाला जीवन व्यतीत करते हैं और भगवान के भजन गाते हैं।

बयान के मुताबिक, अखाड़ों को अमृत स्नान की तिथियों और उनके स्नान क्रम की जानकारी दे दी गई। यह व्यवस्था मकर संक्रांति और बसंत पंचमी के अमृत स्नान के लिए जारी की गई है। बयान में श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल के सचिव महंत आचार्य देवेंद्र सिंह शास्त्री के हवाले से बताया गया है कि अखाड़ों के अमृत स्नान की तिथि, क्रम और समय की जानकारी आ चुकी है। इसमें कहा गया है कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी सबसे पहले अमृत स्नान करेगा, जिसके साथ श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा भी होगा। बयान के अनुसार, यह अखाड़ा तड़के 5.15 बजे शिविर से प्रस्थान करेगा और 6.15 बजे घाट पहुंचेगा। इसे स्नान के लिए 40 मिनट का समय दिया गया है। यह 6.55 बजे घाट से वापस शिविर के लिए रवाना होगा और 7.55 बजे शिविर पहुंचेगा। बयान में कहा गया है, दूसरे स्थान पर श्री तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा और श्री पंचायती अखाड़ा आनंद अमृत स्नान करेगा। इसका शिविर से प्रस्थान का समय सुबह 6.05 बजे, घाट पर आगमन का समय 7.05 बजे, स्नान का समय 40 मिनट, घाट से प्रस्थान का समय 7.45 बजे और शिविर में आगमन का समय 8.45 बजे रहेगा। इसमें बताया गया है, तीसरे स्थान पर तीन संन्यासी अखाड़े अमृत स्नान करेंगे, जिनमें श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा, श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा और श्री पंचाग्नि अखाड़ा शामिल हैं। इनका शिविर से प्रस्थान का समय सुबह 7.00 बजे, घाट पर आगमन का समय 8.00 बजे, स्नान का समय 40 मिनट, घाट से प्रस्थान का समय 8.40 बजे और शिविर में आगमन का समय 9.40 बजे होगा। बयान के मुताबिक, तीन बैरागी अखाड़ों में सबसे पहले अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़ा सुबह 9.40 बजे शिविर से चलेगा, 10.40 बजे घाट पहुंचेगा और 30 मिनट के स्नान के बाद 11.10 बजे घाट से रवाना होकर दोपहर 12.10 बजे शिविर पहुंच जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि भारतीय मूल्यों और संस्कृति को धारण करने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक विशेष दिवस महाकुंभ 2025 प्रयागराज में प्रारंभ हो चुका है, जहां असंख्य लोग आस्था, समर्पण और संस्कृति के एक पवित्र संगम में एकत्र हो रहे हैं। महाकुंभ भारत की सनातन विरासत का प्रतीक है। उन्होंने लिखा कि मैं असंख्य लोगों के वहां आकर डुबकी लगाते और संतों का आशीर्वाद लेते देखकर अभिभूत हूं। सभी श्रद्धालुओं और पर्यटकों के शानदार प्रवास की कामना करता हूं। मेला क्षेत्र में स्नान के बाद लोगों की भीड़ अखाड़ों में नागा साधुओं का आशीर्वाद लेती हुई दिख रही है। वहीं, सेक्टर-16 में स्थित किन्नर अखाड़ा में भी भारी संख्या में लोग किन्नर संतों का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। राजस्थान के बालोत्रा जिले से 11 लोगों की टोली लेकर किन्नर अखाड़ा पहुंचे दिलीप कुमार ने बताया कि वह पहली बार इस मेले में आए हैं और किन्नर अखाड़ा का बोर्ड देखकर अपने साथियों के साथ यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि किन्नर अखाड़ा में साधु-संतों को सनातन धर्म का प्रचार करते देख अच्छा लग रहा है। यह समाज काफी समय से उपेक्षित रहा, लेकिन कुंभ ने इन्हें संत के रूप में अपनाया, जो सराहनीय है। मुंबई से पहली बार किन्नर अखाड़े में आए लाल जी भाई भानुशाली ने बताया कि उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से इस शिविर के बारे में पता चला। भानुशाली ने कहा कि मुंबई और कच्छ (गुजरात) से 1,500 लोग उनके साथ महाकुंभ में आए हैं और बारी-बारी से ये सभी लोग किन्नर अखाड़े को देखने जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भारतीय मूल्यों और संस्कृति को धारण करने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक विशेष दिवस महाकुंभ 2025 प्रयागराज में प्रारंभ हो चुका है, जहां असंख्य लोग आस्था, समर्पण और संस्कृति के एक पवित्र संगम में एकत्र हो रहे हैं।

## विभिन्न संस्कृतियों

अवसर पर प्रयागराज में संगम में डुबकी लगा वाले सभी संतों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन करते हुए व्यवस्था से जुड़े विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन का हृदय से आभार प्रकट किया। योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मानवता के मंगलपर्व महाकुंभ 2025 में पौष पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संगम स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सभी संतगणों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। उन्होंने लिखा, प्रथम स्नान पर्व पर आज 1.50 करोड़ सनातन आस्थावानों ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया। योगी ने कहा प्रथम स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सहभागी महाकुंभ मेला प्रशासन, प्रयागराज प्रशासन, उत्तर प्रदेश पुलिस, प्रयागराज नगर निगम, स्वच्छाग्रहियों, गंगा सेवा दूतों, कुंभ सहायकों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों और मीडिया जगत के बंधुओं सहित महाकुंभ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद।

## उत्तराखंड प्रवासी

स्थिति मौजूद है। उन्होंने कहा कि हम कृषि क्षेत्र में नई तकनीक का प्रयोग कर रहे हैं। 2027 तक हम अपना उत्पादन दुगना करने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बागवानी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों, उपलब्धियों के बारे में भी विस्तार से बात की। सचिव दीपेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि राज्य में छह एरोमा वैली प्लांट डेवलप किये जा रहे हैं। एरोमा पार्क काशीपुर में 40 एकड़ भूमि पर इत्र से संबंधित प्रोसेस यूनिट को एक जगह पर लाने का निर्णय महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि एरोमा वैली पालिसी प्रारूप तैयार है, जिसे दो-तीन महीने में अनुमोदन प्राप्त हो सकता है। उन्होंने बताया कि कीवी के उत्पादन को मिशन मोड में लेकर कार्य किया जाएगा। सम्मेलन को उत्तराखंड शासन के सचिव विनोद कुमार सुमन एवं ग्राम विकास आयुक्त अनुराधा पाल ने भी सम्बोधित किया। काश्तकार बलबीर सिंह कांबोज ने बताया कि वह 18 एकड़ भूमि पर फूलों की खेती करते हैं। यहां की जलवायु अच्छी है। इस व्यवसाय के लिए सारी स्थितियां अनुकूल हैं। मधुमक्खी पालन व्यवसाय कर रहे अतर सिंह कैंत्यूरा ने कहा कि हमारे जंगल मधुमक्खी पालन के लिए उपयुक्त हैं। नैनीताल की आरोही संस्था के पंकज तिवारी ने कहा कि विकास में संतुलन जरूरी है। उन्होंने मशरूम उत्पादन, शहद उत्पादन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्राइवेट कंपनी संचालित कर रहे मनमोहन भारद्वाज ने कहा कि कलस्टर मे काम किया जाना ज्यादा लाभदायी है। समापन सत्र का संचालन आर्गनिक बोर्ड के एमडी विनय कुमार ने किया। इस मौके पर प्रवासी उत्तराखंडियों और मेहमानों का सम्मान भी किया गया।

## दो पहिया वाहन

प्रदेश मोटर वाहन नियम, 1998 के नियम-201 के अनुसार, दोपहिया वाहन चालकों और उनके साथ बैठी सवारी के लिए बीआईएस मानकों के अनुरूप सुरक्षात्मक 'हेडगियर' पहनना अनिवार्य होगा। उल्लंघनकताओं को मोटर वाहन अधिनियम की धारा-177 के तहत दंडित किया जाएगा।

## दुख है कि किसी ने भी राज्यसभा सदन में मिली नकदी पर दावा नहीं किया: धनखड़



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को इस बात पर अफसोस जताया कि पिछले महीने राज्यसभा सदन में मिली नोटों की गड्डी पर दावा करने के लिए कोई भी संसद सदस्य आगे नहीं आया। उन्होंने कहा कि यह हमारे नैतिक मानदंडों के लिए एक सामूहिक चुनौती है।

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान छह दिसंबर को राज्यसभा में कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी को आवंटित सीट से 500 रुपये के नोटों की गड्डी बरामद होने से उच्च सदन में काफी हंगामा हुआ था। विपक्षी दलों और सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों ने एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए थे तथा मनु सिंघवी ने इस सुरक्षा चूक की जांच की मांग की थी। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा था कि सांसदों की अनुपस्थिति में सीटों पर कुछ भी रखने से रोकने के लिए कांच के घेरे बनाए जाने चाहिए। मेरी पीड़ा की कल्पना कीजिए। लगभग एक महीने पहले ही, हमें राज्यसभा की एक सीट से 500 रुपये के नोटों की गड्डी मिली थी।

## लद्दाख में

दो शेष बिंदुओं से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने 23 अक्टूबर को रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर बातचीत की और संबंधों को सामान्य बनाने के इरादे का संकेत देते हुए विभिन्न द्विपक्षीय वार्ता तंत्र को पुनर्जीवित करने पर सहमति व्यक्त की। पिछले महीने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने बीजिंग की यात्रा की और सीमा विवाद पर चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ विशेष प्रतिनिधि स्तर की वार्ता की। जनरल द्विवेदी ने कहा, जैसा कि आप जानते हैं, स्थिति संवेदनशील लेकिन स्थिर है। अक्टूबर 2024 में पूर्वी लद्दाख के डेपसांग और डेमचोक में स्थिति सुलझ गई थी। उन्होंने कहा, इन दो उप-क्षेत्रों के पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त शुरू हो गई है। इसी तरह इन दोनों क्षेत्रों में पशु चराने की पारंपरिक गतिविधि भी शुरू हो गई है। एलएसी पर भारत की सैन्य तैनाती को संतुलित और मजबूत बताते हुए उन्होंने कहा कि सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अच्छी तरह तैयार है।

## पीएम मोदी

होगा। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब मोदी इस क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और हम इसे लेकर बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा, पहले हम गगनगीर से सोनमर्ग तक पैदल जाते थे। उनके पड़ोसी नूर अहमद कसाना ने भी जेड-मोड़ सुरंग के उद्घाटन पर अपनी खुशी जाहिर की। इसका नाम अब सोनमर्ग सुरंग रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह सुनकर उनकी खुशी तीन गुना बढ़ गई कि कोई और नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी खुद सुरंग का उद्घाटन करने जा रहे हैं।




# विराट विराट और रोहित शर्मा को अपना भविष्य खुद तय करने दीजिये: कपिल देव



नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में लचर प्रदर्शन के बाद कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी विराट कोहली के भविष्य को लेकर अटकलें लगायी जा रही है लेकिन भारत के पूर्व महान हरफनमौला कपिल देव ने सोमवार को यहां कहा कि ये दोनों इतने बड़े खिलाड़ी है कि अपने भविष्य को लेकर फैसला खुद कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कोहली नौ पारियों में एक शतक के साथ 190 रन ही बना सकें और बार बार ऑफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर कैच देकर आउट हुए।

कप्तान रोहित शर्मा के आंकड़े यहां और खराब रहे और वह तीन मैचों की पांच पारियों में महज 31 रन ही बना सके। वह खराब फॉर्म के कारण पांचवें टेस्ट मैच से बाहर थे। भारतीय टीम को अपना अगला टेस्ट इस साल जून में इंग्लैंड दौरे पर खेलना है लेकिन भारतीय क्रिकेट जगत में सुपरस्टार संस्कृति को पीछे छोड़ने की बात उठ रही है।



भारत के पूर्व महान खिलाड़ी कपिल देव से जब पीजीटीआई (भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर) के नये सत्र की घोषणा के लिए आयोजित कार्यक्रम में इन खिलाड़ियों के भविष्य के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, विराट और रोहित बहुत बड़े खिलाड़ी है और खेल में अपने भविष्य का फैसला उन्हें खुद करने दीजिये। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित की गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह ने दो मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी की थी। रोहित की जगह टीम में कप्तान के दावेदारों के बारे में पूछे जाने पर इस विश्व कप (1983 वनडे) विजेता कप्तान ने कहा, इस में किसी तरह का विवाद नहीं होना चाहिये, जो मौजूदा कप्तान है वह भी किसी की जगह आये थे। जो भी कप्तान बने उसे पूरा समय मिलना चाहिये।

भारतीय टीम को इस दौरे पर बल्लेबाजों के साथ-साथ गेंदबाजों ने भी निराश किया। बुमराह के अलावा कोई भी अन्य गेंदबाज प्रभावित करने में विफल रहा। बुमराह भी पांचवें टेस्ट में चोटिल होने के कारण दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके जिससे ऑस्ट्रेलिया के लिए छोटा लक्ष्य हासिल करना काफी आसान हो गया। बुमराह ने इस दौरे पर लगभग 150 ओवर गेंदबाजी कर 32 विकेट झटके। कपिल ने 1991-92 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बल्ले से योगदान देने के अलावा 284 ओवर गेंदबाजी की थी और श्रृंखला में



25 विकेट झटककर इसी दौरान टेस्ट में अपने 400 विकेट पूरे किये थे।

## संक्षेप

### राष्ट्रीय मुक्केबाजी : अभिनाश जामवाल ने शिवा को हराया

बरेली। हिमाचल प्रदेश के अभिनाश जामवाल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरूष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में मौजूदा वेल्टरवेट चैम्पियन शिवा थापा को हराया। जामवाल ने इससे पहले 2022 युवा विश्व चैम्पियन वंशज कुमार को हराया था। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) ने अपना दबदबा बरकरार रखा और उसके दस में से आठ मुक्केबाज फाइनल में पहुंच गए। पूर्व युवा विश्व चैम्पियन सचिन सिवाच ने हरियाणा के गौरीश पुजानी को लाइटवेट (55 से 60 किलो) वर्ग में हराया।वहीं लक्ष्य चाहर ने मिजोरम के मालसावम्त्लुआंगा को लाइट हैवीवेट (75 से 80 किलो) में मात दी। सुपर हैवीवेट (90 और प्लस 90 किलो) वर्ग में उत्तराखंड के नरेंदर ने एसएससीबी के गौरव चौहान को हराया और अब उनका सामना हरियाणा के अंशुल गिल से होगा।

### शिलांग लाजोंग ने एससी बेंगलुरु को 5-0 से हराया

शिलांग। ब्राजील के स्ट्राइकर डगलस टार्डिन ने 15 मिनट के अंदर हैट्रिक बनाई जिससे शिलांग लाजोंग ने सोमवार को यहां आईलीग फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में स्पोर्टिंग क्लब बेंगलुरु को 5-0 से हरा दिया। एसएसए स्टेडियम में खेले गए मैच में लाजोंग की तरफ से डेनियल गोंकाल्वेस (40वें मिनट), फिगो सिंदाई (452) और टार्डिन (60वें, 67वें, 75वें मिनट) ने गोल किए। लाजोंग की यह तीसरी जीत है जिससे वह 12 अंक लेकर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। दूसरी तरफ एससी बेंगलुरु अब तक आठ मैचों में केवल पांच अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे है। पंजाब के श्री भैनी साहिब में खेले गए एक अन्य मैच में मेजबान नामधारी एफसी ने इंटर काशी को 2-0 से हराकर तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। दूसरे हाफ में लगभग पूरे समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने वाले नामधारी की तरफ से भूपिंदर सिंह (13वें) और फ्रांसिस एडो (85वें) ने गोल किए। इन दोनों टीम के अब समान 14 अंक हो गए हैं लेकिन नामधारी बेहतर गोल अंतर के कारण दूसरे स्थान पर है। चर्चिल ब्रदर्स 16 अंकों के साथ लीग में शीर्ष पर है।

### सूरमा हॉकी क्लब ने बंगाल टाइगर्स को 4-1 से हराया

रांची। सूरमा हॉकी क्लब ने महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए सोमवार को यहां श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स को 4-। से हराया। सूरमा हॉकी क्लब के लिए ओलिविया शैनन (38वें मिनट), चार्लोट एंगलबर्ट (42वें), कप्तान सलीमा टेटे (44वें) और सोनम (47वें) ने गोल किए। टाइगर्स के लिए हन्ना कॉटर (सातवें) ने एकमात्र गोल किया।

### पीजीटीआई के नये सत्र में चार नये टूर्नामेंटों को मिली जगह

नयी दिल्ली। भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के नये सत्र के शुरुआती छह महीने में चार नये टूर्नामेंटों को शामिल किया गया है जिससे खिलाड़ियों को देश में फरवरी से अप्रैल 2025 के बीच 11 टूर्नामेंटों में खेलने का मौका मिलेगा। इन टूर्नामेंटों की कुल इनामी राशि 15.66 करोड़ रुपये हैं। पीजीटीआई ने सोमवार को नये सत्र के शुरुआती छह महीने के कार्यक्रम की घोषणा की जहां छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पीजीटीआई के अध्यक्ष कपिल देव और आगामी सत्र के प्रयोजक मौजूद थे। पीजीटीआई सत्र का आगाज 11 से 14 फरवरी तक कोलकाता में टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप से होगा। इस दौरान पहली पर छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्तर के किसी गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन होगा। राज्य की राजधानी रायपुर के फेयरवे गोल्फ एवं लेक रिजॉर्ट में सत्र के तीसरे टूर्नामेंट का आयोजन 25 से 28 फरवरी तक होगा।

# भारत ने स्कॉटलैंड को 119 रन से हराया

## महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप अभ्यास मैच

एजेंसी

कुआलालंपुर। गत चैंपियन भारत ने सोमवार को यहां आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच में स्कॉटलैंड को 119 रन से करारी शिकस्त दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 164 रन बनाए, जिसमें कमलिनी जी 23 गेंदों में 32 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। चार भारतीय बल्लेबाज तृषा जी (26), सानिका चालके (17), कप्तान निकी प्रसाद (25) और कमलिनी अपनी अन्य साथियों को मौका देने के लिए रिटायर आउट हो गईं।

स्कॉटलैंड के लिए एमी बाल्डी तीन ओवर में 13 रन देकर दो विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहीं। भारत ने इसके बाद स्कॉटलैंड को 18.5 ओवर में 45 रन पर आउट कर दिया। भारत की तरफ से शबनम शकील, वैष्णवी शर्मा और सोनम यादव ने दोदो विकेट लिए। अन्य अभ्यास मैचों में, ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान मलेशिया को 140 रन से, वेस्टइंडीज ने नेपाल को नौ रन से, अमेरिका ने न्यूजीलैंड को 13 रन से, बांग्लादेश ने श्रीलंका को चार विकेट से, इंग्लैंड ने समोआ को नौ विकेट से और पाकिस्तान ने नाइजीरिया को 11 रन से हराया। मुख्य टूर्नामेंट शनिवार से शुरू होगा। भारत रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना



अभियान शुरू करेगा। भारत ने 2023 में दक्षिण अफ्रीका में खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से हराया था।

**चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका टीम में एंगिडि, नॉर्किया**

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका ने अगले महीने होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये तेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली टीम में चोट से उबर चुके तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडि और एनरिच नॉर्किया को शामिल किया है। नॉर्किया को पिछले महीने अंगूठे में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला नहीं खेल सके।

वहीं नवंबर में ग्रोइन में लगी चोट के कारण एंगिडि श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रहे थे। वनडे विश्व कप 2023 सेमीफाइनल खेलने वाली दक्षिण अफ्रीका टीम को चैम्पियंस ट्रॉफी में ग्रुप बी में रखा गया है। उसे अफगानिस्तान के खिलाफ कराची में 21 फरवरी को पहला मैच खेलना है। इसके बाद 25 फरवरी को रावलपिंडी में आस्ट्रेलिया से और एक मार्च को इंग्लैंड से खेलना है। तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी को ग्रोइन की चोट के कारण बाहर रखा गया है। वहीं तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण बाहर हैं। श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला के दौरान ऊंगली में हुए फ्रेक्चर से उबर रहे हरफनमौला वियान मूल्डर टीम में हैं।

# जोकोविच की संघर्षपूर्ण जीत सिनेर व गाफ भी दूसरे दौर में

एजेंसी

मेलबर्न। नोवाक जोकोविच का अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी एंडी में के कोच रहते हुए शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही और उन्हें सोमवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन **टेनिस** टूर्नामेंट के पहले दौर के मैच में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता में खेल रहे 19 वर्षीय निशेष बासवरेड्डी के खिलाफ जीत के लिए पसीना बहाना पड़ा। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच पहले सेट में हार गए लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल किया तथा आखिर में 4-6, 6-3, 6-4, 6-2 जीत दर्ज करके मेलबर्न पार्क में 11वीं बार चैंपियन बनने की तरफ कदम बढ़ाए। जोकोविच ने में के बारे में कहा, निश्चित तौर पर उसे अपने कॉर्नर पर बैठे देखकर मैं काफी रोमांचित था। यह थोड़ा अजीब अनुभव भी था क्योंकि हम पिछले 20 वर्षों से एक दूसरे के खिलाफ खेलते रहे हैं। उसका अब मेरे साथ होना शानदार है। उसने मैच के दौरान मुझे कुछ अच्छी सलाह दी।

इससे पहले दूसरे टाइब्रेकर में खराब ड्रॉप शॉट पर एक सेट अंक गंवाने के बाद यानिक सिनेर ने दमदार वापसी करते हुए पहले दौर में निकोलस जैरी को 7 .6, 7 .6, 6 .। से हराया। टूर्नामेंट से पहले 2024 के डोपिंग मामलों में सुर्खियों में रहे सिनेर और महिला वर्ग में नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने जीत के साथ आगाज किया। सिनेर की यह टूर पर और ग्रैंडस्लैम में हार्डकोर्ट पर लगातार 15वीं जीत है। शीर्ष रैंकिंग वाले सिनेर ने 35वीं रैंकिंग वाले चिली के जैरी के खिलाफ मिली जीत के बाद कहा , पहला सेट काफी करीबी था और कोई भी जीत सकता था। तीसरे सेट में मैने दबाव बनाया और खुश हूं कि कठिन हालात से निकलकर जीत दर्ज की। सिनेर ने यहां पिछले साल फाइनल में दानिल मेदवेदेव को हराकर पहला ग्रैंडस्लैम जीता था जबकि सेमीफाइनल में 10 बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच को मात दी थी। महिला वर्ग में पोलैंड की स्वियातेक ने कैटरीना सिनियाकोवा को 6 . 3, 6 . 4 से हराया। अमेरिका की



तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने 2020 की चैम्पियन सोफिया केनिन को सीधे सेटों में 6 . 3, 6 . 3 से हराकर अपने अभियान की शुरूआत की। गाफ ने नवंबर में डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीता था और पिछले सप्ताह युनाइटेड कप जीतकर अपनी तैयारियां पुख्ता की। अमेरिका के ही 20 बरस के एलेक्स मिचेलसेन ने 2023 आस्ट्रेलियाई ओपन उपविजेता स्टेफानोस सिटसिपास को पहले ही दौर में 7-5, 6-3, 2-6, 6-4 से हराकर उलटफेर कर दिया। गाफ का सामना अब ब्रिटेन की जोडी बराज से होगा।

# मुझ में जीत की भूख बरकरार, अभी काफी कुछ हासिल करना है : सिंधू

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंडोनेशिया के अनुभवी कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा की देखरेख में अभ्यास शुरू करने वाली दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने कहा कि करियर के इस चरण में उनके पास सफलता हासिल करने के लिए अभी काफी जज्बा बाकी है। हैदराबाद की इस 29 साल की पूर्व विश्व चैंपियन ने पिछले दो साल में कई कोच के साथ काम किया है लेकिन उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली। इसमें पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने से विफल रहना भी शामिल है। पिछले महीने अपनी शादी के बाद मलेशिया ओपन से चूकने के बाद इंडिया ओपन सुपर 750 में वापसी करने वाली सिंधू ने कोच इरवानस्याह की देख-रेख में अभ्यास शुरू कर दिया। इंडोनेशिया के इस कोच को जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी गिंटिंग जैसे पुरुष एकल खिलाड़ियों के करियर को संवारने का श्रेय दिया जाता है। सिंधू ने इंडिया ओपन की पूर्व संध्या पर कहा, मैं अभी बेंगलुरु में कोच इरवानस्याह



के देखरेख अभ्यास कर रही हूं। अभी डेढ़ सप्ताह ही हुए हैं। मूल रूप से वह महिला एकल कोच हैं और साथ ही वह कुछ युवा लड़कों को भी प्रशिक्षित कर रहे हैं। मैं उनके साथ काम जारी रखना चाहती हूं। उन्होंने कहा, कोच और खिलाड़ी के बीच समझ काफी अहम होती है। इसमें समय लगेगा। हमें एक-दूसरे की सोच को समझने के लिए कुछ अभ्यास सत्रों की आवश्यकता होगी। भारत की इस शीर्ष महिला खिलाड़ी ने कहा, मैंने उसके बारे में बहुत कुछ सुना है और मुझे लगा कि वह मेरे लिए सही कोच है। जिस तरह से वह प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को लेकर जिस तरह से योजना बनाते हैं वह शानदार है।

### रणजी शिविर की जगह आईपीएल टीम से जुड़ने से रावत की बढ़ी मुश्किलें

नयी दिल्ली। दिल्ली के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज अनुज रावत अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे राज्य टीम के रणजी शिविर को छोड़कर सोमवार को सूरत में अपनी नयी आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) टीम गुजरात टाइटंस के अभ्यास सत्र में शामिल हुए। दिल्ली को रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण में अगले दौर के अपने मैच राजकोट में सौराष्ट्र का सामना करना है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारी जब खिलाड़ियों से लाल गेंद प्रारूप को प्राथमिकता देने की अपेक्षा कर रहे हैं तब रावत का रणजी सत्र के दूसरे चरण से एक सप्ताह पहले आईपीएल शिविर में भाग लेना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि उनकी प्राथमिकताएं क्या हैं। गुजरात टाइटंस से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, गुजरात टाइटंस सूरत में एक प्रशिक्षण शिविर के साथ आईपीएल 2025 के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। अनुज रावत, इशांत शर्मा, जयंत यादव, कुमार कुशाग्र, महिपाल लोमरोर और अरशद खान जैसे खिलाड़ियों के साथ कोच और स्पोर्ट स्टाफ से जुड़े लोग इस शिविर में शामिल हुए है।

# भारत ने उतारा सबसे बड़ा दल, नजरें सात्विक और चिराग पर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय **बैडमिंटन** के युगल विशेषज्ञ चिराग शेट्टी ने सोमवार को कहा कि जाने-माने कोच तैन किम हर के साथ दोबारा जुड़ने के बाद से अधिक खिताब जीतने के लिए उनका ध्यान अपने रक्षात्मक खेल को मजबूत करने पर है।

चिराग और पुरुष युगल के उनके साथी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी का लक्ष्य अधिक स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने के साथ विश्व टूर फाइनल्स सहित प्रमुख खिताब जीतना है। सात्विक और चिराग की जोड़ी बनाने का श्रेय तैन को ही जाता है जो 2015 से 2019 तक भारतीय बैडमिंटन के कोचिंग टीम का अहम हिस्सा थे। मलेशिया के इस युगल विशेषज्ञ ने पिछले महीने इस भारतीय जोड़ी के साथ अपनी दूसरी पारी शुरू की। चिराग ने कहा कि जब वे युवा खिलाड़ी थे तो तैन ने उनका मार्गदर्शन किया था लेकिन अब वे कोच से ज्यादा बातचीत करना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, तैन का पांच-छह साल के अंतराल पर फिर से हमारा कोच बनना अच्छी बात है। हमारी उपलब्धियों का श्रेय उन्हें जाता है। उन्होंने जब हमारे साथ जोड़ी बनाई थी



तब हम तब युवा खिलाड़ी थे। अब काफी कुछ बदल गया है और अब चीजें हम सभी के संवाद से तय होती हैं। उन्होंने कहा, हम अब स्थापित खिलाड़ी की तरह हैं, इसलिए हम चर्चा करते हैं कि हमें क्या करने की ज़रूरत है। एक कोच के तौर पर वह अपनी राय साझा करते हैं। तैन की वापसी के बाद चिराग रक्षात्मक और नेट के इस्तेमाल में सुधार करने पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह छोटे बदलाव हैं लेकिन वास्तव में काफी मायने रखते हैं। हर कोई जानता है कि स्मैश कैसे लगाना है, लेकिन खेल में छोटी-छोटी बारीकियों और रणनीति पर ध्यान देने की जरूरत है। मुझे लगता है कि हम तैन के साथ इस पर काम करेंगे, विशेष रूप से अपने रक्षात्मक खेल में सुधार करेंगे। हमारा रक्षात्मक खेल अच्छा है लेकिन अभी तक दुनिया में सर्वश्रेष्ठ नहीं है। चिराग और सात्विक पिछले दो वर्षों में भारत के सबसे सफल बैडमिंटन खिलाड़ी रहे हैं।

यह जोड़ी 2024 में चार टूर्नामेंटों के फाइनल में पहुंची और दो खिताब जीतने में सफल रही। भारतीय जोड़ी पिछले दो टूर्नामेंटों (2024 चाइना मास्टर्स और इस साल मलेशिया सुपर 1000) के सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन चिराग इससे संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने कहा, हम लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हमने लंबे अंतराल के बाद वापसी की और पिछले दो टूर्नामेंटों में सेमीफाइनल तक पहुंचना भी अप्रत्याशित था। मलेशिया में भी हमने कुछ अच्छी जीत हासिल की लेकिन सेमीफाइनल में हार गए। आप हर टूर्नामेंट में जीतने के लिए जाते हैं और मैं यह नहीं कहूंगा कि हम सिर्फ सेमीफाइनल में पहुंचने से संतुष्ट हैं। पिछले सत्र में पेरिस ओलंपिक के कारण चोट से बचने के लिह भारतीय जोड़ी ने कम टूर्नामेंटों में भाग लिया था लेकिन चिराग इस सत्र में अधिक टूर्नामेंटों में खेलकर विश्व टूर फाइनल्स में अपनी जगह पक्की करना चाहते हैं। चिराग ने कहा, हमने पिछले साल बहुत कम टूर्नामेंट खेले, 10 से भी कम। हमें उम्मीद है।

# आईपीएल का 18वां सीजन 21 मार्च से, सात से डब्लूपीएल




एजेंसी

मुंबई। आईपीएल 2025 का पहला मैच 21 मार्च को कोलकाता में खेला जाएगा। यहीं 25 मई को टूर्नामेंट का फाइनल भी होगा। आईपीएल के 18वें सीजन में 10 टीमों के बीच 74 मैच खेले जाएंगे। वहीं, विमेंस प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) का तीसरा सीजन 7 फरवरी से शुरू होकर 2 मार्च तक चलेगा। इस बार का टूर्नामेंट 2 की बजाय 4 वेन्यू पर खेला जाएगा। क्रिकइन्फो की रिपोर्ट अनुसार आईपीएल कमेटी ने सभी फ्रेंचाइजी को टूर्नामेंट शुरू होने की डिटेल भेज दी है, जिससे कि वे खिलाड़ियों को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दें। कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल की डिफेंडिंग चैंपियन है, टीम ने फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया था।

चैंपियंस ट्रॉफी के कारण देर से शुरू होगा टूर्नामेंट नवंबर में आईपीएल का मेगा ऑक्शन हुआ। जिसके बाद कमेटी ने सभी टीमों को अगले 3 साल का संभावित शेड्यूल बताया था। जिसके हिसाब से इस बार का टूर्नामेंट 15 मार्च से 25 मई तक होना था। हालांकि 9 मार्च को कउउ चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल खेला जाएगा। इसलिए प्लेयर्स को आराम देने के लिए बीसीसीआई ने आईपीएल शुरू होने की तारीख को एक सप्ताह के लिए बढ़ा दिया। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक पाकिस्तान और यूएई में खेली जाएगी।

इसके 2 सप्ताह बाद आईपीएल शुरू होगा। अगर टीम इंडिया फाइनल में पहुंची तो भी प्लेयर्स के पास रेस्ट के लिए अच्छा-खासा समय रहेगा। डिफेंडिंग चैंपियन के घर में पहला मैच आईपीएल में परंपरा रही है कि डिफेंडिंग चैंपियन टीम के होमग्राउंड पर अगले सीजन का पहला और फाइनल मैच खेला जाता है। 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स ने चेन्नई में खिताब जीता था। इसलिए अब कोलकाता में ओपनिंग और फाइनल मैच होगा। हालांकि केकेआर का सामना ओपनिंग मैच में किस टीम से होगा, यह अब तक सामने नहीं आया है। 18वें सीजन में 74 मैच होंगे 2025 में आईपीएल का 18वां सीजन होगा, टूर्नामेंट 2008 में शुरू हुआ था और तब से हर साल खेला जा रहा है। 18वें सीजन में 10 टीमों के बीच 74 मैच होंगे, इतने ही मैच 2022 से हर सीजन में खेले जा रहे हैं। 2022 में जब आईपीएल ने अपने ब्रॉडकास्टिंग राइट्स बेचे थे, तब कहा था ।

# इंडो-नेपाल इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भारत का परचम बुलंद

लखनऊ। लखनऊ के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने चंडीगढ़ में आयोजित चतुर्थ इंडो-नेपाल इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप- 2025 में 8 स्वर्ण व 3 रजत पदक जीतकर अपना परचम लहराया। इसमे दिव्य राजवंश ने दोहरे स्वर्ण पदक जीते। यह चैंपियनशिप चंडीगढ़ के सेक्टर- 56 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 11 व 12 जनवरी, 2025 को आयोजित की गई थी। चैंपियनशिप में पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता रानी (एसपी, एशियाड स्वर्ण पदक विजेता एथलीट, पद्मश्री, अर्जुन पुरस्कार, महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार) द्वारा किया गया। लखनऊ के ये पदक विजेता खिलाड़ी वर्तमान समय में ऑक्सफोर्ड ताइक्वांडो अकादमी में मास्टर अतुल यादव से ताइक्वांडो प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। चैंपियनशिप के पदक विजेता खिलाड़ियों में क्योरगी में दिव्य राज वंश ने सब जूनियर अंडर-18 किग्रा व अनुभव तिवारी ने सब जूनियर अंडर-25 किग्रा में स्वर्ण पदक जीते।

**8 स्वर्ण सहित जीते 3 रजत, लखनऊ के दिव्य राजवंश ने जीते दोहरे स्वर्ण पदक**




इसके अलावा कुणाल यादव ने सब जूनियर अंडर-31 किग्रा व सिद्धार्थ सिंह ने सब जूनियर अंडर-28 किग्रा में रजत पदक जीते। पूमसे इवेंट में दिव्य राज वंश, संस्कार शुक्ला, मयंक तिवारी, आशुतोष मिश्रा ने सब जूनियर में स्वर्ण, आकांक्षा विश्वकर्मा ने सीनियर वर्ग में स्वर्ण जबकि अक्षज वर्मा ने कैडेट वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। आनंद तिवारी को सब जूनियर वर्ग में रजत पदक मिला। पदक विजेताओं को लखनऊ पब्लिक स्कूल आनंद नगर शाखा की प्रधानाचार्या श्रीमती मीना तिवारी व सभी शिक्षक गणों सहित ऑक्सफोर्ड ताइक्वांडो अकादमी के तकनीकी निदेशक इरफान शेख और मुख्य कोच व निदेशक अतुल यादव ने बधाई दी।




# महाकुंभ 2025 का दिव्य आयोजन एक चमत्कार

## महाकुंभ : पौष पूर्णिमा पर संगम में डुबकी लगाने वालों में विदेश से आये तीर्थयात्री भी शामिल

विशेष संवाददाता

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ-2025 की शुरुआत सोमवार को पौष पूर्णिमा के साथ हुई, जिसने प्रयागराज के संगम को आस्था, संस्कृति और मानवता के जीवंत केंद्र में बदल दिया।

पवित्र जल में डुबकी लगाने वाले लाखों तीर्थयात्रियों में विदेश से आए श्रद्धालु भी शामिल थे, जिन्होंने इस दिव्य आयोजन के चमत्कार का अनुभव किया। अमेरिकी सेना का हिस्सा रह चुके माइकल, जो अब बाबा मोक्षपुरी के नाम से जाने जाते हैं, ने जूना अखाड़े से जुड़ने की अपनी यात्रा साझा की। उन्होंने कहा कि मैं एक साधारण व्यक्ति था, जिसका अपना परिवार और करियर था। लेकिन मुझे एहसास हुआ कि जीवन में कुछ भी स्थायी नहीं है और मैं मोक्ष की तलाश में निकल पड़ा। मैंने अपना जीवन सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित कर दिया। माइकल ने कहा कि प्रयागराज में यह मेरा पहला महाकुंभ है। यहां का आध्यात्मिक अहसास असाधारण और बेजोड़ है। महाकुंभ ने विदेशियों के एक विविध समूह को भी आकर्षित किया है, जिसमें इस धार्मिक आयोजन को फिल्माने वाले दक्षिण कोरियाई यूट्यूबर से लेकर परंपराओं की गहरी समझ हासिल करने की ललक रखने वाले जापानी पर्यटक तक शामिल हैं। स्पेन की क्रिस्टीना ने इस आयोजन की भव्यता पर विस्मय व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह एक अद्भुत पल है। मैं पहली बार इतने भव्य और अलौकिक आयोजन की गवाह बन रही हूं। एक अन्य विदेशी आगंतुक जूली ने संगम में डुबकी लगाकर एक अजब-सा आध्यात्मिक सुकून मिलने की बात कही। उन्होंने पीटीआई वीडियो से कहा कि मैं पवित्र जल में डुबकी लगाने का अवसर पाकर कृतज्ञ महसूस कर रही हूं। मुझमें पूर्णता का जो भाव जगा है, उसे मैं शब्दों में नहीं बयां कर सकती। इटली से आने वाली वेलेरिया ने महाकुंभ के आध्यात्मिक वातावरण को अद्भुत और रोमांचक करार दिया। हालांकि, उन्होंने और उनके पति मिखाइल ने ठंडे मौसम के कारण पवित्र जल में डुबकी नहीं लगाई। मिखाइल ने मजाकिया लहजे में कहा कि मेरी पत्नी ने मुझे धमकी दी कि अगर मैंने संगम में डुबकी लगाई, तो वह मुझे छोड़ देगी, क्योंकि पानी बहुत ठंडा है दंपति ने कहा कि ठंड कम होने पर वे एक बार फिर महाकुंभ में आने की कोशिश करेंगे। पहली बार महाकुंभ में पहुंचे ब्राजील के योग साधक शिकू ने मोक्ष की खोज को अपनी यात्रा का मकसद बताया।



# महाकुंभ में बिछड़े 250 से अधिक लोग अपनों से मिले

विशेष संवाददाता



**महाकुंभ नगर।** प्रयागराज में सोमवार को महाकुंभ के प्रथम स्नान पर्व पर तड़के घने कोहरे के बीच भारी भीड़ में अपनों से बिछड़े 250 से अधिक लोगों को मेला प्रशासन ने भूले-भटके शिविर के माध्यम से उनके परिजनों से मिलवाया।

मेले में उमड़ने वाली भारी भीड़ को संभालने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने भूले-भटके शिविर सहित कई भीड़ नियंत्रण पहल की है। इसके अलावा, पुलिस सहायता केंद्र भी स्थापित किए गए हैं और मेले के लिए विशेष रूप से वॉच टावर लगाए गए हैं। भूले-भटके शिविरों में बिछड़ी महिलाओं और बच्चों के लिए समर्पित खंड के साथ खोया-पाया केंद्र भी स्थापित किए गए हैं, जो डिजिटल टूल और सोशल मीडिया सहायता से युक्त हैं। वहीं, घाटों पर लगाए गए लाउड स्पीकर से लापता लोगों के बारे में लगातार घोषणा की जा रही है, जिससे बिछड़ों को उनके परिजनों से मिलाने में मदद मिल रही है। उत्तर प्रदेश नागरिक सुरक्षा के वार्डन नितेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि नागरिक सुरक्षा विभाग और मेला अधिकारियों की निगरानी में सैकड़ों परिवारों को मिलाया गया। स्नान शुरू होने के महज डेढ़ घंटे में नागरिक सुरक्षा विभाग के लोग करीब 200-250 लोगों को उनके परिजनों से मिलाने में सफल रहे।

# संगम पर स्पेनिश, जर्मन, रशियन और फ्रेंच में गूंजे जय श्री राम, हर हर गंगे के जयकारे

## विश्व की आस्था का केंद्र और विश्व एकता का प्रतीक बना महाकुंभ

विशेष संवाददाता

महाकुम्भनगर। महाकुम्भनगर भारत ही नहीं, विश्व की आस्था का केंद्र बन गया है। यहां देश के विभिन्न राज्यों के साथ ही अमेरिका, रूस, जर्मनी, इटली, इक्वाडोर समेत तमाम देशों के लोग सनातन संस्कृति से अभिभूत नजर आए। सभी ने संगम में डुबकी लगाई और माथे पर तिलक लगाकर संगम की रेती पर निकल पड़े। इस दौरान स्पेनिश, जर्मन, रशियन और फ्रेंच समेत कई विदेशी भाषाओं में जय श्री राम और हर हर गंगे के जयकारों से संगम का वातावरण गूंज उठा।



**संगम घाट बना वर्ल्ड हॉटस्पॉट**

महाकुम्भ का संगम घाट इस बार दुनिया के लिए बड़ा आकर्षण का केंद्र बना गया है। देश के साथ ही विदेशी श्रद्धालुओं ने भी इसे आध्यात्मिक अनुभव का केंद्र बताया है। जर्मनी की रहने वाली क्रिस्टीना ने बताया कि यहां आकर आत्मा को शांति मिलती है। मैंने महाकुम्भ के बारे में सुना जरूर था, लेकिन यहां आकर ऐसा लगा कि यह अनुभव अविस्मरणीय है। क्रिस्टीना का जन्म इक्वाडोर में हुआ था। बाद में इनके माता पिता जर्मनी में बस गए। इक्वाडोर के निवासी उनके साथी भी भारत की आध्यात्मिकता से अभिभूत नजर आए। उनका कहना था कि गंगा में डुबकी लगाकर ऐसा महसूस हुआ, जैसे सभी पाप धुल गए हों।

**न्यूयॉर्क के हेल्परिन ने समझी भारतीय संस्कृति की गहराई**

न्यूयॉर्क से आए फैशन डिजाइनर कॉबी हेल्परिन ने कहा, भारत की संस्कृति और परंपराओं को इतने भव्य रूप में देखना मेरे लिए एक नया अनुभव है। महाकुम्भ ने मुझे भारतीय संस्कृति को गहराई से समझने का अवसर दिया। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी प्रेरणादायक है। यहां आकर उन्हें गौरव का अहसास हो रहा है।

**रूस के मिखाइल के लिए जीवन का सबसे खूबसूरत मौका**

रूस से आए मिखाइल और उनके दोस्तों ने संगम घाट पर गंगा स्नान कर हर हर गंगे के जयकारे लगाए। उन्होंने कहा, मैंने महाकुम्भ के बारे में पढ़ा था, लेकिन यहां आकर इसकी विशालता और दिव्यता को महसूस करना मेरे जीवन का सबसे खूबसूरत अनुभव है। यह हम सभी के लिए कभी न भूलने वाला क्षण है।

# मोदी-योगी के कट-आउट के साथ सेल्फी लेने की लगी होड़

विशेष संवाददाता

**महाकुंभ नगर।** प्रयागराज में संगम तट पर सोमवार को महाकुंभ के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के मौके पर उमड़ी भीड़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कट-आउट के साथ सेल्फी लेने की होड़ दिखी। प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ मेला 26 फरवरी को समाप्त होगा।

जिसमें लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम में डुबकी लगाने की उम्मीद है। पौष पूर्णिमा के मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा सेल्फी लेने के लिए नंदी द्वार पर एकत्र हुए। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, संगम तट पर उमड़ी भीड़ में मोदी और योगी के कट-आउट के साथ सेल्फी लेने और फोटो खिंचवाने की होड़ दिखाई दी। मध्य प्रदेश के उज्जैन से आए ब्रजेश शर्मा ने कहा कि वह मोदी और योगी के प्रशंसक हैं तथा दोनों नेताओं के कट-आउट ने उन्हें आकर्षित किया। शर्मा ने बताया कि उनके पूरे परिवार ने मोदी और योगी के कट-आउट के साथ सेल्फी ली। महाराष्ट्र के पुणे से आई सुगन्मा ढिप्पो ने कहा कि यहां महाकुंभ मेले में काफी अच्छी व्यवस्थाएं हैं। नंदी द्वार पर हमने मोदी जी और योगी जी का काफी आकर्षक कट-आउट लगा देखा, तो उसके साथ सेल्फी ली। दिल्ली की सुनीता स्वामी ने कहा कि महाकुंभ मेले में हमें मोदी और योगी का इतना आकर्षक कट-आउट दिखाई दिया, तो हमने उसके साथ सेल्फी ली। हमारा पूरा परिवार इन नेताओं की कार्यशैली का मुरीद है। कौशांबी से आए मनोज कुमार सिंह ने भी दोनों नेताओं के कट-आउट के साथ सेल्फी ली और कहा कि योगी जी और मोदी जी ने महाकुंभ मेले में काफी अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित की है।



# सपाइयों के बीच आकर्षण का केंद्र बना मुलायम सिंह शिविर

विशेष संवाददाता

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ के सेक्टर-16 में संगम लोअर मार्ग पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत मुलायम सिंह यादव की याद में स्थापित शिविर समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बन गया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सपा नेता और समर्थक शिविर में पहुंचकर मुलायम को श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

मुलायम सिंह यादव स्मृति सेवा संस्थान के नाम से शिविर लगाने वाले सपा नेता संदीप यादव ने बताया कि अखबारों में इस शिविर के बारे में पढ़कर बड़ी संख्या में लोग यहां आ रहे हैं। यादव ने दावा किया कि पिछले दो दिनों में पांच से सात हजार लोग इस शिविर में आकर मुलायम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर चुके हैं। शिविर में प्रवेश करते ही एक बड़ा-सा होर्डिंग दिखता है, जिस पर मुलायम के गंगा स्नान और पूजा-अर्चना करने की तस्वीर छपी हुई है। शिविर की दीवार पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कला संकाय के छात्रों ने मुलायम की छवि उकेरी है। वर्ष 2022 में इलाहाबाद उत्तर सीट से विधानसभा चुनाव लड़ चुके संदीप यादव ने बताया कि पार्टी से जुड़े एक सदस्य ने मुलायम की याद में बनाए गए शिविर के लिए स्विस कॉटेज दान किया, जिसमें कुछ श्रद्धालुओं को ठहरने की सुविधा भी दी जा रही है और उनके लिए सुबह से ही पूड़ी-सब्जी का भंडारा लगाया जा रहा है। अलीगढ़ से मेरे साथ छह महिलाओं समेत कुल 25 लोग संगम में डुबकी लगाने के लिए आए हैं।



## इंटरटेनमेंट...

# ‘धूम 4’ के लिए लुक बदलेंगे रणबीर कपूर



**मुंबई।** रणबीर कपूर के खाते में अपकमिंग मेगा बजट फिल्म धूम 4 आ चुकी है। एक्टर ने इस फिल्म की तैयारी भी शुरू कर दी है। रिपोर्ट्स हैं कि फिल्म धूम 4 के लिए रणबीर कपूर पूरी तरह से लुक ट्रांसफॉर्म करेंगे। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल अप्रैल में शुरू होने वाली है।

हाल ही में आई इंडिया टुडे की रिपोर्ट में फिल्म से जुड़े सूत्रों के हवाले से लिखा गया है, रणबीर कपूर को फिल्म धूम 4 में नया लुक रखना होगा और उसे शुरू करने से पहले वो अपने 2 मौजूदा प्रोजेक्ट्स पूरे करने वाले हैं। धूम 4 की शूटिंग को अप्रैल 2026 में शुरू करने की प्लानिंग है। प्रोडक्शन टीम फिलहाल फिल्म के लिए 2 फीमेल लीड को लॉक करने की कोशिश कर रही है। फिल्म के लिए साउथ इंडस्ट्री की एक्ट्रेस को कंसिडर किया जा रहा है। कुछ समय पहले ही सामने आया था कि आदित्य चोपड़ा धूम फ्रेंचाइजी की 3 कामयाब फिल्मों के बाद इस फ्रेंचाइजी को आगे ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म को आयान मुखर्जी डायरेक्ट कर सकते हैं, वहीं विजय कृष्ण आचार्य इस फिल्म से बतौर राइटर जुड़े हैं।

इससे पहले विजय कृष्ण आचार्य ने साल 2013 में आई धूम 3 को डायरेक्ट भी किया था। बताते चलें कि धूम फ्रेंचाइजी की 3 फिल्में, धूम, धूम 2 और धूम 3 रिलीज हो चुकी हैं। पहली फिल्म में अभिषेक बच्चन, जॉन अब्राहम, उदय चोपड़ा अहम किरदारों में थे, जबकि दूसरी फिल्म धूम 2 में अभिषेक बच्चन, ऋतिक रोशन और ऐश्वर्या राय लीड रोल में थे। साल 2013 में रिलीज हुई धूम 3 में आमिर खान ने डबल रोल निभाया था, जबकि उनके साथ कटरीना कैफ भी थीं।

आने वाले सालों में रणबीर कपूर कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाले हैं। फिलहाल उनके पास नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही मेगाबजट फिल्म रामायण है, जिसमें वो भगवान श्री राम का रोल प्ले करेंगे। फिल्म रामायण से रणबीर कपूर का लुक भी सामने आ चुका है। फिल्म रामायण से रणबीर कपूर का लुक भी सामने आ चुका है। इसके अलावा वो संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल पार्क में भी नजर आने वाले हैं।

# मोहब्बतें एक्ट्रेसेस के डांस से नाखुश थीं फराह खान



**मुंबई।** कोरियोग्राफर और डायरेक्टर फराह खान हाल ही में अपने व्लॉग के सिलसिले में एक्ट्रेस अर्चना पूरन सिंह और परमीत सेठी के मड आइलैंड स्थित घर पहुंची थीं।

इस होम विजिट का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें फराह खान मोहब्बतें एक्ट्रेसेस के खराब डांस पर बात करती नजर आई हैं। उन्होंने बताया है कि एक्ट्रेसेस इतनी खराब थीं कि उनके सामने वो अर्चना को माधुरी और श्रीदेवी कहती थीं। फराह खान ने साल 2000 में रिलीज हुई मल्टीस्टारर फिल्म मोहब्बतें में डांस कोरियोग्राफी की थी। इस पर बात करते हुए फराह ने अपने व्लॉग में कहा है, मोहब्बतें में तीन लड़कियां और अर्चना थीं। शमिता शेट्टी तो अच्छी डांसर थीं, लेकिन बाकी के जो थे, सोचिए कि मैं अर्चना को माधुरी और श्रीदेवी कहती थी। तो आप सोच सकते हैं कि वो लोग कितने खराब थे। इस पर अर्चना पूरन सिंह ने कहा है, मैं शॉक थी कि फराह मुझे क्यों आगे बुला रही है। मुझे लगा कि मुझे डांटने के लिए आगे बुलाया है। लेकिन उन्होंने कहा, तुम यहां फ्रंट में खड़ी होकर डांस करो। फराह कह रही थीं, वो तीनों खराब डांस कर रही हैं।

# अमिताभ बच्चन ने जलसा के बाहर फैंस से की मुलाकात

मुंबई। अमिताभ बच्चन हर रविवार अपने घर जलसा के बाहर आकर फैंस से मिलते हैं। इस दौरान अक्सर उनके साथ परिवार का कोई न कोई सदस्य भी दिखाई दे जाता है।

इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ। बिग बी अपने फैंस का अभिवादन कर रहे थे, तभी उनके बेटे अभिषेक बच्चन भी बालकनी में खड़े नजर आए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वीडियो पर फैंस कमेंट करते हुए ऐश्वर्या के बारे में पूछते नजर आए। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन अपने घर के गेट पर खड़े होकर फैंस से मिल रहे हैं। इस दौरान वह कभी हाथ हिलाकर, तो कभी हाथ जोड़कर अपने फैंस का अभिवादन कर रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर अभिषेक बच्चन भी बालकनी में खड़े हुए नजर आए। इस दौरान वह अपने पिता अमिताभ बच्चन और फैंस को प्यार से निहारते हुए दिखाई दिए।



# बोल्डनेस के कारण तृप्ति को ‘आशिकी-3’ से नहीं निकाला

मुंबई। फिल्म आशिकी 3 से तृप्ति डिमरी को निकाले जाने पर अब डायरेक्टर अनुराग बसु ने अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने साफ किया कि तृप्ति को फिल्म से उनकी बोल्डनेस के कारण नहीं निकाला गया है। यह बात खुद तृप्ति को भी पता है। दरअसल, कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि फिल्म से तृप्ति को उनकी बोल्ड इमेज के चलते बाहर किया गया है। सोशल मीडिया पर हो रही बातें झूठी- अनुराग मिड डे से बातचीत के दौरान जब अनुराग बसु से पूछा गया कि क्या फिल्म की डिमांड लीड एक्ट्रेस की मासूमियत के कारण तृप्ति को फिल्म से निकाला गया है। इस पर अनुराग बसु ने कहा, नहीं, यह सच नहीं है।

तृप्ति को भी यह बात पता है। जानें क्या है पूरा मामला? दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि फिल्म एनिमल में जोया के किरदार के बाद तृप्ति डिमरी की बोल्ड इमेज बन गई है। दूसरी ओर आशिकी 3 के लिए मेकर्स को एक ऐसी एक्ट्रेस की तलाश थी जो दिखने में मासूम हो। जबकि अपनी कुछ फिल्मों के कारण तृप्ति ने अपनी मासूमियत खो दी है। इस वजह से वह रोल के लिए फिट नहीं मानी गईं और उन्हें फिल्म से बाहर कर दिया गया। फिल्म के लिए नई एक्ट्रेस की तलाश जारी बताते चलें कि तृप्ति डिमरी के फिल्म आशिकी 3 से बाहर होने के बाद फिलहाल नई हीरोइन का नाम सामने नहीं आया है।






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com